रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास


# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 12

वैशाख शुक्ल पक्ष 11, संवत 2081 | रांची, रविवार, 19 मई 2024, वर्ष-25, अंक-106, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



कुछ दिनों में कांग्रेस विलुप्त व सपा हो जाएगी समाप्त

**सेंसेक्स**
74,005.94 ↑ +342.22

**डॉलर**
83.302 ↓ -0.175

**रांची सर्राफा**
10 ग्राम 73,500
01 किलो 96,500

**आज के मैच**

समय : 7:30 बजे से

स्थान : गुवाहाटी

## आलमगीर आलम के मनी लांड्रिंग के अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की हो जांच

# बांग्लादेश में कई कंपनियों के मालिक हैं आलमगीर के भाई

ब्यूरो रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग में जारी टेंडर कमीशन घोटाले में गिरफ्तार पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के मनी लांड्रिंग से जुड़े अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की जांच की मांग भाजपा ने की है। मालूम हो कि फिलहाल आलमगीर आलम ईडी के रिमांड पर हैं। भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शनिवार को कहा कि पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के एक भाई जहांगीर आलम बांग्लादेश के नागरिक हैं और वहां के अरबपति व्यवसायी हैं। वहां लंबे समय से बांग्लादेश में रह रहे हैं। इस दौरान उन्होंने वहां करोड़ों-अरबों की चल-अचल संपत्ति बनाई है, उनके व्यवसाय में आलमगीर आलम की अवैध कमाई लगे होने की आशंका है। प्रतुल शाहदेव ने बताया कि 90 के दशक में आलमगीर आलम का राजनीतिक उदय हुआ और इसी दौरान उनके भाई जहांगीर आलम बांग्लादेश शिफ्ट हो गए। उनके खाक से शीर्ष तक पहुंचाने की कहानी की गहन जांच होनी चाहिए। प्रतुल ने दावा किया कि जैसे-जैसे आलमगीर आलम का कद बढ़ता गया, वैसे-वैसे उनके भाई का बांग्लादेश में वित्तीय साम्राज्य भी बढ़ता गया। आज वह अरबों रुपयों के मालिक हैं, उनकी राइस, जुट और दवा की कई कंपनियां हैं। प्रतुल ने कहा कि पूर्व मंत्री के पीएम के नौर जहांगीर आलम के प्लैट से करोड़ों रुपए की बरामदगी से आलमगीर आलम के तार सीधे तौर पर जुड़े होने के सबूत ईडी को मिले हैं। ईडी ने अपने रिमांड रिपोर्ट में भी इसका उल्लेख किया है। भाजपा नेता ने ईडी से पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की जांच की मांग की है।




### पीएस संजीव और सहायक जहांगीर तीन दिन के ईडी रिमांड पर

**रांची ।** पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर आलम की रिमांड अवधि समाप्त होने पर शनिवार को रांची स्थित ईडी कोर्ट में पेश किया गया। ईडी ने पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए फिर से तीन दिनों की रिमांड मांगी। इस पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने तीन दिनों की रिमांड की मंजूरी दे दी। ईडी ने संजीव और जहांगीर को छह मई को गिरफ्तार किया था। ईडी की छापेमारी में संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम सहित अन्य के ठिकानों से 35.23 करोड़ रुपये बरामद हुए थे।

## थमा चुनाव प्रचार का शोर

# तीन सीटों पर मतदान कल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण और देश के पांचवें चरण का प्रचार शनिवार की शाम समाप्त हो गया। रविवार को प्रत्याशी और उनके समर्थक डोर टू डोर जनसंपर्क कर सकते हैं। झारखंड की तीन लोकसभा सीटों पर 20 मई सोमवार को मतदान होगा। इनमें कोडरमा, चतरा और हजारीबाग शामिल हैं। मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। इन तीन सीटों पर कुल 54 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें दो महिलाओं के साथ 23 निर्दलीय उम्मीदवार शामिल हैं। इन तीनों सीटों पर पिछले लोकसभा चुनाव में 64-66 प्रतिशत मतदान हुआ था। तीनों सीटों पर पुरुषों से अधिक महिलाओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था। इन सीटों पर 2019 के चुनाव में भाजपा की आंधी चली थी। हजारीबाग में इसके उम्मीदवार जयंत सिन्हा ने 4 लाख 79 हजार 548, कोडरमा में अन्नपूर्णा देवी ने 4 लाख 55 हजार 600 और चतरा में सुनील सिंह ने 3 लाख 77 हजार 871 मतों के भारी अंतर से जीत दर्ज की थी। इस बार इन सीटों पर एनडीए के लिए जहां 2019 की बेमिसाल जीत का रिकॉर्ड दोहराने का चैलेंज है, वहीं विपक्ष के सामने सवाल ये है कि वह यहां अपने पांव जमा पाता है या नहीं? भाजपा ने तीन में से दो सीटों हजारीबाग और चतरा में पिछली बार रिकॉर्ड अंतर से जीत दर्ज करने वाले सांसदों जयंत सिन्हा एवं सुनील सिंह का टिकट इस बार काट दिया है।

*भाजपा ने हजारीबाग और चतरा से उतारे हैं नए चेहरे, कोडरमा में प्रत्याशी दोहराया*




हजारीबाग सीट से 17 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। यहां पर भाजपा के मनीष जायसवाल और कांग्रेस के जेपी पटेल आमने-सामने हैं। दोनों मूलवासी हैं। जहां मनीष जायसवाल का परिवार लंबे समय से हजारीबाग की राजनीति में सक्रिय है वहीं जेपी पटेल के पिता झामुमो के दिग्गज नेता व कई बार सांसद व विधायक रहे थे।

**2019**

*में चला था 'भाजपा का तूफान', इन तीनों सीटों को बचाने की बड़ी चुनौती*




कोडरमा से 15 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। इस सीट से भाजपा की अन्नपूर्णा देवी और सीपीआई एमएल के विनोद सिंह आमने-सामने हैं। पिछली बार अन्नपूर्णा देवी ने यहां झारखंड विकास मोर्चा के सुप्रीमो बाबूलाल मरांडी को हराया था। अब बाबूलाल मरांडी भाजपा में हैं और वह अन्नपूर्णा देवी के लिए वोट मांग रहे हैं।

*इंडी गठबंधन से तीनों सीटों पर नए चेहरे कोडरमा में सीपीआई एमएल के विनोद सिंह*




चतरा लोकसभा सीट पर सबसे अधिक 22 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। यहां पर कांग्रेस के केएन त्रिपाठी और भाजपा से कालीचरण सिंह आमने-सामने हैं। केएन त्रिपाठी डालटनगंज के पूर्व विधायक हैं। वह भी खुद को चतरा संसदीय क्षेत्र का असली मूलवासी बताते हैं जबकि कालीचरण चतरा के मूल निवासी हैं।



गांडेय उपचुनाव

## झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने किया रोड शो

नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह ।** गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने शनिवार को बेंगाबाद के विभिन्न गांवों में रोड शो किया। इस दौरान उन्हें देखने को लिए लोगों का जनसमूह उमड़ पड़ा। कल्पना ने भी सभी का हाथ जोड़कर अभिवादन किया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। इससे पहले जब कल्पना सोरेन गिरिडीह पहुंचीं तो झामुमो कार्यकताओं ने सोनबाद शिव मंदिर के पास उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद मुखिया चमेली देवी के नेतृत्व में कई महिलाएं उनसे मिलीं और अपनी समस्याएं साझा की। इस दौरान सभी महिलाएं उनसे मिलकर बेहद खुश दिखाई दीं और उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया।

## एक नजर

### अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से दो महिलाओं की मौत

**गिरिडीह।** जिले के गावां थाना क्षेत्र के परसौनी में अवैध माइका खनन के दौरान चाल धंसने से दो महिलाओं की मौत हो गई जबकि एक महिला घायल हो गई। मृतकों की पहचान बिहार के गोविंदपुर थाना क्षेत्र निवासी फुलवा देवी और गावां थाना क्षेत्र के बिरने निवासी टुनी देवी के रूप में हुई है। घायल महिला परसौनी निवासी गीता देवी है। माइका तस्करों ने मामले को दबाने का भरपूर प्रयास किया लेकिन पुलिस के संदेह के कारण मामला सामने आ गया। बताया गया कि शुक्रवार की रात दोनों मृत महिलाओं के शव को माइका तस्कर बाइक से लेकर भाग रहे थे। इसी बीच पुलिस गश्ती वाहन की नजर उन पर पड़ी। बाइक पर सवार लोग पुलिस को देखते ही इधर-उधर भागने लगे। जब पुलिस को शक हुआ तो उन्होंने बाइक सवार युवकों का पीछा किया। पीछा करने पर वे दोनों शवों को बाइक के साथ छोड़कर भाग निकले। इसके बाद पुलिस ने बिरने गांव के पास से दोनों महिलाओं के शवों और बाइक को बरामद कर लिया।

## आज | कल




## सरकार बनी तो जीएसटी का सरलीकरण : राहुल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को दिल्ली में एक जनसभा की। इस दौरान राहुल गांधी ने दिल्ली में 'आप' और कांग्रेस गठबंधन के लिए वोट मांगते हुए कहा कि हाथ के निशान में झाड़ू है। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी सरकार आने पर वह सबसे पहले अग्निवीर योजना बंद करेंगे। जीएसटी का सरलीकरण किया जाएगा। जीएसटी में पांच अलग-अलग प्रकार के टैक्स नहीं होंगे, केवल एक टैक्स होगा और वह भी कम से कम टैक्स होगा। चांदनी चौक और देश के छोटे व्यापारियों को बैंक लोन देंगे। उन्होंने कहा कि मेड इन चाइना का मुकाबला मेड इन चांदनी चौक करेगा। यह जनसभा चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आयोजित की गई थी। इस दौरान दिल्ली से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस के तीनों प्रत्याशी चांदनी चौक से जयप्रकाश अग्रवाल, उत्तर पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार और उत्तर-पश्चिमी दिल्ली से उम्मीदवार उदित राज मौजूद रहे। जनता से वोट की अपील करते हुए कहा कि दिल्ली की 7 सीटों में से तीन सीटों पर हाथ के निशान को वोट दीजिए और बाकी की चार सीटों पर झाड़ू के निशान पर वोट डालिए।

## दिल्ली को तबाह करने में जुटा है इंडी गठबंधन : पीएम

### जो भ्रष्टाचार मिटाने आए थे, अब हजारों करोड़ के घोटाले में जेल के चक्कर लगा रहे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में शनिवार को जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस व आप पर जमकर निशाना साधा। कहा, केंद्र सरकार जहां दिल्ली के हर गरीब और मध्यम वर्ग के व्यक्ति के जीवन को आसान बनाने का प्रयास कर रही है वहीं दूसरी तरफ इंडी गठबंधन दिल्ली को तबाह करने में जुटा है। ये लोग लगातार राजनीति का पतन करने के लिए और करोड़ों देशवासियों का भरोसा तोड़ने के लिए जिम्मेदार हैं। कहा, ये लोग दिल्ली को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ते। ये भ्रष्टाचार मिटाने के नाम पर आए थे और अब हजारों करोड़ के घोटाले में जेल के चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तो अब पूरी तरह से एक्सपोज हो गई है। पहले कांग्रेस वाले शराब घोटाले को लेकर तूफान मचाए रहते थे, फिर शाही परिवार के कहने पर कांग्रेस ने भ्रष्टाचारियों को गले लगा लिया, जिसकी वजह से कांग्रेस के स्थानीय नेताओं को भी समझ नहीं आ रहा कि करें तो क्या करें? पीएम मोदी ने कांग्रेस और आप के गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि दिल्ली और हरियाणा में दोस्ती और पंजाब में कुश्ती, यह ढोंग कब तक चलेगा? दुनिया देख रही है कि कैसे एक भ्रष्टाचारी दूसरे भ्रष्टाचारी को कवर दे रहा है। उन्होंने गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक जमाना था, जब कांग्रेस पूरे देश पर राज करती थी। कांग्रेस की 4 पीढ़ियों ने दिल्ली पर राज किया, लेकिन आज इनमें दिल्ली की 4 सीट पर लड़ने की ताकत नहीं रही। लेकिन फिर भी कांग्रेस का घमंड नहीं टूटा है। उन्होंने विकसित भारत के लिए अपने संकल्पों को लोगों के सामने रखते हुए कहा कि देश में एक मजबूत सरकार की जरूरत है और इसके लिए उन्हें मजबूत साथियों की जरूरत है, इसलिए दिल्ली के लोगों को हर बूथ में कमल खिलाकर भाजपा के सभी सातों उम्मीदवारों को विजयी बनाना होगा।



**2024**

*का चुनाव गरीब और मध्यम वर्ग के जीवन को आसान बनाने, उनके जीवन में खुशियां लाने, भारत के युवाओं के लिए नए अवसर बनाने और मजबूत भारत बनाने का चुनाव है।*

## इंडिया




सुनील बादल

*नेहरू ने खुद बटन नहीं दबाया और नई परंपरा की शुरुआत करते हुए बांध बनाने वाली मजदूर बुधनी से उद्घाटन कराया*

## अनजाने में नेहरू ने आदिवासी लड़की का जीवन नर्क बना दिया था

पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को कुछ लोग बड़े विद्वान और विश्व स्तर का लेखक बताते थे क्योंकि समृद्ध परिवार से आनेवाले नेहरू ने विदेशों में पढ़ाई की थी और विदेशी संस्कृति का बहुत ज्ञान था । पर सनातन भारत की प्राचीन मान्य गंधर्व विवाह परंपरा जिसे आदिवासी समुदाय भी मानता था की जानकारी न होने से उन्होंने एक युवा आदिवासी महिला बुधनी मंझियाईन का जीवन नर्क बना दिया था ।आजादी के बाद झारखंड के पंचेत (धनबाद) में बने पंचेत बांध के उद्घाटन के लिए 6 दिसंबर, 1959 को प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के स्वागत के लिए दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) ने 15 साल की एक आदिवासी लड़की बुधनी मंझिआईन का चयन किया था । बुधनी के साथ इस काम के लिए मंच पर थे रावोण मांझी । इन दोनों ने पंचेत बांध के निर्माण में मजदूरी की थी। नेहरू आए, स्वागत हुआ और अब बांध के उद्घाटन की बारी थी। एक बटन दबाकर ये काम पूरा होना था ।लेकिन नेहरू ने खुद बटन नहीं दबाया और एक नई परंपरा की शुरूआत करते हुए बांध बनाने वाली मजदूर बुधनी से उद्घाटन कराया। उद्घाटन के बाद उसी रात से बुधनी की जिंदगी दूभर हो गई। खोरबोना गांव में संथाली समाज की बैठक हुई। समाज के लोगों ने पाया कि बुधनी मंझिआईन ने गैर-आदिवासी बिरादरी से आने वाले नेहरू को माला पहनाई थी और नेहरू ने उन्हें माला पहनाई ।बैठक में तय हुआ कि माला पहनाने का मतलब है कि बुधनी का विवाह हो गया ।गैर-आदिवासी से विवाह के कारण समाज ने बुधनी के बहिष्कार का फैसला ले लिया, उसे जाति से निकाल दिया लोगों ने बुधनी से मेलजोल खत्म कर दिया। 80 साल की उम्र में 21 नवंबर को बुधनी मंझिआईन ने आखिरी सांस ली। 2016 में बीबीसी से जुड़े पत्रकार रवि प्रकाश ने बुधनी से बात की थी पत्रकारों को बताया था , बुधनी बड़ी तेज-तर्रार महिला थीं और यह 1959 वाली घटना के बाद नहीं हुआ। वे बचपन से ही ऐसी थीं. यही वजह रही कि उन्हें प्रधानमंत्री के स्वागत की जिम्मेदारी दी गई थी।



हालांकि कुछ लोगों का मानना है कि सारी बातें अंग्रेजी मीडिया की देन है जिसने बुधनी को नेहरू की पहली आदिवासी पत्नी तक बताया था। जो भी हो आज बुधनी के नाम से गांव को जाना जाता है।

1959 में जो हुआ था वो धारणा बुधनी की जिंदगी के आखिरी सालों में पूरी तरह बदल चुकी था। समाज से बहिष्कार के बाद बुधनी के लिए सबसे बड़ी मुसीबत तब आन पड़ी जब 1962 में डीवीसी ने उन्हें नौकरी से निकाल दिया। इसी दौरान उनकी मुलाकात सुधीर दत्त नाम के एक मजदूर से हुई जिन्होंने आश्रय दिया समाज के डर से सुधीर और बुधनी ने विवाह तो नहीं किया लेकिन दोनों साथ ही रहने लगे ।दोनों को एक बेटी हुई। अपनी जिंदगी के आखिरी दिनों में बेटी रत्ना के साथ ही बुधनी पंचेत में रहती थीं।

जवाहरलाल नेहरू के पोते राजीव गांधी 1984 में देश के प्रधानमंत्री बने और राजीव अपने दादा नेहरू के बारे में रिसर्च कराया इसी दौरान उन्हें पंचेत की घटना का पता चला। 1985 में उन्होंने भिलाई में बुधनी से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद डीवीसी ने फिर बुधनी को नौकरी दे दी। बाद के सालों में वो नौकरी से रिटायर हो गईं ।पंचेत में ही बेटी के साथ उन्होंने पूरी जिंदगी गुजार दी। लेकिन अपने साथ दो कसक लेकर चली गई - एक घर न मिलने की और बेटी की नौकरी लगने की। बुधनी को दोबारा नौकरी दिलाई थी राजीव गांधी ने। बुधनी को घर और बेटी की नौकरी की उम्मीद थी राजीव के बेटे राहुल गांधी से। जो उनके जिंदा रहते तो पूरी नहीं हो पाई। अक्सर बड़े लोग जनजातीय या भारतीय समाज के रीति रिवाज से जुड़े कपड़े पहनकर या साथ खड़े होकर फोटो खिंचवा लेते हैं पर उनकी जानकारी नहीं लेते उक्त घटना उनके लिए एक सीख है।

## स्वाति मालीवाल मामले में बिभव कुमार गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**नई दिल्ली।** स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट के मामले में दिल्ली पुलिस ने बिभव कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन थाने में बिभव कुमार से पूछताछ की जा रही है। सिविल लाइन पुलिस ने बिभव कुमार को पहले हिरासत में लिया था, उसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। थाने के बाहर पहुंचे बिभव कुमार के वकीलों को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं मिली। गिरफ्तारी से पहले बिभव कुमार ने दिल्ली पुलिस को दो मेल किए थे। पहले मेल में उन्होंने स्वाति मालीवाल की शिकायत की थी और दूसरे मेल में उन्होंने दिल्ली पुलिस की जांच में सहयोग करने की बात की थी।

**जमानत याचिका खारिज:** स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में गिरफ्तार किए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीएस बिभव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। बिभव कुमार ने अग्रिम जमानत याचिका की अर्जी तीस हजारी कोर्ट में लगाई थी। जमानत याचिका खारिज करते हुए कोर्ट ने कहा की एडिशनल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर ने कोर्ट को बताया कि बिभव को 4 बजकर 15 मिनट पर गिरफ्तार कर लिया गया है।



*अग्रिम जमानत याचिका की अर्जी तीस हजारी कोर्ट से खारिज*

## एक नजर

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में आज मनेगा मोहिनी एकादशी का व्रत

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में वैशाख शुक्ल पक्ष की मोहिनी एकादशी का व्रत रविवार (19 मई) को मनाया जाएगा। बताया गया कि यह मोहिनी एकादशी समस्त पापों का क्षय तथा सब प्रकार के दुःखों का निवारण कर देता है।

### मोहिनी एकादशी पर गायत्री परिवार करेगा जप और अनुष्ठान का आयोजन

**रांची।** मोहिनी एकादशी व्रत-उपवास दिवस पर आध्यात्मिक पूजा-पाठ जप-अनुष्ठान करने का संकल्प गायत्री परिवार ने लिया है। यह अखंड जप रविवार (19 मई) के तड़के 4 बजे से सोमवार (20 मई) के तड़के 4 बजे तक चलेगा। समूह संचालन प्रतिनिधि ने यह जानकारी दी।

### खूंटी के वृद्धाश्रम में चिकित्सा और विधिक जागरूकता शिविर

**खूंटी।** ओल्ड एज होम खूंटी में शनिवार को बुजुर्गों के लिए छह दिवसीय कैंपेन के तहत डीएलएसए के जरिए स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर सह विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। सदर अस्पताल के डॉक्टरों और नर्सों की टीम ने ओल्ड एज होम के 26 वृद्धों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें दवा के साथ ही चिकित्सीय परामर्श दिये। डीएलएसए की सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर के मुताबिक, वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों के बीच फलों और मिठाइयों का भी वितरण किया गया। उनके खान-पान एवं रहन-सहन के बारे में जानकारियां भी दी गई। साथ ही निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में लोगों को बताया गया। कार्यक्रम में चार डॉक्टर और दो नर्सों ने अपनी सेवा दी। इस मौके पर डीएलएसए की पीएलवी अंजू कच्छप, नेली कोनगाड़ी, ओल्ड एज होम के अधीक्षक अश्विनी कुमार के अलावा अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### रांची से 35 बोरा डोडा के साथ पांच नशा कारोबारी गिरफ्तार

**रांची।** सुखदेवनगर थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान पांच नशा कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नशा कारोबारियों में अंजुल मिंज, सुधीर कुमार, राजु भगत, तौकिर आलम, राजा कुमार शामिल है। इनके पास से एक लाल रंग का बोलेनो कार, एक सफेद रंग का बोलेरो पिकअप, 35 बोरा डोडा, छह मोबाईल फोन और 34 हजार नकद रुपये बरामद किये गये है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पूरे क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए अवैध शराब, आग्नेयास्त्र एवं मादक पदार्थ की बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में गुप्त सूचना मिली कि कुछ नशा कारोबारियों के जरिये प्रतिबंधित नशीला पदार्थ को अवैध रुप से चार पहिया वाहन में लोड कर लाया जा रहा है। सूचना के बाद डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में वाहनों की चेकिंग शुरू की गयी।

# आदर्श विद्यालय खलारी की नेहा प्रिया व सोनाली 11वीं में रहीं अव्वल





**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित 11वीं परीक्षा में आदर्श विद्यालय शांतिनगर खलारी की छात्राएं तीनों संकाय में विद्यालय में सर्वाधिक अंक लाई। कला संकाय में नेहा कुमारी 77.6 प्रतिशत, विज्ञान संकाय में प्रिया कुमारी 73.2 प्रतिशत व वाणिज्य संकाय में सोनाली कुमारी 81.2 प्रतिशत अंक लाने में सफल रही। कला संकाय में कुल 43, विज्ञान में 12 तथा वाणिज्य संकाय में 06 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। वर्ष 2023 से ही इस विद्यालय में इंटरमीडिएट के तीनों संकायों की पढ़ाई षुरू हुई है। प्रधानाध्यापक फादर आस्कर टोप्पों ने सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं आशीर्वाद देते हुए कहा कि बारहवीं का रिजल्ट शत प्रतिशत हो इसके लिए और कड़ी मेहनत की आवश्यकता है। विद्यालय के प्रबंधक ने सभी सफल विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शत प्रतिशत रिजल्ट के लिए बधाई दिया और कहा कि बारहवीं के पढ़ाई के लिए जो विद्यालय को आवश्यकता होगी उसे तत्काल ही उपलब्ध करा दी जाएगी। बच्चों को बधाई देने वाले शिक्षकों में प्रमोद प्रसाद, सुमनतेरेसा खलखो, पवनकुमार चन्द्रवंशी, विक्रम सिंह, संध्या टोप्पो, अन्ना कारमेल, रेणु गिरि, नवीन कुजूर, हेमामाधुरी लकड़ा, रोजलिन कुजूर, रोबर्ट कुजूर, नैनसी लकड़ा, हेमलता कुमारी, प्रफुल्लित मिंज, बिनीता टोप्पो, सुजीत भेंगरा, अर्चना रोज, अनास्तसिया बारला, मेरी ग्रेस खलखो, सुषमारजनी मिंज, एलिन बागे, प्रमिला कुल्लू आदि शामिल हैं।

## धन-शोधन के आरोपी डीजीएम सहित तीन की अग्रिम जमानत पर सुनवाई 14 जून को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड हाई कोर्ट में धन-शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) मामले में आरोपित इंडो डेनिश टूल रूम, जमशेदपुर के पूर्व डीजीएम आशुतोष कुमार, उनकी पत्नी चयनिका एवं रिश्तेदार केशव वत्स की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई की तिथि 14 जून निर्धारित की है। ईडी ने सीबीआई के दर्ज केस के अनुसंधान में आशुतोष कुमार एवं अन्य पर मनी लॉन्ड्रिंग करने का मामला पाया है। इसके बाद पीएमएलए एक्ट में इनपर ईसीआईआर 2/2024 केस दर्ज किया गया। साथ ही पीएमएल एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत आशुतोष कुमार, उनकी पत्नी चयनिका कुमारी एवं रिश्तेदार केशव वत्स को मामले में आरोपित बनाया है। इन तीनों आरोपितों पर आय से अधिक 1.96 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित करने के मामले में रांची स्थित सीबीआई कोर्ट में चल रहा है। मामले में सीबीआई की ओर से गवाह प्रस्तुत किया जा रहा है। मामले में 21 नवंबर, 2022 को तीनों पर आरोप तय किया गया था। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोपित आशुतोष कुमार के खिलाफ 30 सितंबर, 2016 को प्राथमिकी दर्ज की थी। जांच के बाद सीबीआई ने जनवरी 2020 को तीनों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। सीबीआई की चार्जशीट के अनुसार, आशुतोष कुमार ने पद का दुरुपयोग करते हुए एक अप्रैल, 2007 से सात अक्टूबर, 2016 के बीच आय से अधिक एक करोड़ 96 लाख 27 हजार 625 रुपये की अवैध कमाई की है।

## गौशाला में फॉगर किट का किया गया ट्रायल

**झुमरी तिलैया।** प्रेरणा शाखा ने जीव दया कार्यक्रम के तहत एक सार्थक पहल करते हुए गर्मी में मवेशियों को भी कुल- कुल का एहसास हो इसी उद्देश्य को लेकर ट्रायल के तौर पर फॉगर किट का शुभारंभ किया गया। इसे शेड में बने स्थल पर कुछ ऊंचाइयों पर लगाया गया ताकि उसके फॉग से नीचे गिरने वाले पानी के जरिए इस गर्मी में मवेशियों को ठंड का एहसास हो सके।

## नीलकंठ हत्याकांड में पिस्टल के साथ तीन गिरफ्तार

**दुमका।** जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के जोकेला गांव में 26 अप्रैल की सुबह घर के बरामदे में सोए नीलकंठ यादव (55.) की गोली मारकर हत्या के आरोप में निरंजन यादव, संजय यादव व नित्यानंद यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। सभी हत्याकांड के अप्राथमिकी अभियुक्त हैं, जबकि मृतक के पुत्र ने जिन पांच लोगों को नामजद आरोपी बनाया था। उन्हें पुलिस ने क्लीनचिट दी है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त एक देसी पिस्टल भी बरामद किया है। पुलिस का दावा है कि हत्याकांड में तीन लोग शामिल थे और सभी ने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर ही उस पिस्टल को भी बरामद कर लिया गया है, जिससे गोली मारी गई थी। 26 अप्रैल की अहले सुबह रोज की तरह नीलकंठ घर के बरामदे में सोया हुआ था। रात करीब दो बजे अचानक गोली चलने की आवाज सुनकर घर वाले उठकर बाहर निकले, तब तक अपराधी भाग चुके थे। नीलकंठ के माथे में गोली लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

# धूमधाम से मनाई गई सीता नवमी



### महावीर मंदिर के पुजारी हेमचंद्र झा ने संध्या आरती के बाद सीता पाठ कर कार्यक्रम का समापन किया

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी।** विश्व हिंदू परिषद की तोरपा प्रखंड समिति के तत्वावधान में तोरपा मेन रोड स्थित बजरंग बली मंदिर प्रांगण में शनिवार को सीता नवमी महोत्सव का आयोजन किया गया। मौके पर पंडित कृष्णा पाढ़ी ने विधि-विधान से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये। आरती के बाद खीर प्रसाद का वितरण किया गया। अपराह्न दो बजे से प्रयागराज उत्तर प्रदेश से पधारे पंडितों ने सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया। महावीर मंदिर पुजारी हेमचंद्र झा ने संध्या आरती के बाद सीता पाठ कर कार्यक्रम का समापन किया। शाम को भंडारे में भक्तों ने खिचड़ी महाप्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मातृशक्ति संयोजिका सीमा देवी, दुर्गा वाहिनी संयोजिका भानुमति, विहिप के प्रखंड अध्यक्ष एमपी सिंह और बजरंग दल संयोजक मोहित जायसवाल आदि ने योगदान दिया।

## भाजपा की रैली पर पथराव, थाना में आवेदन

**हजारीबाग।** हजारीबाग के बड़कागांव प्रखंड के बादम गांव में असमाजिक तत्वों द्वारा भाजपा के मोटरसाइकिल रैली पर पथराव किया गया। इसके साथ ही रैली में शामिल कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट भी की गई। इस मारपीट में दो भाजपा कार्यकर्ता विक्की राणा और दिवाकर नायक घायल हो गए, जिन्हें बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया गया।ज्ञात हो कि मोटरसाइकिल रैली पर हमले के आरोप में बड़कागांव थाना पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें मोहम्मद मोंटी, मोहम्मद नासीब और जिसान खान शामिल हैं। इनके अलावा 50 से 60 अज्ञात लोगों के विरुद्ध आवेदन दिया गई है। थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि नयाटांड़ मंगल बाजार से मोटरसाइकिल रैली निकाली गई थी जो वापसी के क्रम में बड़कागांव मस्जिद के पास से गुजर रही थी। इस दौरान वहां मौजूद कुछ युवकों द्वारा नारा लगाए जाने लगा, जिसपर इन्होंने आपत्ति जताई तो वे जाति सूचक संबोधन करते हुए मारपीट करने लगे, जिससे कई लोग घायल हो गए।


## झारखंड हाई कोर्ट ने विवि के शिक्षकों की प्रोन्नति में बाधा बन रहे रेगुलेशन को किया खारिज




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड हाई कोर्ट से राजकीय विश्वविद्यालय के शिक्षकों की प्रोन्नति मामले में शनिवार को बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान शिक्षकों की प्रोन्नति से संबंधित यूजीसी के वर्ष 2010 के रेगुलेशन के तहत झारखंड सरकार द्वारा बनाए गए परिनियम के क्लाज-तीन के शर्त को कानून सम्मत नहीं बताते हुए खारिज कर दिया। साथ ही कोर्ट ने आदेश दिया कि सभी विश्वविद्यालयों के शिक्षकों को इस परिनियम के तहत देय वित्तीय लाभ नियत तिथि से देय होगा, जिस तिथि को वह उस लाभ के हकदार होते हैं। वर्ष 2010 के यूजीसी रेगुलेशन के तहत राज्य सरकार ने 15 दिसंबर, 2022 में परिनियम बनाया था, जिसके तहत राज्य के विश्वविद्यालयों के शिक्षकों को एक दिसंबर, 2009 से अगस्त, 2021 के बीच देय प्रोन्नति या अन्य वित्तीय लाभ से संबंधित क्लाज-तीन में एक शर्त रखी थी। क्लाज-तीन की शर्त में शिक्षकों को पूर्व बकाया का वित्तीय लाभ या प्रोन्नति से उत्पन्न हुए वित्तीय लाभ को 15 दिसंबर, 2022 से देय बताया गया था, जिसे हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया।

## दो दिवसीय मंडा पूजा का विधि-विधान से समापन

# दहकते अंगारों पर नंगे पांव चल भक्तों ने दिखाई आस्था



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो** थाना क्षेत्र के लेप्सर गांव में आयोजित दो दिवसीय मंडा पूजा शनिवार की शाम संपन्न हो गया। इस अवसर पर मेले का भी आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के दर्जनों गांव से सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित हुए। इससे पूर्व शुक्रवार की शाम आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर लोहरदगा लोकसभा के सहसंयोजक युवा भाजपा नेता सन्नी टोप्पो उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि परंपरा और संस्कृति झारखंड की पहचान है। मंडा पूजा में फूल खुंदी के दौरान जो आस्था और भक्ति और विश्वास देखने को मिलता है वह झारखंड की प्राचीन परंपरा की एक झलक है। क्या बच्चे क्या बुजुर्ग क्या नौजवान सभी की आस्था इस दौरान देखते बनती है। हमें अपने पूर्वजों द्वारा संजोए गई इस परंपरा को सहेज कर रखना है उन्होंने लोगों को इस त्योहार की बधाई दी । इस मौके पर रामपाल सिंह, विजय कुमार, सिंह पप्पू तिवारी, मृत्युंजय सिंह, तिरंगा पंचायत की मुखिया पूनम उदय सहित अन्य मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### संत माइकल स्कूल मुरी में 'वाटर मेलन डे' कार्यक्रम आयोजित



**सिल्ली।** संत माईकल +2 स्कूल मूरी में शनिवार को वाटर मेलन डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वर्ग नर्सरी से वर्ग दो तक के बच्चों को सम्मिलीत किया गया। बच्चे इस मौके पर लाल हरी पोशाक पहनकर शामिल हुए। इस मौके पर विद्यार्थियों ने वाटर मेलन से सम्बन्धित तरह-तरह के पोस्टर, चार्ट, चित्रकारी इत्यादी बना कर विद्यालय लेकर आए थे। इस कार्यक्रम के दौरान सभी विद्याथीओं के बीच तरबूज का वितरण किया गया जिसे बच्चों ने बड़ी आनंद के साथ खाया। कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक राकेश कुमार ने बच्चो के बीच वाटर मेलन खाने के फायदे और इसकी खूबी के बारे में जानकारी साझा कि और यह भी बताया कि वाटर मेलन में पानी की अत्यधिक मात्रा पाई जाती है जो शरीर के लिए बहुत ही लाभदायक है। इस मौके पर विद्यालय के प्राधानाचार्य सीएल प्रजापति ने कार्यक्रम की सराहना कि साथ ही बच्चों का उत्साह भी बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षीका रीना साहु ने किया साथ ही विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं शोभा शर्मा, श्वेता सिंह, दीपिका कुमारी, प्रशांत गोराई, प्रिती सिंह, श्वेता सिंह पांडे, आदि मौजूद थे ।

### कर्रा के कठसेमला में 15 दिनों में आ जाएगी बिजली : कोचे मुंडा



**खूंटी ।** कर्रा प्रखंड के कठसेमला गांव के लोगों को अब बिजली के लिए अधिक दिन इंतजार करना नहीं पड़ेगा। गांव में 15 दिनों में बिजली आ जायेगी। इस बात का आश्वासन शनिवार को तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने ग्रामीणों को दिया। विधायक कठसेमला गांव के ग्रामीणों की शिकायत पर वहां पहुंचे थे। मौके पर उन्होंने विद्युत विभाग के सहायक अभियंता शैलेश कश्यप को भी गांव बुलाया था। सहायक विद्युत अभियंता ने कहा कि ग्रामीणों का सहयोग मिला तो 15 दिनों में गांव में बिजली जलने लगेगी। उन्होंने बताया कि बिजली के खंभे गाड़ने का कुछ ग्रामीणों द्वारा विरोध किये जाने के कारण काम आगे नहीं बढ़ पाया था। गांव के ही पवन गोप ने कहा कि गांव में बिजली के लिए 2018-19 में ही पोल लगाने का काम शुरू किया था लेकिन गांव के एक व्यक्ति द्वारा अपनी जमीन पर पोल गाड़ने का विरोध करने के कारण काम बंद कर दिया गया था। इसके बाद से इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। इस मौके पर गहनू पाहन, पवन कुमार गोप, अरविंद कुमार गोप, भाजपा नेता विनोद सिंह, भागीरथ राय, महावीर साहू, सुखनंदन नाग, सुनील धान, अनिल धान और जाकशी धनवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### रांची ईडी कोर्ट से साहिबगंज के पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा की याचिका खारिज

**रांची ।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने शनिवार को साहिबगंज के पत्थर कारोबारी कृष्णा कुमार साहा की ओर से निचली अदालत में सशरीर उपस्थिति से छूट संबंधी याचिका को खारिज कर दिया। मामले में कृष्णा साहा को हाई कोर्ट से सात दिसंबर, 2023 को जमानत मिल चुकी है। उसके खिलाफ अब ईडी कोर्ट में आरोप गठन हो चुका है। पांच जुलाई, 2023 को दस घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने उसे देर रात गिरफ्तार कर लिया था। ईडी ने 1250 करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित कृष्णा के ठिकाने पर जुलाई 2022 में छापेमारी की थी। साहिबगंज जिले के बड़हरवा निवासी कृष्णा कुमार साहा को मुख्यमंत्री के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का खास सहयोगी माना जाता है। कृष्णा साहा के अवैध पत्थर खदान में दो मजदूरों की दुर्घटना में मौत हो गई थी। जांच के क्रम में ईडी ने पूर्व में कृष्णा साहा के बड़हरवा के चंपांडे मौजा के पत्थर खदान की ड्रोन से मापी ली थी। वहां के कर्मियों के मोबाइल और कागजात भी जब्त किए गए थे। छानबीन में जानकारी मिली थी कि लीज एरिया से कई गुणा अधिक खनन किया गया है।

### हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले के तीन आरोपियों को भेजा गया जेल

**रांची ।** ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाले मामले में गिरफ्तार हजारीबाग के डीड राइटर इरशाद अख्तर, तापस घोष और संजीत कुमार की रिमांड अवधि खत्म होने पर शनिवार को कोर्ट में पेश किया। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने पेशी के बाद तीनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया। तापस घोष और संजीत कुमार रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस कोलकाता के कर्मी हैं। ईडी ने इन तीनों को नौ मई को गिरफ्तार किया था। जमीन घोटाला मामले में पूर्व में गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ और दस्तावेजों की छानबीन के बाद इन तीनों ईडी ने गिरफ्तार किया था। हजारीबाग कोर्ट के डीड राइटर इरशाद मूल दस्तावेज में हेराफेरी कर फर्जी डीड तैयार करता था जबकि द रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस कार्यालय, कोलकाता के कर्मी तापस घोष पर कार्यालय से जमीन के मूल दस्तावेज को गायब करने का आरोप है। संजीत कुमार पर भी कार्यालय से डीड गायब करने का आरोप है। ईडी ने इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित 11 आरोपितों की गिरफ्तार किया है।

### बड़कागांव में भाजपा कार्यकर्ता पर हमले के जिम्मेदार हैं कांग्रेस-झामुमो : आदित्य साहू

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने बड़कागांव में भाजपा कार्यकर्ता पर हुए हमला के लिए कांग्रेस और झामुमो को ज़िम्मेदार बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस- झामुमो की तुष्टिकरण की राजनीति के कारण एक खास तबके का मन बढ़ गया है। प्रदेश में बहुसंख्यक समाज पर हमला करने से एक खास तबका जरा भी कतराता नहीं है। इसका मुख्य कारण है एक तरफा कार्रवाई। साहू ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि बड़कागांव मामले में भी भाजपा कार्यकर्ता पर हमला मनबढ़ू होने का ही प्रमाण है। उन्होंने कहा कि बड़कागांव में भाजपा की शांतिपूर्वक मोटरसाइकिल रैली हो रहा था इस क्रम में रैली के सबसे अंतिम पंक्ति में शामिल भाजपा के कार्यकर्ता को जिस प्रकार से रोककर पीटा गया है वह तुष्टिकरण की राजनीति के कारण हमला दिखता है।

**निर्देश** रेल साइडिंग का निरीक्षण करने खलारी पहुंचे डीआरएम धनबाद

# अपनी रेल पटरियों का मेंटेनेंस करे सीसीएल



**देश हित में कोयला ट्रांस्पोर्टेशन का ध्यान रखती है रेलवे**

डीआरएम केके सिन्हा ने पत्रकारों को बताया कि यह सेफ्टी को लेकर दौरा है। रेलवे अपने ग्राहकों को पूरी तरह से संतुष्ट करता है। सीसीएल और मोनेट हमारे ग्राहक है, इनकी समस्या का समाधान करने के लिए ही आया हूं। देश हित में रेलवे कोल ट्रांसपोर्टेशन पर पूरा ध्यान रखती है क्योंकि यह देश के लिए भी काफी जरूरी है।

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** मंडल रेल प्रबंधक धनबाद केके सिन्हा रेल साइडिंगों का निरीक्षण करने शनिवार को खलारी रेलवे स्टेशन पहुंचे। खलारी स्टेशन पहुंचने पर स्टेशन अधीक्षक जान सोरेंग ने उनका स्वागत किया। जिसके बाद डीआरएम खलारी स्टेश न से सीसीएल के एनके एरिया स्थित केडीएच रेलवे साइडिंग का निरीक्षण के लिए पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा मानको को लेकर मेन लाइन से साइडिंग पहुंचने वाली रेल ट्रैक, साइडिंग प्लेटफार्म और साइडिंग में 16 मई को हुई डी-रेल मालगाड़ी का निरीक्षण किया। जिसके बाद डीआरएम ने सीसीएल के अधिकारियों से रेल ट्रैक मेंटेनेंस की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रेल ट्रैक मेंटेनेंस का हाल काफी बुरा है। जिसके कारण लगातार मालगाड़ी के डी-रेल होने की घटनाएं हो रही है। उन्होंने सीसीएल के संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द रेल ट्रैक को पूरी तरह से दुरुस्त करने का निर्देश दिया। जिससे कि साइडिंग में डी-रेल की घटना को रोका जा सके। रेलवे की ओर से प्रतिदिन 6 घंटे का मेंटेनेंस स्लाट टाइम देने की बात कही गई। इस निरीक्षण के दौरान एडीआरएम अमित कुमार, डीओएम अंजय तिवारी, डीटीएम बरकाकाना कुमार अंकित, संजय कुमार, टीआई बीके सहाय, सीसीएल मुख्यालय सेल्स डिपार्टमेंट के हिमांशु कुमार, बी लाल, एनके जीएम सुजीत कुमार, परियोजना पदाधिकारी अनिलकुमार सिंह, एरिया सेल्स मैनेजर राजीव रंजन, सिविल अधिकारी सुजीत रंजन के अलावा मोनेट कोल वाशरी के जीएम, राइट्स और मधुकान कंपनी के अधिकारी मौजूद थे।

संत जेवियर इंटर कॉलेज में एकदिवसीय योग शिविर का हुआ आयोजन

# जीवन जीने की कला ही योग है : रेव्ह फादर तिर्की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** स्पोर्ट्स योगा एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वावधान में शनिवार को संत जेवियर इंटर कॉलेज में एकदिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) की तैयारी को लेकर योग शिविर का आयोजन हुआ था। शिविर में छात्रों को योग द्वारा जीवन जीने की कला सिखाई गई। उन्हें बताया गया कि कैसे छात्र अपने जीवन में योग को अपनाकर पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं एवं तनाव से बच रह सकते हैं। योग शिक्षक राहुल पोद्दार एवं इंदु महतो ने छात्र-छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर किए जाने वाले आसनों का अभ्यास कराया। मौके पर संत जेवियर इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापक रेव्ह फादर अजय अनिल तिर्की, एसजे भी उपस्थित थे। उन्होंने योग के बारे में बताते हुए कहा कि जीवन जीने की कला को ही योग कहते हैं। योग हर उम्र हर वर्ग के लोगों को करना चाहिए। योग से हमारा शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक का विकास होता है। उन्होंने अपने सभी विद्यार्थियों को प्रतिदिन योग को अपने जीवन में लाने को कहा।

### हिंदपीढ़ी : निगम का टैंकर एक किलोमीटर दूर होता है खड़ा


# चापानल सूखा, सप्लाई का पानी भी नसीब नहीं

**अमित कुमार। रांची**

गर्मी की तपिश के बीच हिंदपीढ़ी में पानी को लेकर परेशानी काफी बढ़ गई है। हालात ऐसे हो गए हैं कि लोग पानी को जमा कर के रख रहे हैं। साथ ही, कोई पानी नहीं मांग ले, इस डर से इसे छिपाकर भी रख रहे हैं। हिंदपीढ़ी क्षेत्र में जलस्तर नीचे चले जाने से चापानल से पानी नहीं निकल रहा है। वहीं, सप्लाई पानी कि स्थिति ऐसी है कि इसके शुरू होते ही टंकी भरने के लिए सभी घरों में मोटर चालू हो जाता है। इस कारण पानी की पाइपलाइन के अंतिम हिस्से में रहने वाले लोगों के घरों तक पानी पहुंच ही नहीं पा रहा है। दूसरी ओर, नगर निगम का टैंकर आता है, तो वह किसी खास जगह पर खड़ा कर दिया जाता है। इससे उसके आसपास के घरों में रहने वाले लोगों को पानी असानी से मिल जा रहा है। लेकिन, जिनका घर एक किलोमीटर या उससे अधिक दूरी पर है, उनका तो पूरा दिन पानी लेने में ही निकल जा रहा है।

### बंद पड़े हैं सभी मिनी एचवाईडीटी

हम बात कर रहे है हिंदपीढ़ी की उस एक गली की, जो मेन रोड से होते हुए सीधा गुरुनानक स्कूल तक जाती है। इस मार्ग की लंबाई करीब 2.5 किलोमीटर है, जिसमें एक हजार से अधिक घर बने हुए हैं। यहां पर सभी मिनी एचवाईडीटी बंद पड़े हैं। इसे लेकर लोग कई बार पार्षद तक गए, लेकिन पार्षद ने भी निराश कर दिया। पार्षद का कहना है कि वर्तमान में नगर निगम ही सारा काम देख रहा है। ऐसे में आप को निगम के पास जाना




### क्या कहते हैं आम लोग



रेन मस्जिद से काफी दूरी पर ग्वाला टोली है। यह लगभग एक किलोमीटर है। निगम का टैंकर जब भी आता है, तो वहीं पर लगा देता है। ऐसे में इतनी दूर से पानी लाना संभव नही है।

**एमडी एनुल।**



सप्लाई पानी ही एक मात्र सहारा है। और, जब पानी नहीं आता है, तो स्टोर किए गए पानी का उपयोग करते हैं। लेकिन, कब तक ऐसा कर पाएंगे। टैंकर व्यवस्था हर जगह हो, तो अच्छा है।

**तेजू खान।**



नगर निगम का मिनी एचवाईडीटी किसी काम का नहीं है। बोरिंग में पानी जमा होने पर आता है। बाकी समय सप्लाई पानी का इंतजार करना होता है। और, टैंकर का पता नहीं, कब आता है।

**फुलो बेगम।**

जिन लोगों को पानी संबंधी कोई भी परेशानी है, वे नगर निगम में आवेदन देंगे, तो तुरंत काम हो जाएगा। यदि किसी को अतिरिक्त पानी की आवश्यकता है, तो वे नगर निगम को शुल्क दे कर निजी कार्यों के लिए मंगा सकते है।

**- अमित कुमार, आयुक्त, रांची नगर निगम।**

## रांची स्टेशन से चोरी हुए बच्चे का 58500 रुपये में हुआ था सौदा

**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन से चोरी हुआ नौ माह का बच्चा शुभम लोहरा को ओडिशा के कटक से पुलिस ने सकुशल रुप से बरामद किया है। मामले में पुलिस ने तीन महिला सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में राधा साहू, अमित सनातन पाल, टिक्की उर्फ सुनील, नुदरत जहां और सुहाना बेगम शामिल है। इनके पास से चार मोबाईल फोन बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 12 मई की सुबह रांची रेलवे स्टेशन से बच्चा चोरों ने शुभम लोहरा को लेकर फरार हो गये थे। इस संबंध में बच्चे के पिता लातेहार निवासी प्रदीप लोहरा लिखित आवेदन के आधार पर चुटिया थाना में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में महिला और पुरुष बच्चे को ले जाते हुए दिखाई पड़े थे। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी शाखा की सहायता से महिला एवं पुरुषों की पहचान हुई। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए डीएसपी कुमार वेंकटेश रमन के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### झारखंड हाई कोर्ट में ग्रीष्मावकाश कल से

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में 20 मई से सात जून तक यानी कुल 20 दिनों का ग्रीष्मावकाश है। हालांकि, इस दौरान 12 दिन सिर्फ महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई की जाएगी। समर वेकेशन के दौरान तीन फेज में हाई कोर्ट में सुनवाई होगी। हाई कोर्ट से मिली जानकारी के मुताबिक, वेकेशन कोर्ट में पहले सप्ताह 21 से 24 मई तक सिंगल बेंच और डबल बेंच बेहद जरूरी सिविल और क्रिमिनल मामलों की सुनवाई करेगी। इसके बाद दूसरे सप्ताह में यानी 28 से 31 मई तक सिंगल बेंच और डबल बेंच में बेहद जरूरी सिविल और क्रिमिनल मामलों की सुनवाई होगी। अंतिम सप्ताह चार से सात जून तक मुकदमों की सुनवाई की जाएगी।

### डाक सेवा के निदेशक ने डाक कर्मियों से वोट देने की अपील की

**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को मतदान होना है। डाक सेवा के निदेशक पंकज कुमार मिश्रा ने शनिवार को डाक विभाग के सभी कर्मियों सहित अन्य लोगों से मतदान करने की अपील की है।उन्होंने कहा कि वयस्क नागरिक के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि इस मतदान में हम भाग लें और वोट दें। उन्होंने कहा, हमारी अपील है हमारे डाक विभाग के कर्मियों और अन्य लोगों से, जिनको मतदान का अधिकार मिला हुआ है, संविधान के तहत अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। मतदान में भाग लें, अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी करते हुए मतदान करें। ताकि, नागरिक के रूप में हमारे कर्तव्य का निर्वहन अच्छे प्रकार से हो।



### भाजयुमो नेता ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

**रांची।** भाजयुमो कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने शनिवार को कांके, पिठोरिया के विभिन्न गांवों में रांची लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में जन संपर्क अभियान चलाया। भाजपा नेता ने इस दौरान नवा टोली, बाडू, सिमर टोली, डहू टोला सहित कई गावों में जाकर लोगों से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ को भारी से भारी मतों से विजयी बनाने के लिए आग्रह किया। मौके पर द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की आजादी के 70 साल बाद महिलाओं को सम्मान दिया। ओडिशा के एक सुदूर गांव में रहने वाली आदिवासी महिला को देश का राष्ट्रपति बनाया। बेटी पढ़ाओ के अभियान के तहत बेटियों को सुरक्षित रखने के लिए जन धन खाता उसकी पढ़ाई की जिम्मेवारी सहित अन्य योजनाओं के जरिये प्रधानमंत्री ने देश के बेटियों को सुरक्षित किया। मोदी केंद्र से एक रुपये भेजते हैं, तो लाभुकों के खाते में पूरा एक रुपये पहुंचता है, यह नरेंद्र मोदी की गारंटी के कारण संभव है।



### बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मिला लैपटॉप

**रांची।** 'जिंदगी की असली उड़ान अभी बाकी है, जिंदगी के कई इम्तिहान अभी बाकी हैं, अभी तो नापी है मुट्ठी भर जमीन हमने, अभी तो सारा आसमान बाकी है।' इस उद्घोष के साथ एस्कॉर्ट इंटरनेशनल स्कूल में बोर्ड 2024 के परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। काय्रक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बी. राजन टोपनो, विद्यालय के संस्थापक ललित नवी हेम्ब्रम, विद्यालय के सचिव अनुज हेम्ब्रम, निदेशक कुणाल कश्यप व प्राचार्य शादान आलम, हिमांशु दुबे, अयोध्या केशरी तथा शिक्षक उपस्थित थे। कक्षा 10वीं की टॉपर नव्या कुमारी एवं 12वीं कक्षा की टॉपर लक्ष्मी कुमारी को विद्यालय की ओर से लैपटॉप के रूप में पुरस्कार दिया गया। प्राचार्य शादान आलम ने कहा कि मंजिल उन्हें मिलती है, जिन्हें मंजिल पाने का जज्बा और जुनून होता है। आप अपने मंजिल की ओर पूरी ईमानदारी, मेहनत और निष्ठा के साथ आगे बढ़ें।



### राजयोग से शरीर और मन का संपूर्ण इलाज संभव : निर्मला बहन

**रांची ।** हरमू रोड के चौधरी बगान स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र के तत्वावधान में शनिवार को राज्य योग केंद्र के प्रांगण में तनाव मुक्ति राजयोग मेडिटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राजयोग द्वारा मनुष्य का मानसिक तनाव दूर होता है, मन को शांति मिलती है और मस्तिष्क एवं शरीर को भी आराम मिलता है। आज पूरा विश्व भारत की प्राचीन प्रद्धति योग पर पुनः लौट रहा है। सभी को लगने लगा है कि राजयोग द्वारा मानव शरीर व मन का संपूर्ण इलाज संभव है। इसमें सभी जबतक एकजुट होकर प्रयास नहीं करेंगे, तबतक यह कार्य पूर्ण नहीं होगा।

#### चौधरी बगान सेवा केंद्र में बच्चों का समर कैंप आज

**रांची।** हरमू रोड के चौधरी बगान स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र में रविवार को बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप का उद्घाटन रविवार को दिन में 04:00 बजे होगा।

### कोलकाता में आयोजित कार्यक्रम में रिम्स निदेशक ने न्यूरोलॉजी पर रखे अपने विचार

**रांची ।** रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार दो दिवसीय दौरे पर कोलकाता गए हुए हैं। उन्होंने वहां नील रतन शंकर मेडिकल कॉलेज में न्यूरोसर्जरी पर गेस्ट लेक्चर दिया। देश के विभिन्न हिस्सों और संस्थानों से न्यूरोसर्जरी प्रशिक्षुओं ने इस लेक्चर में हिस्सा लिया है। चूंकि रिम्स निदेशक न्यूरोलॉजिकल सर्जन सोसाइटी ऑफ इंडिया के संस्थापक हैं, इसलिए वे पूरे देश में न्यूरोसर्जरी के मानक को बनाए रखने के लिए एनएसएसआई के बैनर तले आयोजित क्रैश कोर्स में समय-समय पर न्यूरोसर्जरी प्रशिक्षुओं को पढ़ाते हैं।

### 'आधुनिक हिंदी काव्य में राष्ट्रीय चेतना' विषय पर एकदिवसीय संगोष्ठी आयोजित

**रांची।** हिंदी विभाग एवं हिंदी साहित्य परिषद के तत्वावधान में संत जेवियर्स कॉलेज, रांची में शनिवार को 'आधुनिक हिंदी काव्य में राष्ट्रीय चेतना' विषय पर एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। स्वागत वक्तव्य संत जेवियर्स कॉलेज के हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ जय प्रकाश पांडेय ने दिया। संगोष्ठी की अध्यक्षता रांची विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ जंग बहादुर पांडेय ने की। अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने राष्ट्र के विकास में तन, मन, धन के समर्पण की बात कही। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बीएन मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा, बिहार के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह कश्यप थे। उन्होंने आधुनिक हिंदी काव्य में राष्ट्रीय चेतना पर विचार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीयता के वृहद् अर्थ के संबंध में बताया। देश की एकता और अखंडता को रेखांकित करते हुए कहा, 'मनुष्य वही है, जो अन्य मनुष्य के लिए प्राण तक अर्पित कर दे।'

# पारस हॉस्पिटल में ईपीएस-आरएफए से दिल के मरीज की बचाई गई जान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एचईसी स्थित पारस हॉस्पिटल में पहली बार इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी स्टडी (ईपीएस) और रेडियो फ्रीक्वेंसी एब्लेशन (आरएफए) कर मरीज की जान बचाई गई है। 60 वर्षीय मरीज को लगातार एक माह से हर दिन पीएसवीटी के एपिसोड हो रहे थे। उन्हें रोज चक्कर आता था और आंखों के सामने अंधेरा छा जाता था। धड़कन बहुत तेजी से चलने लगता था। इस अटैक के कारण मरीज दो बार गिर भी चुके थे। घर से निकलने में भी डर लगता था कि कब चक्कर आ जाए। बताया गया कि यह बीमारी उन्हें पांच वर्षों से थी। इसके लिए वे दवा भी ले रहे थे। लेकिन, एक माह से दवा लेने के बाद उनकी बीमारी बढ़ गई थी। इस बीमारी को लेकर मरीज पारस हॉस्पिटल के कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ कुंवर अभिषेक आर्य से मुलाकात की और अपनी तकलीफ बताई। डॉक्टर को मरीज का ईसीजी रिपोर्ट भी दिखाया।
रिपोर्ट देखने के बाद डॉ अभिषेक आर्य ने कहा कि उन्हें परॉक्सिस्मल सुप्रावेंट्रिकुलर टैकीकार्डिया (पीएसवीटी) है। इसका इलाज इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी अध्ययन (ईपीएस) और रेडियो फ्रीक्वेंसी एब्लेशन (आरएफए) से होगा। इसके बाद मरीज का इपीएस किया गया, जिसमें एट्रियोवेंट्रिकुलर नोडा रिसीप्रोकेटिंग टैकीकार्डिया (एवीएनआरटी) बीमारी पाई गई। डॉ अभिषेक आर्य ने इपीएस और आरएफए कर मरीज को ठीक कर दिया। मरीज को अगले दिन डिस्चार्ज कर दिया गया।



कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ अभिषेक आर्य ने किया सफल इलाज

# पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहतर अपशिष्ट निपटान की आदत अपनाना समय की मांग

### एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में रसोई अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा पहल के हिस्से के रूप में, एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, एनएमएल रांची ने शनिवार को 'अर्बन खेती' (अपशिष्ट प्रबंधन और जैविक खेती पर काम करने वाला संगठन) के सहयोग से स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब (एसएसएलसी) के सदस्यों के लिए रसोई अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया।
कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को शहरी कचरे को कम करने, पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण के महत्व से अवगत कराया गया। ऐसा देखा गया है कि जन जागरूकता और बुनियादी ढांचे की कमी के कारण, शहरी समुदायों में रीसाइक्लिंग अभी भी मुख्यधारा की प्रक्रिया नहीं है। पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहतर अपशिष्ट निपटान की आदत को अपनाना समय की मांग है।
इसे ध्यान में रखते हुए, कार्यशाला का आयोजन प्रतिदिन रसोई के कचरे के पुनः उपयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए किया गया था। बताया गया कि रसोई के कचरे को एक विशेष प्रक्रिया के माध्यम से न्यूनतम प्रयासों के साथ जैविक खाद में कैसे परिवर्तित किया जा सकता है। साथ ही, निश्चित प्रक्रिया का पालन करके दिन-प्रतिदिन के रसोई के कचरे को खाद में परिवर्तित किया जा सकता है, जो कि घरेलू पौधों और पेड़ों की वृद्धि के लिए अच्छा है।
कार्यक्रम में एसएसएलसी की अध्यक्ष रेखा जैन और लेडीज क्लब की सदस्य उपस्थित थीं। इस अवसर पर प्रकाश कुमार, विनोद कुमार, मैनेजिंग पार्टनर्स और सबीना परवीन, परियोजना समन्वयक, अर्बन खेती उपस्थित थीं।



# सदर अस्पताल सुपरस्पेशिएलिटी की तर्ज पर संचालित होना आवश्यक : चैंबर

**एफजेसीसीआई हेल्थ उप समिति की बैठक में चर्चा**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) की हेल्थ उप समिति की बैठक शनिवार को चैंबर भवन में हुई। बेहतर चिकित्सकीय सुविधा की उपलब्धता के लिए सदर अस्पताल को सुपरस्पेशिएलिटी क्लिनिक के तौर पर संचालित करने के लिए सदस्यों द्वारा चर्चा की गई।
बैठक में कहा गया कि निजी अस्पतालों के सहयोग से सदर अस्पताल को सुपरस्पेशिएलिटी क्लिनिक के तौर पर संचालित किया जा सकता है। इससे अस्पताल में वैसी सुविधा जैसे ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, बोन मैरो ट्रांसप्लांट सहित अन्य बीमारियों के लिए, जिसके डॉक्टर रांची में कम हैं तथा सदर अस्पताल में नहीं हैं, वहां आसानी से विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध होंगे। सदर अस्पताल में यह सुविधा उपलब्ध होने से जरूरतमंद तथा वैसे लोग जो कॉरपोरेट अस्पताल की सुविधा अफोर्ड नहीं कर सकते, उन्हें काफी सुविधा मिलेगी। यह निर्णय लिया गया कि चैंबर द्वारा सिविल सर्जन को इससे संबंधित प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा। सदस्यों द्वारा यह भी कहा गया कि नए अस्पतालों को भी आयुष्मान योजना का एफिलिएशन जल्द प्राप्त हो, ताकि जनमानस को इसका लाभ मिल सके। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री के आग्रह पर शैलबी डिवाइन सुपरस्पेशिएलिटी अस्पताल प्रबंधन द्वारा जिनकी अंगुली पर वोट का निशान होगा, उनका फ्री हेल्थ चेकअप करने की भी सहमति दी गई। चैंबर महासचिव परेश गट्टानी और कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण लोहिया ने संयुक्त रूप से अवगत कराया कि हेल्थ चेकअप कैंप चैंबर के बैनर तले ओल्ड एचबी रोड, सिरमटोली स्थित शैलबी डिवाइन सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में 28 मई को लगाया जाएगा, जो सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। व्यवसायियों को अपने हेल्थ के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जल्द ही चैंबर भवन में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जागरूकता कार्यशाला के आयोजन का भी निर्णय लिया गया।

### एमके दिलीप ने किया एमकेडी फिल्म्स प्रोडक्शंस का शुभारंभ

**रांची/बोकारो।** गीतकार व निमार्ता एमके दिलीप ने एमकेडी फिल्म्स प्रोडक्शंस का शुभारंभ किया है। इसके बैनर तले वे खोरठा, बांग्ला और हिंदी में म्यूजिक वीडियो का निर्माण किया जाएगा। एमके दिलीप बोकारो के रहने वाले हैं और गीत लेखन भी करते हैं। उन्होंने कहा, मेरा यह एक मंच तैयार करने का प्रयास है, जहां पर प्रतिभाशाली कलाकारों को काम दिया जाएगा। ऑडियो और वीडियो की गुणवत्तापूर्ण होगी, जो श्रोताओं व दर्शकों के पसंद के अनुरूप होगी। एमकेडी फिल्म्स प्रोडक्शंस के कई यूट्यूब चैनल हैं, जिनमें एमकेडी फिल्म्स खोरठा, एमकेडी भक्ति, एमकेडी बांग्ला शामिल हैं। एमके दिलीप ने कहा कि झारखंड के गीत संगीत और फिल्म उद्योग में असीम संभावनाएं हैं। जरूरत है सरकार के सहयोग की और लगातार गुणवत्तापूर्ण कार्यों की। इससे राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड के गीत संगीत और फिल्म उद्योग को पहचान मिलेगी।

# छात्र आजसू ने छात्रों के निलंबन मामले की पुनः जांच की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में छात्र आजसू की टीम ने शनिवार को विश्वविद्यालय के कुलपति का घेराव किया। साथ ही, कुलपति को एक ज्ञापन भी सौंपा गया।
ज्ञापन में कहा गया है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने 14 मई 2024 को मेमो संख्या डीएसपीएमयू/ जी/347/24 से तीन छात्रों को विश्वविद्यालय से निलंबित कर दिया और उन्हें भविष्य में विश्वविद्यालय से नामांकन के लिए वर्जित भी कर दिया। ज्ञापन में जिस घटना के बाद यह कार्रवाई की गई, उस घटना का क्रमवार जिक्र करते हुए कहा गया है कि जब छात्र आजसू की टीम ने इसे संज्ञान में लिया, तो पाया गया कि जांच पूरी तरह से एक तरफा की गई है। जांच में किसी भी कमेटी का कोई योगदान नहीं है। जांच में छात्रों के लिए क्रिमिनल, चोर जैसे शब्द का प्रयोग कुलसचिव और डीएसडब्ल्यू द्वारा किया गया है।
आजसू छात्र संघ ने कुलपति से मांग की कि जांच कमेटी पुनः बनाई जाए और सही तरीके से जांच की जाए। तब कुलपति ने आशा देते हुए कहा कि जांच कमेटी पुनः बनेगी और इसकी पुनः जांच होगी। आजसू छात्र संघ ने कुलपति से छात्र हित में मांग की कि राजनीति शास्त्र विभाग के दोनो पक्षों को सामान्य रूप से माफीनामा लिखवा कर लिया जाए।

# मुख्य सचिव ने रांची में निर्माणाधीन अर्बन हाट योजना पर मांगी रिपोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य सचिव एल ख्यिांग्ते ने रांची के कांके में निमार्णाधीन अर्बन हाट योजना की पूरी स्थिति पर रिपोर्ट मांगी है। इस संबंध में उन्होंने शनिवार को नगर विकास विभाग को पत्र लिखा है। मुख्य सचिव ऑफिस के निर्देश के बाद नगर विकास विभाग ने भी नगर आयुक्त, रांची नगर निगम को अर्बन हाट योजना की स्थिति पर अद्यतन रिपोर्ट देने को कहा है।
राजधानी रांची में अर्बन हाट निर्माण योजना में करीब 10 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद इसे बंद कर दिया गया है, यानी इतनी राशि इसमें बर्बाद भी हो गई और योजना अब भी धरातल पर नहीं उतरी। वर्ष 2016 में ही अर्बन हाट योजना बनाने का काम शुरू किया गया था। जिस स्थान पर काम प्रारंभ हुआ, वहां जंगल-झाड़ पहले से काफी था। हालांकि, बाद में तत्कालीन मुख्यमंत्री ने इसकी उपयोगिता पर सवाल उठाए ओर इसे बंद करने का आदेश दिया। अधूरे निर्माण को पूरा करके वहां पर स्किल डेवलपमेंट सेंटर या गर्ल्स हॉस्टल बनाने पर विचार हुआ, लेकिन अब भी यह कागजों पर ही है। व्यापारियों को बड़ा बाजार देने की सोच से अर्बन हाट योजना पर काम प्रारंभ किया गया था। स्थानीय शिल्पकार, पारंपरिक भोजन और कलाकारों को बड़ा मंच मुहैया कराने के लिए अर्बन हाट का निर्माण किया जाना था।



नगर विकास विभाग को लिखा पत्र

# श्री श्याम मंदिर हरमू रोड का स्थापना दिवस आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर का अष्टम स्थापना दिवस समारोह रविवार (19 मई) को होगा। इसे लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मुख्य समारोह रविवार को रात्रि 9:30 बजे से शुरू होगा। पूजन के उपरांत मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी अपनी धर्मपत्नी के साथ खाटूनरेश की अखंड ज्योति प्रज्वलित करके स्थापना समारोह की शुरुआत करेंगे। बताया कि प्रातः 5:00 बजे मंदिर के पट खोल दिए जाएंगे । प्रातः 5:30 बजे मंगल आरती, प्रातः 8:30 बजे श्रृंगार आरती, दोपहर 12:15 बजे शंख आरती, रात्रि 7:00 बजे ग्वाल आरती और रात्रि 8:30 बजे पंचदीप की आरती की जाएगी। देर रात समापन महाआरती की जाएगी। मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू सभी तैयारियां को अंतिम रूप दे रहे हैं। कोलकाता के प्रसिद्ध भजन गायक अभिषेक शर्मा अपने सहयोगियों के साथ रांची आ चुके हैं। कोलकाता बेंगलुरु से मंगाए गए विभिन्न प्रकार के फूलों से बाबा श्याम को सजाया जाएगा।

### 2500 से ज्यादा भक्तों ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद किया ग्रहण

**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 112वां श्री श्याम भंडारा भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि श्री श्याम मित्र मंडल यहां प्रत्येक शनिवार को भंडारे का आयोजन करता है। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवं उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में श्याम भक्त परिवार ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश, रिद्धि सिद्धि, शिव परिवार, बजरंगबली, लड्डू गोपाल, शालिग्रामजी, गरुडजी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। इसके बाद श्याम भक्त परिवार ने खाटूनरेश की मनुहार की। भोग लगे प्रसाद को श्याम भक्त परिवार ने विशाल वृहद भंडारे में मिश्रित करके सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के साथ मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में यजमान परिवार ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद का वितरण प्रारंभ किया। लगभग 2500 से ज्यादा भक्तों ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया।
इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, श्याम सुंदर जोशी, स्नेह पोद्दार, आशीष डालमिया, अभिषेक सरावगी, अनुज मोदी, अमित सरावगी, कमलेश सावा, मनोज खेतावत, उपेंद्र पांडे, मनीष वर्मा सहित 50 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया। यह जानकारी मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।






# गठबंधन धर्म निभाने राष्ट्रीय दल पीछे हटे गिरिडीह में क्षेत्रीय दलों के बीच मुकाबला

**उपेंद्र गुप्ता। गिरिडीह**

**कुर्मी बहुल गिरिडीह लोकसभा सीट पर इस बार सबकी नजरें हैं, गिरिडीह में दो राष्ट्रीय पार्टियों के बीच नहीं बल्कि दो क्षेत्रीय दलों के बीच मुकाबला है, लेकिन इस मुकाबले को छात्र नेता जयराम महतो त्रिकोणीय बनाने में जुटे हैं। इसलिए यहां संग्राम नहीं, महासंग्राम होने के आसार हैं, क्योंकि तीनों कुर्मी जाति से आते हैं। गिरिडीह लोकसभा सीट तीन जिलों गिरिडीह, धनबाद और बोकारो मिलाकर बना है, जिसमें तीनों जिला की छह विधानसभा सीटें समाहित हैं, जिनमें तीन पर झारखंड मुक्ति मोर्चा, एक-एक पर कांग्रेस, भाजपा और आजसू का कब्जा है। इस सीट पर 25 मई को छठे चरण में मतदान होगा। इस बार कुल 18 लाख एक हजार 845 महिला-पुरुष मतदाता मत का प्रयोग करेंगे। इस बार मतदाताओं के बीच कहीं खामोशी है तो कहीं आक्रोश।**

## कांग्रेस-भाजपा के गढ़ पर आजसू का कब्जा

वर्ष 2019 से भाजपा ने भी कांग्रेस की तरह सहयोगी आजसू के लिये यह सीट छोड़ दी है। दोनों राष्ट्रीय दलों की उदारवादी नीति के कारण गिरिडीह संसदीय सीट क्षेत्रीय दलों की होकर रह गई है। वर्ष 2019 के बाद 2024 के चुनाव में भी मुख्य मुकाबला झामुमो के मथुरा महतो और आजसू के सीपी चौधरी के बीच होता दिख रहा है लेकिन इन दोनों के बीच निर्दलीय युवा प्रत्याशी जयराम महतो इस लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने में जुटे हैं। गिरिडीह लोस क्षेत्र में जातीय समीकरण की बात की जाय तो मुस्लिम, कुर्मी, आदिवासी, वैश्य और अगड़ी जाति के मतदाताओं की निर्णायक भूमिका रही है। अबतक हुए चुनावों में क्षेत्र की जनता ने सबसे अधिक भाजपा के रविन्द्र पाण्डेय को पांच बार और भाजपा के ही रामदास सिंह को दोबार सांसद बनाया है। हालांकि, 1952 के बाद कांग्रेस के बड़े नेता और बिहार के मुख्यमंत्री रहे विन्देश्वरी दूबे के अलावा प्रदेश प्रमुख रहे डॉ. सरफराज अहमद सरीखे नेता इस सीट से जीते लेकिन पिछले दो दशकों से गठबंधन के कारण कांग्रेस ने किसी को टिकट नहीं दिया।




### 16 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

वर्ष 1952 से 2019 तक गिरिडीह लोस सीट पर कुल 17 बार चुनाव हुए है, जिसमें पांच बार कांग्रेस, पांच बार भाजपा और तीन बार झामुमो सहित अन्य क्षेत्रीय दलों के सांसद निर्वाचित हुए हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में झारखंड में भाजपा की सहयोगी आजसू के चन्द्रप्रकाश चौधरी ने झामुमो के जगरनाथ महतो को 02 लाख 48 हजार मतों के अंतर से पराजित कर जीत दर्ज की थी। इस बार भी आजसू के चन्द्र प्रकाश चौधरी, झामुमो के मथुरा महतो और निर्दलीय जयराम महतो समेत कुल 16 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है।

## त्रिकोणीय मुकाबला बनाने में जुटे छात्र नेता



*युवाओं के बीच टाईगर के नाम से लोकप्रिय जयराम महतो ने झारखंड में क्षेत्रीय और स्थानीय मुद्दों को लेकर हाल में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का गठन किया है, जिसे एक नए सियासी उभार के तौर पर देखा जा रहा है। स्थानीय नियोजन नीति और भाषा समेत अन्य मुद्दों को लेकर जयराम ने उत्तरी और दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के विभिन्न जिलों में आंदोलन चला रखा है, जिसमें उन्हें युवाओं का जबरदस्त समर्थन हासिल है।*



*वर्ष 2019 की मोदी लहर में विजयी आजसू के सीपी चौधरी को 06 लाख 48 हजार 277 वोट मिले थे जबकि मुख्य प्रतिद्वंद्वी झामुमो के जगरनाथ महतो को 03 लाख 99 हजार 930 वोट प्राप्त हुए थे। इस बार भी क्षेत्र की एक बड़ी आबादी झुकाव पीएम मोदी के पक्ष में दिखायी दे रहा है लेकिन बीते पांच सालों में क्षेत्रीय विकास की उपेक्षा से लोगों में खासी नाराजगी भी है।*



*झामुमो के मथुरा महतो का कहना है कि इस बार जनता बदलाव के मूड में है। झामुमो आदिवासी-मूलवासियों के जीवन स्तर में सुधार लाने को लेकर कृत संकल्पित है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सरकार के कार्यकाल का समावेशी विकास इसका गवाह है। चार जून को पता चलेगा जनता का आशीर्वाद किसे मिला।*

## न्यूज | बॉक्स

### कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में 15 जगहों पर नुक्कड़ सभा आयोजित करेगा राजद

**रांची ।** प्रदेश राजद कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक में रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से इंडी गठबंधन प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में जोर शोर से प्रचार प्रसार करने पर चर्चा की गई। जिसमें 15 जगहों पर नुक्कड़ सभा करने पर सहमति बनी,कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रविवार को 1 बजे राजद कार्यालय में रांची चुनाव अभियान समिति के 55 सदस्यीय संयोजक सदस्यों की आवश्यक बैठक होगी। जिसमें सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य होगी । बैठक में राजद के प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव,रांची लोकसभा क्षेत्र के संयोजक राजेश यादव,सचिव रामकुमार यादव,सुधीर गोप,साजिद आलम,जसीम अख्तर, शब्बर फातमी,मुस्तफा अंसारी,गफ्फार अंसारी,शालिग्राम पांडेय,मैनेजर राय, राम इकबाल चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद थे । बैठक के दौरान महासचिव कैलाश यादव ने बताया कि कल 3 बजे राजद कार्यालय में आजसू,जेएमएम सहित विभिन्न दलों के सैकड़ों महिला एवं समाजसेविका राजद में शामिल होंगे ।

### झामुमो के पूर्व विधायक के बेटे ने आजसू का थामा दामन

**रांची ।** राजनीति का मौजूदा ट्रेंड बदलने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। युवा शब्द का दायरा बड़ा है। इसमें विभिन्न समूह शामिल हैं। और अलग-अलग क्षेत्र में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। राजनीति में अगर युवा थोड़ी दखल बढ़ा दें तो बहुत सी चीजें बदल सकती हैं। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने नावाडीह स्थित देवी महतो इंटर कॉलेज के सामने आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में कही। इस दौरान डुमरी के पूर्व विधायक स्व. शिवा महतो के सुपुत्र झारखंड आंदोलनकारी कार्तिक महतो, वकील महतो, विशाल अग्रवाल, रंजीत अग्रवाल, राजेन्द्र राम समेत कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

### कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ भाजपा पहुंची चुनाव आयोग



**रांची ।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल विधि प्रकोष्ठ के संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंच कर जामताड़ा के कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया है की ह्लनकली राम भक्तों ने मेरे असली राम को जेल में बंद कर दिया। मेरी भाभी सीता मां दुर्गा की अवतार @ बीजेपी झारखंड को जलाकर भस्म कर देगी। साथ में उनका हनुमान कदम से कदम मिलाकर रावण की लंका को जला कर राख कर दूंगा। लोगों से अपील किया की सीता मां के एक एक आंसू का बदला लें और राम जी को सही सलामत वापिस। इस प्रकार का बयान को पोस्ट करने से सनातन धर्म को मानने वालों लोगों को घोर धार्मिक आघात पहुंचा है और साथ ही सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का हर संभव प्रयास किया गया है।उक्त घटना न सिर्फ प्रभु श्रीराम को मानने वाले पर आघात है बल्कि वर्तमान में देशभर में लागू आदर्श आचार संहिता का भी उलंघन है। गौरतलब है की 20 तारीख को गांडेय विधानसभा से पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन महागठबंधन की उम्मीदवार भी है।

### कोडरमा में चुनाव प्रचार समाप्त, बूथ मैनेजमेंट में जुटे कार्यकर्ता

**कोडरमा।** कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में अब विभिन्न दलों और प्रत्याशियों के नेता कार्यकर्ता बूथ मैनेजमेंट में जुट गए हैं। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कोई बड़ी रैली और जनसभा तो नहीं हुई पर रोड शो में गांडेय विधानसभा उप चुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन के साथ सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, जेएमएम के राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, माले नेता राजेश सिन्हा समेत जेएमएम के काफी संख्या में कार्यकर्ता दिखे। वहीं समर्थक कोडरमा लोकसभा के लिए विनोद सिंह को वोट करने की अपील करते दिखे। इस बार चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिरनी में सभा को संबोधित किया वहीं असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वशर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, झारखण्ड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, जेएमएम नेता कल्पना सोरेन, माले के राष्ट्रीय सचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने अलग अलग जगह सभा को संबोधित किया। इस बार चुनावी मौसम में भी फूल विक्रेता निराश रहे। फूल विक्रेताओं का कहना है कि पिछले कुछ चुनाव की अपेक्षा इस बार कारोबार में कमी आई। पहले मंच सज्जा का दो दिन पहले ही काम मिल जाता था। हर नेता के स्वागत के लिए कम से कम 100-150 माला प्रतिदिन खरीदी जाती थीं। प्रत्येक सभा में लगभग 100 बुके बिक जाते थे।

### सत्तारूढ़ गठबंधन पर भाजपा का बड़ा आरोप

# आदिवासी युवतियों से प्रेम विवाह कर सत्ता के लिए हो रहा पॉलिटिकल जिहाद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सत्तारूढ़ गठबंधन पर पॉलिटिकल जिहाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। प्रतुल ने कहा कि मुस्लिम समुदाय के एक तबके के द्वारा भोली भाली आदिवासी लड़कियों को प्रेम जाल में फांसकर विवाह किया जाता है। बाद में आदिवासियों के लिए आरक्षित मुखिया, जिला परिषद, पंचायत ,सरपंच की सीटों पर उन्हें लड़ा कर सत्ता पर काबिज करने का पॉलिटिकल जिहाद होता है। भाजपा प्रवक्ता शनिवार को मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में संवाददाता सम्मेलन में सरकार पर गंभीर आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि उसके बाद इस आदिवासी महिला की भूमिका को कम किया जाता है और सारा कामकाज उसका मुस्लिम पति देखने लगते हैं। प्रतुल ने पाकुड़ जिले के असंख्य उदाहरण देते हुए राज्य के दूसरे जिलों का भी उदाहरण दिया।




### आदिवासी पत्नियों को लड़वाते हैं पंचायत चुनाव

भाजपा नेता ने बताया कि पाकुड़ जिले में ऐसे कई दर्जन उदाहरण हैं जिस पर इन मुस्लिम कट्टरपंथियों ने अपनी आदिवासी पत्नियों को चुनाव जीता कर सत्ता में काबिज होने का षड्यंत्र रचा है।इनमें से कुछ ने तो इन भोली भाली आदिवासी बेटियों को फंसा कर दूसरी और तीसरी पत्नी के रूप में रखा हुआ है। प्रतुल ने पाकुड़ का उदाहरण देते हुए कहा कि लालू शेख, ख्यार शेख, महबूब आलम, आजाद मियां, वकील मंसूरी, उम्मेद अली अंसारी, अब्दुस शमीम, आजाद अंसारी, सागिर अंसारी, मोहम्मद शेख, हजरत अली कई दर्जन ऐसे मुस्लिम युवक हैं जिन्होंने अपनी आदिवासी बेटियों को अपने मोह जाल में फंसा कर विवाह किया।फिर इन पत्नियों को विभिन्न स्तरों के चुनाव में लड़वाया और कई मामलों में जितवाया भी और उनके जरिए पॉलिटिकल जिहाद कर सत्ता पर काबिज हो गए।

# आदिवासी-मुस्लिम को बांट राजनीतिक रोटी सेंकना चाहती है भाजपा : कांग्रेस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने भाजपा प्रवक्ता के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि वर्तमान आम चुनाव में निश्चित हार की ओर बढ़ चुकी भाजपा धीरे-धीरे अपने वास्तविक रंग में आ रही है और बचे हुए चरणों के चुनाव में धार्मिक उन्माद का रंग भरने का प्रयास कर रही है। भाजपा के नेता मानसिक विकृति का शिकार हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि देश और झारखंड में डबल इंजन की जब भाजपा की सरकार चल रही थी तब उसे ऐसे मामले नजर नहीं आए और झारखंड में अपनी हो रही दुर्गति के बाद उन्हें आदिवासी समुदाय की चिंता सता रही है। झारखंड का आदिवासी समुदाय वर्तमान महागठबंधन की झारखंड सरकार में पूरी तरह सुरक्षित है और पूरी तरह से इंडिया गठबंधन के साथ है। भाजपा के कुत्सित मंशा को जब इस समुदाय ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है। तब ये आदिवासी- मुस्लिम भाईचारे को तार-तार कर झारखंड में बचे चरणों के चुनाव में अपनी राजनीतिक रोटी सेंकना चाहते हैं। भाजपा नेता गिरगिट से भी ज्यादा खतरनाक है जो हर पल रंग बदलते रहते हैं। इनका आदिवासी प्रेम का सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह झारखंड का लगातार दौरा कर रहे हैं लेकिन केंद्र द्वारा लटकाए गए सरना धर्म कोड बिल के बारे में कुछ नहीं बोल रहे हैं। उनकी हताशा का आलम यह है कि चुनाव में जीत हासिल करने के लिए देश को धार्मिक युद्ध का रणक्षेत्र बनाना चाहते हैं लेकिन जनता खामोश रहकर इनकी करतूतों को देख और सुन रही है।



*भाजपा नेता गिरगिट से भी ज्यादा खतरनाक है जो हर पल रंग बदलते रहते हैं।*

उन्होंने कहा कि आलमगीर आलम के मंत्री पद से इस्तीफा देने का कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं है और इससे किसी भी जांच पर कोई फर्क नहीं पड़ता है यदि पूरी तरह से स्वतंत्र है कि वह जांच करें इसके लिए भाजपा नेताओं को सलाहकार और मार्गदर्शक बनने की आवश्यकता नहीं है, इसकी भूमिका भाजपा का शीर्ष नेतृत्व पूरी तरह निभा रहा है। यह देश संविधान और कानून से चलता है जिसकी धज्जियां भाजपा पिछले एक दशक से उड़ाते आ रही है लेकिन चुनाव परिणाम संविधान के साथ खिलवाड़ करने की मंशा रखने वाले लोगों के मुंह पर करारा तमाचा साबित होगा।

# झामुमो और कांग्रेस के भ्रष्टाचार से राज्य की छवि हुई खराब : सुदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि सत्तारूढ़ झामुमो और कांग्रेस के भ्रष्टाचार ने राज्य की छवि बिगाड़ कर रख दी है। लोकसभा चुनावों में जनता इसका बदला लेगी। साढ़े चार साल में राज्य ने बहुत कुछ खोया है। राज्य की गरिमा और भविष्य संवारना हमारी प्राथमिकता है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष ने बाघमारा में आयोजित एनडीए की चुनावी बैठक में कही। इस दौरान गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से बड़ी जीत दर्ज करने की रणनीति और चुनावी अभियान की समीक्षा की गई।



**भाजपा-आजसू के कार्यकर्ता कंधे से कंधे मिलाकर कर रहे काम :** सुदेश महतो ने कहा कि चुनावों की तारीख नजदीक है। बीजेपी और आजसू के कार्यकर्ता कंधे से कंधे मिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों और मिशन को कामयाब बनाने में काम करें। राज्य की सभी 14 सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करना ही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि विकास आधारित राजनीति एनडीए का मजबूत स्तंभ है।

### भाजपा आलाकमान का विधायकों को कड़ा निर्देश

# विस का टिकट चाहिए, तो पार्टी प्रत्याशी को हरहाल में जिताएं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर भाजपा आलाकमान ने राज्य के भाजपा विधायकों को कड़ा टास्क दे दिया है,जिससे सीटिंग विधायकों की चिंता बढ़ गयी है। विधायकों को समझ में नहीं आ रहा है कि वे करें तो क्या करें। भाजपा की सेंट्रल कमेटी के पदाधिकारियों का स्पष्ट निर्देश है कि वह हर हाल में अपने क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी को लोकसभा चुनाव में जीत दिलाने के लिए मेहनत करें। सभी विधायक अपने-अपने चुनाव क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी को जीत दिलाएं। जनता को एकजुट करें।



**कम पोलिंग और हार पर विधायकों पर गिरेगी गाज :** पार्टी आलाकमान ने साफ कहा है कि किसी भी हाल में यदि संबंधित विधानसभा क्षेत्र से कम पोलिंग होती है और सांसद हारता है, तो आगामी विधानसभा चुनाव में संबंधित क्षेत्र के भाजपा विधायक को टिकट देना विचारणीय हो जायेगा। भाजपा के एक बड़े नेता ने नाम ना छापने की शर्त पर यह बातें कहीं। उनका साफ कहना है भाजपा अनुशासित पार्टी है। यहां कार्य करने वाले कार्यकताओं की पूछ होती है और फांकीबाज नेताओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है। केन्द्रीय आलाकमान भाजपा में नकारा नेताओं को बर्दाश्त नहीं करता है। ऑफ द रिकॉर्ड भी भाजपा के सभी विधायकों को यह निर्देश सुना दिया गया है। इसके बाद से कई विधायक रेस हैं। वे लगातार क्षेत्र का दौरा कर जनसम्पर्क कार्य करने में जुटे हैं।

**तीसरी बार मोदी सरकार के लिए सांसदों की जीत महत्वपूर्ण :** प्रदेश भाजपा के पदाधिकारियों ने अपने सभी विधायकों को नसीहत दे रखी है कि इस बार लोकसभा चुनाव में प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर काम करें। हर हाल में संबंधित क्षेत्र के सांसदों को जीत दिलाएं ताकि मोदी फिर से प्रधानमंत्री बन सकें। किसी भी हाल में कोताही बरतने पर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के विधायकों को पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में टिकट देने पर भी आपत्ति जतायी जा सकती है।

### पांचवें चरण में कोडरमा, चतरा और हजारीबाग में कल मतदान

# नक्सल क्षेत्रों में हेलीड्रॉपिंग किए जा रहे मतदानकर्मी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि पांचवें चरण के मतदान के लिए मतदानकर्मियों की रवानगी शुरू हो गयी है। रविवार तक यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। पांचवें चरण में चतरा, हजारीबाग और कोडरमा में 20 मई को मतदान होना है। उन्होंने बताया कि लातेहार और चतरा के लिए हेलीड्रॉपिंग के माध्यम से 148 मतदानकर्मियों और सेक्टर ऑफिसर को मतदान केंद्र तक भेजा गया है। वह शनिवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रहे थे।

**मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर विशेष फोकस :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग का फोकस मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर है। इसे लेकर जनजागरूकता के साथ तमाम उपाय किये जा रहे हैं। इसके लिए माइकिंग से मतदाताओं को जागरूक करने और मतदाताओं को मतदान केंद्र तक ले जाने के लिए मोबलाइजेशन पर जोर रहेगा। इसके लिए मतदान की गति बढ़ाने के उपाय किये गये हैं। उसके तहत एक बार में तीन मतदाताओं को मतदान केंद्र के भीतर जाकर मतदान की सुविधा दी जा रही है। जिस बूथ पर 1200 से अधिक मतदाता हैं, वहां एक अतिरिक्त मतदानकर्मी को लगाया जा रहा है, ताकि कतार लंबी नहीं हो, मतदान की गति बढ़े और लोगों को इंतजार नहीं करना पड़े। वहीं रिजर्व में रखे गए मतदानकर्मियों को भी जरूरत के अनुसार मतदान केंद्रों पर लगाया जाएगा।

**सीरियल नंबर नोट कर जाएं मतदान केंद्र :** उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि मतदान के लिए जाते वक्त अपने साथ मतदाता सूची का सीरियल नंबर नोट कर जरूर लेकर जाएं।




### चौथे चरण में पुरुषों से अधिक महिलाओं ने डाले वोट

उन्होंने बताया कि चौथे चरण के चुनाव में मतदान करने में महिलाएं पुरुषों पर भारी पड़ी हैं। इस चरण में सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में मतदान हुआ है। सिंहभूम में कुल 10,03,482 वोट पड़े हैं, जो कुल मतदाताओं का 69.32 प्रतिशत है। इसमें महिलाओं ने 69.93 प्रतिशत के हिसाब से 5,14,639 वोट डाले हैं। जबकि पुरुषों ने 68.69 प्रतिशत के हिसाब से 4,88,836 वोट डाला है। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के 6 में से सिर्फ एक विधानसभा क्षेत्र सरायकेला में महिलाओं की अपेक्षा पुरुषों का मतदान प्रतिशत अधिक रहा है। खूंटी में कुल 9,27,422 वोट पड़े हैं, जो कुल मतदाताओं का 69.93 प्रतिशत है। इसमें महिलाओं ने 70.50 प्रतिशत के हिसाब से 4,76,292 वोट डाले हैं। जबकि पुरुषों ने 69.35 प्रतिशत के हिसाब से 4,51,127 वोट डाला है। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के 6 में से सिर्फ एक विधानसभा क्षेत्र तमाड़ में महिलाओं की अपेक्षा पुरुषों का मतदान प्रतिशत अधिक रहा है। लोहरदगा में कुल 9,57,690 वोट पड़े हैं, जो कुल मतदाताओं का 66.45 प्रतिशत है। इसमें महिलाओं ने 68.63 प्रतिशत के हिसाब से 4,99,182 वोट डाले हैं। जबकि पुरुषों ने 64.22 प्रतिशत के हिसाब से 4,58,507 वोट डाला है।

# मोदी सरकार के कार्यकाल में बंद हुआ एचसीएल का राखा माइंस : सुप्रियो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पीएम मोदी रविवार को जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विद्यूत वरण महतो के पक्ष में प्रचार करने मउभण्डार (घाटशिला) आ रहे हैं।इसके पहले झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पीएम नरेंद्र मोदी के जमशेदपुर दौरे को लेकर कई सवाल किया है। उन्होंने कहा कि पीएम रविवार को जहां आ रहे हैं, वहां देश का सबसे बड़ा ताम्र सम्पदा है। वहां पर देश के प्रतिष्ठित हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड स्थित है, जो मउभण्डार में ही है। हिन्दुस्तान कॉपर का राखा तांबा खान, सुरदा तांबा खान, मुसाबनी तांबा खान से ही हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड चलता है। मोदी के सरकार में आने के बाद यह तीनों खान केंद्र सरकार की नीतियों के कारण बंद हो गई और हजारों श्रमिकों के साथ उनके परिवार जन दाने-दाने को मोहताज हैं। झामुमो नेता ने कहा कि तत्कालीन खान मंत्री नरेन्द्र तोमर आपके हवाले से कहते रहे कि पुनः खानों को चालू किया जाएगा। आपके विगत 10 वर्षों से यहां के सांसद रहे जो आज प्रत्याशी भी हैं, बार-बार झूठ बोलते रहे कि हम उत्पादन शुरू करेंगे। लेकिन आप ही के भाषा का जुमला रट कर वो बोलते रहे, जो आज तक चालू नहीं हुआ। क्या आपको तांबा खान के इन श्रमिकों के घाव पर नमक और मिर्च छिड़क कर उनके आह से शान्ति मिलेगी? राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास जो आज उड़ीसा के राज्यपाल हैं और सांसद 2014 में धालभूमगढ़ में एयरपोर्ट के निर्माण के लिए भूमिपूजन किये एवं शिलापट्ट लगाए, जिसमें आज तक एक भी ईंट नहीं जोड़ा गया।



*पीएम रविवार को जहां आ रहे हैं, वहां देश का सबसे बड़ा ताम्र सम्पदा है।*

## एक नजर

### मतदान करने के लिए आवश्यक दस्तावेजों की सूची

**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग (रामगढ़) के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान जिन मतदाताओं का नाम संबंधित मतदान केंद्र के मतदाता सूची में हो वे निम्न दस्तावेजों के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग मतदान कर सकते हैं। 1. पासपोर्ट, 2. आधार कार्ड, 3. ड्राईविंग लाइसेंस, 4. बैंक/पोस्ट ऑफिस द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, 5. पैन कार्ड, 6. एनपीआर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, 7. मनरेगा जॉब कार्ड, 8. श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, 9. पेंशन दस्तावेज कार्यालयीय पहचान 10. संसद/ विधायक/ पार्षद को जारी कार्ड, 11. विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र, 12. सेवा पहचान पत्र जरूरी है।

### चुनाव प्रचार के अंतिम दिन एनडीए और यूपीए के समर्थकों ने चलाया जोरदार अभियान



**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा का चुनाव 20 मई को संपन्न होगा । जिसके लिए 17 मई को प्रचार का अंतिम दिन था। जबकि 19 मई को प्रत्याशी बगैर शोर गुल के घर घर जाकर मतदाताओं से अपने अपने पक्ष में मतदान की अपील कर सकते हैं। 18 मई को एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में भाजपा, आजसू, जदयू कार्यकर्ताओं द्वारा बाइक रैली निकालकर मतदाताओं से मनीष जायसवाल के पक्ष में मतदान की अपील की गई। जबकि इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के समर्थन में कांग्रेस, झामुमो, आरजेडी कार्यकर्ताओं द्वारा बाइक रैली का आयोजन कर लोगों से उनके पक्ष में मतदान की अपील की गई ।

### शांतिपूर्ण मतदान कराने को लेकर बरकट्ठा में किया गया फ्लैग मार्च

# पुलिस प्रशासन मुस्तैद, निर्भीक होकर वोट देने के लिए मतदाताओं से की गई अपील



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
लोकसभा चुनाव को लेकर कोडरमा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत बरकट्ठा में 20 मई को मतदान होना है। जिसे लेकर बरकट्ठा तथा गोरहर पुलिस प्रशासन काफी गंभीर है। चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर अपनी सारी तैयारियां पुलिस प्रशासन द्वारा कर ली गई है। इस निमित्त बरकट्ठा व गोरहर पुलिस प्रशासन द्वारा निर्भीक मतदान करने को लेकर फ्लैग मार्च किया गया। इस निमित बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, बरकट्ठा थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता, एएसआई रमेश कुमार हजाम, गोवा पुलिस ,तथा गोरहर थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह, अन्य पुलिसकर्मी ,मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय, पंचायत सेवक कैलाश प्रसाद के साथ दर्जनों की संख्या में बरकट्ठा व गोरहर थाना के पुलिस जवान अपने अपने पोषक क्षेत्रों में फ्लेग मार्च किया। बरकट्ठा थाना प्रभारी ने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में हमारा सहयोग करें तथा किसी भी परिस्थिति में कानून को अपने हाथ में ना ले ।अपने पोषक क्षेत्र का फ्लेग मार्च करने के दौरान गोरहर थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस प्रशासन आपकी सुरक्षा के लिए कटिबंध है ।आप निर्भीक होकर मतदान करें ।इस दौरान दोनों थाना प्रभारी ने सभी बूथ का निरीक्षण किया तथा विधि व्यवस्था का जायजा लिया।

# बरही की रानी को मिला एक्सीलेंस ब्यूटी अवार्ड

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**



बरही रसोईया धमना निवासी केदार साव की पुत्री रानी शीतल को एक्सीलेंस ब्यूटी अवार्ड से नवाजा गया है। पिछले दिनों पटना में आयोजित इस प्रतियोगिता में रानी अव्वल रही थी। जिसके लिए भोजपुरी में मशहूर गायिका अक्षरा सिंह ने उसे सम्मानित किया। रानी आनंदा कॉलेज हजारीबाग में बीए की छात्रा है। रानी ने ब्यूटी की पढ़ाई लाइकमी एकेडमी रांची से की थी, वर्तमान में वह हजारीबाग में रानी मेकओवर की संचालिका है। साथ ही होम सर्विसिंग की सुविधा राज्यभर में प्रदान करती है। रानी स्व. रेनू शीतल व केदार साहू की पुत्री है। उनके पैतृक गांव बरही के रसोईया धमना में है। बता दे कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में रानी ने प्रथम स्थान प्राप्त की है। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिभागी पहुंचे थे। रानी से बात करने पर उन्होंने बताया कि यह उनकी मेहनत का परिणाम है, इसका श्रेय हमारी स्वर्गीय माता रेनू शीतल, पिता केदार साहू व हमारी सहेलियों व दोस्तों को जाता है। रानी ने कहा कि मेरी मां का देहांत बीमारी के कारण एक वर्ष पूर्व हो गया था। कहा कि मेरी एक छोटी बहन है, वह मेरे साथ ही नूतन नगर स्थित अपार्टमेंट में रहती है। पिता पंचायत सेवक के पद पर हजारीबाग जिला के चौपारण प्रखंड में कार्यरत है।

## न्यूज बॉक्स

### डिवाइन पब्लिक स्कूल में मतदाता जागरूकता को लेकर विविध कार्यक्रम का आयोजन




**बरकट्ठा।** लोकसभा चुनाव 2024 महापर्व पर डिवाइन पब्लिक स्कूल के शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मियों व छात्रों द्वारा शपथ ग्रहण कर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं बच्चों ने अपने माता-पिता को जागरूक करने के लिए शपथ ग्रहण किया और उनसे वोट करने की अपील की। कक्षा नौवीं और दसवीं के छात्रों ने चुनाव से संबंधित नुक्कड़ नाटक, कविता व मतदान संबंधित नारे प्रस्तुत किया और सभी से इस बार मतदान अवश्य करने का आग्रह किया। इस निमित्त शिक्षकों ने मतदान की महत्ता, मांक पांल, वृद्ध व दिव्यांग व्यक्ति के लिए व्यवस्था, चैलेंज वोट, टेंडर वोट, प्रोक्सी वोट व सामान्य वोट की जानकारी दी ।बताया कि वोटिंग का समय सुबह 7.00बजे से शाम6.00 बजे तक है। मतदान अवश्य करें। विद्यालय निदेशक आई.पी. भारती ने कहा पहले मतदान फिर जलपान करें। वोट देना आपका कर्तव्य और अधिकार है। कार्यक्रम को सफल बनाने मे पूनम कुमारी, अनिल कुमार, मुरलधर महतो, नुकेश कुमार,रामननदन कुमार, अभिशेख कुमार, पंकज कुमार, अविशेष कौशल आदि का योगदान रहा।

### भ्रष्टाचार की जड़ है कांग्रेस और भाजपा : भुवनेश्वर प्रसाद मेहता



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** हजारीबाग के पूर्व सांसद सह भाकपा के वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी, विस्थापन, दोहन की जड़ है। आज देश की जनता महगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, से जूझ रही है। वहीं भाजपा देश में सांप्रदायिक द्वेष फैलाकर फिर सत्ता में काबिज होना चाहती है। भाजपा के प्रधानमंत्री, वरीय मंत्री, अन्य नेता या उम्मीदवार को भी देश में व्याप्त भ्रष्टाचार, महंगाई ,बेरोजगारी, पलायन, विस्थापन की बात कोई नहीं करते हैं। अगर गलती से भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन गई। तो देश का लोकतंत्र और संविधान पर खतरा है। झारखंड में भी कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनी। जिसमें भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है।

### खतियानी परिवार की बैठक में की गई मतदान की अपील



**हजारीबाग।** शनिवार को खतियानी परिवार की बैठक धरना स्थल के समीप सईद अहमद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आम लोगों से अपील की गयी की अधिक से अधिक संख्या में अपने मतो का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करें। बैठक में रामवतार भगत, मो हकीम, अन्वर हुसैन, सुरेश महतो, बाबूभाई विद्रोही, शम्भू ठाकुर, अशोक राम, दुलारी देवी, आशा देवी, अमर कुमार, तनवीर अहमद, बिन्दु देवी समेत अन्य साथी उपस्थित हुए।

### 'वर्ल्ड हाइपर टेंशन डे' पर डेंटल कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**हजारीबाग ।** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के ओपीडी प्रांगण में 'वर्ल्ड हाइपर टेंशन डे' पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मरीजों को हाइपर टेंशन या उच्च रक्तचाप के प्रति जागरूकता फैलाया गया। जागरूकता कार्यक्रम में चिकित्सकों द्वारा मरीजों को उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। 'मेजर योवर ब्लड प्रेशर एक्यूरेटली, कंट्रोल इट, लिव लोंगर' थीम पर छात्रों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। हाइपर टेंशन से बचाव व उपचार के माध्यम से जागरूक किया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ के श्रीकृष्ण ने नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम में शामिल छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर हौसला अफजाई एवं उनकी उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने 'वर्ल्ड हाइपर टेंशन डे' की जानकारी दी। डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि हाई ब्लड प्रेशर या हाइपरटेंशन यानी उच्च रक्तचाप दुनिया भर में हृदय रोगों और समय से पहले मौत की सबसे बड़ी वजहों में एक है। अपने रक्तचाप को सटीक रूप से मापें। इसे नियंत्रित करें और लंबे समय तक जीवित रहें। ब्लडप्रेशर को कंट्रोल रखना बहुत आवश्यक है। मौके पर प्राचार्य डॉ के श्रीकृष्ण एवं डॉ सायंतन चक्रवर्ती सहित कई छात्र- छात्राएं शामिल रहे।

### पूर्व झामुमो जिला उपाध्यक्ष यासीन खान ने कल्पना सोरेन से की भेंट



**बरकट्ठा।** पूर्व झामुमो जिला उपाध्यक्ष यासीन खान ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन से भेंट कर जीत की अग्रिम बधाई दी। साथ ही झारखंड के मंत्री हफीजूल हसन के नेतृत्व में गांडेय विधानसभा में चल रहे सघन जनसंपर्क अभियान की जानकारी देते हुए भरोसा दिलाया की गांडेय विधानसभा उपचुनाव में जनता मन बना चुकी है। हेंमत सोरेन के कार्यकाल में झारखंड की चहुंमुखी विकास हुआ है इसीलिए जनता के मुताबिक आपकी जीत सुनिश्चित है । पूर्व जिला उपाध्यक्ष यासीन खान ने उपचुनाव में जीत की अग्रिम बधाई।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने बैठक कर मतदान के लिए लोगों को किया प्रोत्साहित



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई हजारीबाग जिला अध्यक्ष अरुण प्रभात सिन्हा के नेतृत्व में आज एक बैठक मुनका बगीचा में आयोजित हुई। हजारीबाग जिला कार्यालय समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सभी लोग मतदान करें और इस लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। लोगों से जागरूकता अभियान चला कर ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि 20 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा करें। साफ सुथरी छवि के उम्मीदवार को अपना मत देकर अपने मताधिकार का सदुपयोग करें। किसी के दबाव या प्रभाव में ना आकर लोग स्वेच्छा से अपना मतदान करें। बैठक में जिला अध्यक्ष अरुण प्रभात सिन्हा, अजय कुमार अम्बष्ठ, विपिन बिहारी, अनूप कुमार सिन्हा, संजय कुमार सिन्हा, भैया संतोष कुमार, भैया मुरारी सिन्हा, महिला जिला अध्यक्ष अर्चना सिन्हा, श्वेता सिन्हा, रूपेश बिहारी लाला, रश्मि बिहारी लाला, विभुती कुमारी सिन्हा एवं शशिकांत उपस्थित थे।

### मतदान की तैयारियां जोरों पर, आज कर्मी अपने बूथों के लिए होंगे रवाना

# दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों के लिए ऑटो की है व्यवस्था



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
18वीं लोकसभा चुनाव में बरही प्रखंड से कुल 1,06,354 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. जिसमें 54, 576 पुरुष और 51, 788 महिला मतदाता शामिल हैं. उक्त जानकारी देते हुए जेपीएस सावना मांझी ने बताया कि मतदान को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। सभी मतदान कर्मियों को रविवार तक अपने बूथ पर पहुंचना है. बरही विस में कुल 400 और बरही प्रखंड में कुल 123 मतदान केंद्र बनाए गए हैं. बरही के 12 बुथ क्रिटिकल घोषित किए गए हैं. जिनमें कटिऔन बूथ संख्या 298, केवाला बूथ संख्या 285, करियातपुर बूथ संख्या 362, 363, 364, जीतपुर बूथ संख्या 348, कुटमा बूथ संख्या 349, दुलमहा बूथ संख्यां 367, 368, 369, 370 तथा श्रीनगर बूथ संख्या 344 शामिल है. जहां सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं. इन सभी केंद्रों पर सीसीटीवी लगाए जा रहे हैं. जहां मतदान को कंट्रोल रूम के साथ सीधे लाइव किया जायेगा. वहीं केवाल स्थित विरहोर कॉलोनी के बूथ को स्पेशल घोषित किया गया है. जिसे विशेष रूप से सोहराय कला से सजाया जा रहा है. इस मतदान केंद्र पर कुल 106 विरहोर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. श्री मांझी ने बताया कि वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं के लिए ऑटो की व्यवस्था की गई है. जो मतदान के लिए लाने और वापस घर ले जाने का काम करेगा.

**प्रखंड के एक लाख छह हजार तीन सौ चौवन मतदाता 123 बूथों पर करेंगे मतदान, 12 क्रिटिकल घोषित**

### थमा प्रचार का शोर, प्रत्याशी और कार्यकर्ता चले बूथ मैनेजमेंट की ओर

## अब डोर टू डोर खूब लगेगा जोर



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
18वीं लोकसभा के पांचवे चरण का चुनाव 20 मई (सोमवार) को होना है. जो सुबह 7 बजे से संध्या पांच बजे तक होगा. नियमानुसार चुनाव के 48 घंटे पूर्व सभी राजनीतिक पार्टियों का चुनाव प्रचार का शोर आज शनिवार से बंद हो गया. अब सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशी और उनके कार्यकर्ता बूथ मैनेजमेंट में लग गए हैं. डोर टू डोर भ्रमण कर मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने का काम प्रारंभ कर दिए हैं. चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा की ओर से बाइक रैली निकालकर मतदाताओं को अपनी लोकप्रियता का एहसास करवाया गया. इस लोकसभा चुनाव में मतदाताओं ने भी अब तक अपने पत्ते स्पष्ट नही किए हैं. विभिन्न क्षेत्रों के मतदाताओं से मिले संकेत से स्पष्ट है कि बरही लोकसभा क्षेत्र में मुख्य रूप से इंडिया और एनडीए गठबंधन में कांटे की टक्कर के संकेत मिल रहे है. इंडिया गठबंधन को जहां अल्पसंख्यक, दलित सहित बरही और बड़कागांव विधायक, पूर्व विदेश मंत्री व उनके समर्थक, भाजपा के बागी कार्यकर्ताओ और कुछेक अगड़ी जाति के लोगो पर निगाहे टिकी है. वही एनडीए उम्मीदवार को पीएम मोदी के चुनावी लहर के अलावा बरही के पूर्व विधायक व उनके समर्थक, वैश्य समाज और मोदी सरकार के कार्यों पर विश्वास है. दोनों ही उम्मीदवार वर्तमान हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के मांडू और सदर विस क्षेत्र से भाजपा के ही विधायक है.

## हजारीबाग संसदीय क्षेत्र की जनता की चुप्पी बनी एक पहेली

**विजय केसरी**





हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव में जनता की चुप्पी एक पहेली बनी हुई है। इस चुनाव में जनता का रुख किसी ओर है? कोई स्पष्ट पिक्चर उभर कर सामने नहीं आ पा रही। इस चुनाव में सत्रह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। सभी उम्मीदवार अपनी अपनी जीत के दावे कर रहे हैं, इसके साथ ही सभी उम्मीदवार अपनी ओर से चुनाव जीतने के लिए पूरी तरह जोर लगा दिए हैं। हर एक उम्मीदवार घर-घर जाकर चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। कई उम्मीदवार हैंड मिल के माध्यम से सीधे लोगों से मिल रहे हैं। लेकिन मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी के मनीष जायसवाल और कांग्रेस पार्टी के जे.पी.भाई पटेल से है। दोनों के बीच कांटे का संघर्ष बताया जा रहा है। इस संसदीय क्षेत्र के पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इन पांचों क्षेत्र में में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी के ही कार्यकर्ता ज्यादा नजर आ रहे हैं। यह चुनाव कई मायने में बहुत ही दिलचस्प बन गया है। एक ओर अगर उम्मीदवार चतुर बनने की कोशिश कर रहे हैं, तो दूसरी ओर मतदाता भी कम चतुर नजर नहीं आ रहे हैं। दोनों उम्मीदवारों को इस संसदीय क्षेत्र की जनता वोट देने का आश्वासन दे रही है। लेकिन जनता का मिजाज क्या है? यह पता ढंग से नहीं लग पा रहा है। मनीष जायसवाल और जे.पी. भाई पटेल दोनों विधायक हैं। दोनों पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों को अपने-अपने क्षेत्र में काम करने का अच्छा अनुभव है । दोनों जमीन से जुड़े हुए नेता हैं। दोनों अपने-अपने क्षेत्र में हमेशा सक्रिय रहने वाले नेता हैं। मनीष जायसवाल दो बार विधायक रहे हैं । वहीं जे.पी. भाई पटेल मांडू विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। 2014 में झारखंड मुक्ति मोर्चा के टिकट पर मांडू विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े थे । उन्होंने महेश सिंह को लगभग सात हजार वोटो से पराजित किया था। वही मनीष जायसवाल भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर 2004 में हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े थे।

### कैंट मंडल में भाजपा ने निकाली बाइक रैली कुंटू बाबू हुए शामिल

**रामगढ़।** शनिवार को पूर्वाहन 11:00 बजे भाजपा कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में पूरे कैंट मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी का झंडा लगाकर सैकड़ों बाईक से भ्रमण किया। जिसमे मुख्य रूप से लोकसभा सह संयोजक रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू उपस्थित रहे। लोकसभा चुनाव प्रचार के अंतिम दिन हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी सह सदर विधायक मनीष जयसवाल के समर्थन में रामगढ़ जिले के सिद्धू कान्हु मैदान से सैकड़ों की संख्या में बाइक रैली चट्टी,थाना चौक,रांची रोड,बिंझार से वापस नई सराय थाना चौक से पटेल चौक तक गई फिर वहां से राधागोविंद स्कूल रोड से होते हुए पोचरा तक गई और पोचरा से वापसी में ब्लॉक चौक आकर रैली संपन्न हुई। रैली में मुख्य रूप से शिवकुमार महतो, सत्यजीत चौधरी,अजीत गुप्ता, राजेश ठाकुर, तरुण साव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिप सदस्य को मोदी का मिला आशीर्वाद

# पार्टी बदलने और सहानुभूति वोट लेने में विश्वास नहीं करती : कुमकुम



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
दया बहन के नाम से प्रसिद्ध जिला परिषद सदस्या बरकट्ठा सह भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता कुमकुम देवी अपनी पार्टी बीजेपी का प्रचार करने के तरीके से इन दिनों काफी चर्चा में है। लोगों की माने तो कुमकुम बिना किसी तामझाम और दिखावटी दुनिया से दूर अपने प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी की जीत के लिए वोटरों को बेहतर तरीके से समझा कर उन्हें कमल फूल छाप पर वोट देने के लिए प्रेरित कर रही है। खेत खलिहानों, रास्तों, बाजारों, घरों व अन्य स्थानों में वोटरों को प्रेम पूर्वक समझाने और अन्नपूर्णा देवी को विजई बनाने के लिए एड़ी चोटी एक किए हुए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों की माने तो आने वाले दिनों में भाजपा उन्हें बड़ी जिम्मेवारी दे सकती है तभी तो विगत दिनों गिरिडीह के बिरनी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके सर पर हाथ रखकर उन्हें आशीर्वाद दिया। वहीं इस वाक्या से कुमकुम एवं उनके समर्थक काफी उत्साहित हैं। कुमकुम के समर्थकों का कहना है कि मोदी से मिलना आसान नहीं है फिर भी कुमकुम की मेहनत और पार्टी के प्रति ईमानदारी के कारण भाजपा के बड़े-बड़े नेता उन्हें सम्मान देने में कोई कमी नहीं करते। वहीं पत्रकारों से बातचीत में कुमकुम ने बताया कि शुरू से ही मैं और मेरा परिवार बीजेपी पार्टी से ताल्लुक रखता है। हमारे चाचा ससुर खगेंद्र प्रसाद भाजपा से बरकट्ठा विधानसभा के दो बार विधायक रहे हैं। उन्होंने बरकट्ठा विधानसभा में बीजेपी को एक नई पहचान दी। उनके ही नक्शे कदम पर मैं चल रही हूं। ना तो मुझे पार्टी बदलने का शौक है और ना ही जनता के बीच रो धोकर सहानुभूति वोट लेना है। मैं अपने कर्म पर विश्वास रखती हूं। बीजेपी मेरे रग रग में बसा है। कोडरमा लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को जीताने का जी तोड़ कोशिश कर रही हूं। पूरा विश्वास है कि वे चुनाव जीत कर कोडरमा लोकसभा क्षेत्र का नए सिरे से विकास करेंगी।

### 203 कोबरा वाहिनी ने निकाली साइकिल रैली, पर्यावरण और मतदान के लिए किया जागरूक

**बरही ।** भारत सरकार के मिशन माई लाइफ के तहत कोबरा 203 के अधिकारियों व जवानों ने साइकिल रैली निकालकर लोगो को पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया. कमनाडेंट पवन कुमार सिंह की अगुवाई में निकाला गया रैली बरही बाजार भ्रमण कर लोगो को पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया. साथ ही 20 तारीख को होनेवाले लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेकर देश को स्थाई और मजबूत सरकार बनाने की अपील किया. इस दौरान कमांडेंट ने लोगो से भारत सरकार के मिशन माई लाइफ की जानकारी देते हुए वन संरक्षण और वृक्षारोपण की अपील किया. उन्होंने बताया कि यह अभियान बीते 5 मई से 6 जून तक पूरे देश में चलाया जा रहा है. रैली में वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी गौरव कुमार, गंगावणे कैलाश संभाजी, उपकमांडेन्ट जितेन्द्र कुमार समेत अन्य अधिकारीगण, अधिनस्थ अधिकारीगण एंव जवान भाग लिया. विदित हो कि 203 वाहिनी ने अपने सिविक एक्शन के तहत प्रत्येक वर्ष कई जागरूकता, आवश्यक सामग्री वितरण आदि कार्यक्रम के माध्यम से आम जनता को लाभ पहुंचाने का काम किया हैं।

### दामोदर घाटी निगम में मनाया जा रहा स्वच्छता पखवाड़ा

## दाघानि मंदिर परिसर में चलाया गया सफाई अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत एवं समृद्ध भारत के आलोक में भारत सरकार के कैबिनेट सचिव के पत्रानुसार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दामोदर घाटी निगम, हजारीबाग परियोजना में 16 मई से 31 मई तक स्वच्छता पखवाड़ा के तहत अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को दाघानि कर्मियों द्वारा तीन टोलियां बनाकर तीन-तीन विभिन्न स्थलों में साफ-सफाई किया गया। सबसे पहली टीम ने दाघानि मंदिर परिसर में सघन सफाई किया। इस अभियान में अमित कुमार शील, वरिष्ठ मुख्य अभियंता, डॉ० अशोक कुमार, सुरेंद्र रजक, हरेन सरकार, दिगम्बर प्रसाद, संदीप पाल, धनपति,भद्रो दा, धीरज कुमार, सुनील कुमार, मदन कुमार एवं शंकर सिंह ने सहयोग प्रदान किया। अभियान में दाघानि कार्मिकों की दूसरी टीम निदेशक भूसंवि व परियोजना प्रधान संजय कुमार के साथ हजारीबाग के नजदीक जगदीशपुर गांव में जाकर साफ-सफाई किया और जल जमाव क्षेत्र पर ब्लिचिंग पाउडर का छिड़काव किया। इसके साथ ही वहां उपस्थित ग्रामीणों के बीच साफ-सफाई के महत्व का संदेश दिया। इसमें राहुल रंजन, दीपक कुमार, सुबोध बागदी, पप्पु एवं विनोद ने सहयोग प्रदान किया। दाघानि कार्मिकों की तीसरी टीम ने तिलैया रिजर्वायर क्षेत्र में अवस्थित चचरो आईलैंड जो कि सैलानियों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहता है।

## एक नजर

### बोलबा के किलेसेरा गांव में बजरंगबली मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 23 मई को

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के किलेसेरा गाँव में आगामी 23 मई को बजरंगबली मूर्ति का प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।आयोजन समिति ने बताया कि इस मौके पर 23 मई 2024 को प्रातः 6 बजे कलश यात्रा, 8 बजे बजरंगबली हनुमान मूर्ति का प्राण-प्रतिष्ठा, प्रातः 8 बजे से अष्ट प्रहरी अखण्ड हरि कीर्तन नाम यज्ञ आरम्भ होगी । बताया गया कि इस मौके पर विभिन्न गांवों से कीर्तन मण्डली को आमंत्रित किया गया है । साथ ही हिन्दू समाज के कई वरिष्ठ लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है ।इस मौके मधु तिर्की, धनीराम बेहरा, पलटन बेहरा, चक्रधर महानदिया, नकुल माँझी, ललन माँझी, जुगल बेहरा एवं अन्य लोग मौजूद थे।

### हाई स्कूल ओडगा, भेलवाडीह एवं कोलेबिरा में होगी प्लस टू की पढ़ाई

**सिमडेगा।** जिले के सभी मैट्रिक पास छात्रों का इंटर में आसानी से नामांकन हो सके, इसके लिए विभाग ने तीन हाई स्कूल को प्लस टू स्कूल में मर्ज किया है। मर्ज स्कूलों में जलडेगा के हाई स्कूल ओड़गा, पाकरटांड़ के हाई स्कूल भेजवाडीह और हाई स्कूल कोलेबिरा शामिल है। इन तीनों प्लस टू स्कूलों में इंटर में नामांकन शुरू हो चुका है। तीन हाई स्कूल को प्लस टू स्कूलों में मर्ज किए जाने से इन स्थानों के छात्रों को इंटर की पढ़ाई करने में काफी सहूलियत होगी। इन स्थानों के छात्रों एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त किया है। छात्रों एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ओड़गा, कोलेबिरा एवं भेलवाडीह में इंटर कॉलेज की बहुत अधिक जरुरत थी। ऐसे में इन स्थानों के स्कूलों को प्लस टू स्कूल में मर्ज किए जाने से मैट्रिक पास करने वाले छात्रों की पढ़ाई नहीं रुकेगी। उन्होंने कहा कि प्लस टू स्कूलों की दूरी अधिक रहने के कारण कई होनहार छात्रों की पढ़ाई छूट जाती थी। वहीं कई अभिभावक अपने बच्चों की इंटर की पढ़ाई कराने को लेकर परेशान रहते थे।

### सैनिक स्कूल तिलैया में फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन भी खेल स्पर्धा जारी

**चंदवारा।** सैनिक स्कूल तिलैया में शुरू हुए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 के दूसरे दिन शुक्रवार को भी खेल स्पर्धा का आयोजन हुआ। इसमें जूनियर बालिकाओं में वालाचड़ी गुजरात और संबलपुर ओडिशा में, सब-जूनियर बालक वर्ग में अमेठी उत्तर प्रदेश और कजाकुट्टम केरल में, कुंजपुरा हरियाणा और झुंझुनू राजस्थान में, जूनियर बालक वर्ग में कपूरथला पंजाब और अमरावती नगर तमिलनाडु में, ईस्टसियांग अरुणाचल प्रदेश और गोपालगंज बिहार के बीच फुटबॉल खेल का आयोजन हुआ। बालिका वर्ग में संबलपुर ने बालाचढ़ी को 0-5 से हराकर जीत हासिल की। जबकि सब- जूनियर बालक वर्ग में अमेठी ने कजाकुट्टम को 0-5 से हराकर जीत अपने नाम की। सब जूनियर वर्ग में हीं झुंझुनू ने कुंजपुरा को 0-2 से हराकर इस स्पर्धा को जीता।

# सिमडेगा के खिजरी तारापुर में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा, प्रशासन ने कराया काम बंद



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा शहरी क्षेत्र के वार्ड 16 अंतर्गत खिजरी तारापुर में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा की शिकायत पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी पहुंचकर काम बंद करवाया । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को खिजरी तारापुर वार्ड नंबर 16 में पहाड़ के नीचे जिस तरफ लगभग 70 से 80 डिसमिल सरकारी भूमि पर कुछ लोगों के द्वारा कब्जा किया जा रहा था। जहां मौके पर ग्रामीणों ने कि कांग्रेस नेता दिलीप को बुलाया लोगों ने बताया कि यहां इस सरकारी भूमि पर जहां सामुदायिक भवन बना हुआ है। यही एक जगह है जहां बच्चे मैदान के रूप में है जहां बच्चे खेलते हैं, कोई भी पारिवारिक या गांव का कार्यक्रम किया जाता रहा है। अचानक यहां जेसीबी चली नीव कटा और ईंट बालू गिरना शुरू हो गया। मना करने के बाद भी कार्य रुका नही। मौके पर दिलीप ने तुरंत अनुमंडल अधिकारी से फोन पर बात कर मामले की जानकारी देते हुए आग्रह किया कि स्थल को जांच कर कार्य बंद कराया जाय। साथ ही आवेदन बनाकर सभों के हस्ताक्षर कर अनुमंडल में जमा भी किए गए। जिसमे भी कहा गया है कि सरकारी भूमि का बोर्ड भी अंचल द्वारा लगा दिया जाय ताकि भविष्य में किसी की ऐसी हिम्मत न हो। और तिर्की ने कहा कि गांव को ऐसे ही एकजुट कर के रहें ताकि कोई भी इस तरह की मनमानी न कर सके। मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद फिलग्रिम, विजय, ग्रेगोरी तिर्की, सरिता लकड़ा, सुनीता टेटे ,बिनोद कच्छप, मिखाएल, विजय खेस सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### प्रचार अभियान के आखिरी दिन बरकट्ठा व बगोदर विधानसभा क्षेत्र में किया जनसंपर्क

**कोडरमा।** केंद्रीय मंत्री और कोडरमा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने शनिवार को प्रचार अभियान के आखिरी दिन चंदवारा प्रखंड के कांको, जयनगर प्रखंड के डंडाडीह, चलकुशा प्रखंड के खरगु,चौबे, अलगडीहा, बेडमकी, बगोदर विधानसभा क्षेत्र के औरा,सरिया में जनसंपर्क किया। इस दौरान अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र शांतिप्रिय और विकास पसंद करने वाला इलाका है। अराजक तत्वों को यहां कभी भी स्वीकार्यता नहीं मिली है। साल 2024 के चुनाव में भी यहां के लोग झंडों, डंडों और गुंडों की राजनीति को किसी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे। कोडरमा यह भी मंजूर नहीं करेगा कि उनका प्रतिनिधि उनका समर्थन करता हो, जो लगातार झारखंड को बेचते रहे और अब सेना, आदिवासियों की जमीन हड़पने के आरोप में जेल में बंद हो, जो कांग्रेसी राज्यसभा सांसद या प्रदेश के मंत्री के पीएस के नौकर के घर से नोटों की बरामदगी के बाद भी कुछ बोल नहीं पाता हो।

### विभागीय निर्देश के बाद भी सदर हॉस्पिटल में नहीं खुले हीट कॉर्नर

**कोडरमा।** सरकार का निर्देश के बावजूद सदर हॉस्पिटल में हीट कॉर्नर नहीं खुले। हालांकि विभागीय निर्देश पर हीट वेव से बचने के लिए सदर हॉस्पिटल में जागरूकता कार्यक्रम किया गया था। इसके तहत बचाव के उपाय बताकर लोगों को जागरूक किया गया था। पर हॉस्पिटल के वार्डों में कूलर तो लगी है,लेकिन ठंडा पानी तो छोड दीजिए ,पीने का पानी भी पर्याप्त नहीं मिल रहा है। लिहाजा लोग पानी की बोतल खरीद कर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। सीएस कार्यालय के सामने लगी चापाकल चिलचिलाती धूप में मरीजों,उनके परिजनों समेत अन्य लोगों के लिए राहत दे रहा था,पर पिछले कुछ दिनों से खराब है। इस ओर विभागीय पदाधिकारी का ध्यान नहीं जा रहा है। इसके अलावा सदर हॉस्पिटल के मुख्य द्वार के पास वाटर एटीएम पिछले कई साल से खराब पडा है। इसके चालू होने पर लोगों को कम कीमत में ठंडा पानी सहज मिल जाता था।

भवन निर्माण में मजदूरों को मिल रही है कम मजदूरी, श्रमिक नेता ने किया निरीक्षण

# घटिया सामग्री से ठेकेदार चला रहे हैं काम मजदूरों का आज भी बकाया है मजदूरी

**राजेश सिंह ने कहा आज भी बकाया है मजदूरों की मजदूरी ठेकेदार नहीं कर रहे हैं भुगतान**



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
झारखण्ड मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने सिमडेगा जिला के अंतर्गत पाकरटांड प्रखंड के रामरेखा में बन रहे सरकारी भवन का निरक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पाया कि कार्यस्थल पर सरकारी दर से कम मजदूरों को मजदूरी दिया जा रहा है मजदूर नेता राजेश कुमार सिंह ने कहा की विभागीय एवं ठेकेदार के मिलीभगत से मजदूरों का शोषण जारी है। श्री सिंह ने कहा कि रामरेखा मोड़ पर गार्डवाल बन रहा है, वहां पर मजदूरों को कम मजदूरी दिया जा रहा है एवं घटिया सामग्री, मसाला एवं मरा हुआ पत्थर ढोका देकर बनाया गया है। श्री सिंह ने कहा कि रेंगारीह, कोनबेगी, चिरोटोली में रोड आरईओ विभाग द्वारा बनाया जा रहा है जिसका ठेकेदार अक्षय कुमार सिंह है। वहां कार्य में गुणवत्ता नहीं है। वहां पर पुल गार्डवाल में मजदूरों को 250 रु के दर से मजदूरी का भुगतान किया जा रहा है। श्री सिंह ने कहा कि मजदूरों का ठेकेदार के द्वारा आज भी मजदूरी बकाया है जो भुगतान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि कुलुकेरा गांव में ईंट भट्टा में नाबालिग बच्चों से काम कराया जा रहा है एवं कम मजदूरी दिया जा रहा है। सिमडेगा जिला में कल्याण विभाग के द्वारा जहां तहां सरना घेराव किया जा रहा है वहां पर मजदूरों को कम मजदूरी दी जा रहा है और घटिया ईंट का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कल्याण विभाग में अफसरशाही और बिचौलिया दलालों का विकास हो रहा है। विभाग के द्वारा मजदूरों का खून चूसा जा रहा है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान में प्रभारी वारिस रजा, मनीष साहू, रितेश सिंह, अनिल कुजूर, राजेश बड़ाईक, दीपक बड़ाईक, मंजूषा देवी, इसीडोर केरकेट्टा उपस्थित थे।

# सिमडेगा-रांची मार्ग पर फिकपानी के पास ट्रेलर-स्कूटी में भिड़त, 1 की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
कोलेबिरा मुख्य मार्ग फिकपानी जंगल में शनिवार की सुबह ट्रेलर मालवाहक एवं स्कूटी में सीधी टक्कर हो गई ।टक्कर इतनी जोरदार थी की स्कूटी सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया ।घायल को इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया है ।घटना के संबंध में बताया गया कि बोलबा कि समसेरा कुसुमटोली गांव निवासी अजय केरकेट्टा अपने आप बेटा आदर्श केरकेट्टा का कोनबीर नवाटोली स्कूल में एडमिशन करने के लिए स्कूटी से जा रहा था, इसी दौरान मोड़ में ट्रेलर मालवाहक के साथ भिड़ंत हुई और जिसमें अजय की मौके पर ही गंभीर चोट लगी जबकि गंभीर रूप से घायल हुआ। तत्काल दोनों को इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया, जहां पर डॉक्टर ने अजय को मृत घोषित कर दिया ।इधर बेटा आदर्श केरकेट्टा का पैर टूट गया है जिसकी इलाज चल रही है। वहीं मामले की जानकारी पुलिस को दी गई।

# सलीमा टेटे के गांव पहुंची मिशन बदलाव की टीम, समस्याओं से हुई अवगत



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
मिशन बदलाव की टीम सिमडेगा जिले के सदर प्रखंड के बड़किछपर गावं पहुंची और भारतीय महिला हॉकी टीम की बनी नई कप्तान सलीमा टेटे जो सिमडेगा की है, उनके घर जाकर उनके अभिभावक से मिलकर उनके और वहां के ग्रामीणों की समस्या के बारे में अवगत हुए और ग्रामीणों और उसके पिता ने बताया कि प्रशासन ने गावँ के विकास के लिये कोई सकारात्मक कदम नही उठाया है विकासः का दावे करना झुठ है एवं सलिमा टेटे के माता पिता ने बताया कि गांव की समस्या तो बहुत सारी है जिसमे मुख्यत जर्जर सड़क, पीने की पानी की समस्या, सलीमा टेटे के नाम से बनाए गए हॉकी मैदान के निर्माण कार्य में गड़बड़ी और घटिया गुणवत्तापूर्ण और अनिमियतता तथा गांव में मोबाइल नेटवर्क का न होना मुख्य है।

**अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी के गांव में मूलभूत सुविधाओं का अभाव**

मिशन बदलाव के भूषण भगत ने कहा कि जिला में जब अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के गावं में सरकार मूलभूत समस्याओं को पहुँचाने में अक्षम तो है ऐसे सामान्य गाँवों की स्थिति कैसे होगी इसका सहज अंदाजा लगा सकते है कि कैसे परीस्थितियों का सामना आम ग्रामीण करते होंगें।राज कुमार कैप्टन अमित झा ,अभिनव कौशल और बुधेस्वर टोप्पो ने कहा कि सलिमा टेटे के गावं की समस्याओं को प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है ये निराशाजनक है और प्रशासन को ये मामलों को गम्भीरता से लेनी चाहिए। गौरतलब हो राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक अखबार के द्वारा भारतीय महिला हॉकी टीम की नई कैप्टन सलीमा टेटे के गांव की समस्याओं को प्रमुखता से दिखाई थी जिसके बाद कई लोगों का गांव में आवागमन तेज हो गया है।

राष्ट्रीय मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में पीयूष कुमार ने की सफलता हासिल

# पढ़ाई के लिए 9 से 12वीं कक्षा तक प्रत्येक वर्ष मिलेगी प्रोत्साहन राशि



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** मांडू प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर के 8वीं कक्षा के छात्र पीयूष प्रजापति ने राष्ट्रीय मेधा छात्रवृत्ति 2023 -24 में सफलता प्राप्त कर विद्यालय सहित पूरे जिले का नाम रोशन किया है। यह परीक्षा जनवरी माह में आयोजित की गई थी। छात्र पीयूष कुमार को 9 से 12 वीं कक्षा तक प्रत्येक वर्ष छात्रवृत्ति सरकार के द्वारा उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दिया जाएगा। इस सफलता पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप ने उन्हें बधाई दी और कहा कि इस सफलता से विद्यालय के और छात्रों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। छात्र अगर कठिन परिश्रम करेंगे तो उन्हें सफलता जरूर प्राप्त होगी।

छात्र के सफलता हासिल करने पर मांडू प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड शिक्षा प्रसाद पदाधिकारी, विद्यालय के सहायक अध्यापक सदानंद शर्मा, गौतम कुमार गुप्ता, जेठालाल मांझी, विद्यालय के अध्यक्ष योगेश्वर भुईयां सहित बाल संसद और विद्यालय परिवार ने उन्हें शुभकामनाएं दी। इसको लेकर शुक्रवार को एक सादे समारोह का आयोजन कर पीयूष प्रजापति को पुरस्कार और मेडल देकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप ने 8वी कक्षा के छात्र पीयूष प्रजापति ने राष्ट्रीय मेधा छात्रवृत्ति 2023 -24 में सफलता प्राप्त कर विद्यालय सहित पूरे जिले का नाम रोशन किया हैं। यह परीक्षा जनवरी माह में आयोजित की गई थी छात्र पीयूष कुमार 9 से 12 वीं कक्षा तक प्रत्येक वर्ष छात्रवृत्ति सरकार के द्वारा उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दिया जाएगा। सफलता हासिल करने पर मेडल देकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप ने उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

पीयूष कुमार के सफलता हासिल करने पर विद्यालय में उनके माता-पिता ने विद्यालय के सभी शिक्षकों को इसके लिए धन्यवाद देते हुए और आभार प्रकट किया।

### बूथों पर मेडिकल किट उपलब्ध कराए स्वास्थ्य विभाग : डीसी

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी मेघा भारद्वाज ने शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग से बीडीओ ,सीओ, सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी और नोडल पदाधिकारी के साथ बैठक की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया का निर्बाध रूप से सफल संचालन किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग को सभी मतदान केन्द्रों पर जरूरी मेडिकल किट उपलब्ध करने को कहा। बीडीओ को प्रत्येक मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय, शीतल पेयजल, दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर, रैंप की व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बिजली विभाग के पदाधिकारी को मतदान के दिन निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए निर्देशित किया। लेकिन इसके वैकल्पिक व्यवस्था को भी सुनिश्चित करने, संबंधित अधिकारियों को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्रा ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**
बानो प्रखंड के गिरदा ओपी थाना के टोनिया गंझूटोली गांव में कस्तूरबा गांधी विद्यालय बानो की 16 वर्षीय कुशवती कुमारी नामक छात्रा ने अपने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना शुक्रवार रात का बताया जा रहा है। घटना के संबंध पुलिस ने बताया कि टोनिया निवासी को मृतक छात्रा कास्तुरबा गांधी अवासीय विद्यालय बानो में वर्ग 10 में पढ़ती थी तथा गर्मी की छुट्टी में घर आई थी,शुक्रवार शाम को पुराने घर में जाकर प्लास्टिक रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। उन्होंने बताया परिवार वालों ने शाम को घर में नहीं रहने पर? खोजबीन किया लेकिन पता नहीं चल पाया। शनिवार सुबह पुराना घर में परिवार? वालों ने जा कर बाद देखा कि उसको बेटी प्लास्टिक रस्सी के सहारे फांसी लगा ली है। उसके बाद घटना की जानकारी गिरदा पुलिस कर दी गयी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत परीक्षाण के लिए सिमडेगा भेज दिया पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी हर्ष कुमार शाह ने बताया कि परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि लड़की कुछ दिनों से गुपचुप रहती थी तथा अवसाद में थी पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही हैं। मृतका के भाई ने बताया कि वे लोग तीन बहन और दो भाई हैं।

## न्यूज बॉक्स

### छत पर 11000 वोल्ट के करंट की चपेट में आकर किशोरी झुलसी, रिम्स रेफर

**सिमडेगा।** सिमडेगा शहरी क्षेत्र के घोचोटोली में शनिवार की सुबह छत ऊपर से गुजर रही 11000 वोल्ट करंट तार की चपेट में आने से प्रिया लकड़ा नामक 14 वर्षीय किशोरी झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गई परिवार वालों ने तत्काल उसे इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए उसे राजधानी रांची रिम्स ले गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह प्रिया किसी काम को लेकर छत पर गई थी, इसी दौरान अचानक 11000 बोर्ड करंट जो उसके छत से गुजर रही थी उसके संपर्क में आ गई और पूरी तरह से झुलस गई बताया जा रहा है की करंट लगने की वजह से उसके गले हाथ पैर सहित कहीं हिस्सों में चोट आई है। वहीं पर जिन्होंने बिजली विभाग के कार्यशाली पर आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग को कई बार घर के ऊपर से गुजरे तार को हटाने के लिए आवेदन दिया गया ,लेकिन विभाग द्वारा नहीं सुना गया और जिसकी वजह से यह घटना घटी। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते विभाग द्वारा तार को हटा लिया जाता है ,तो आज यह घटना नहीं घटती वहीं बिजली विभाग के प्रति आसपास के लोगों ने भी नाराजगी व्यक्त की है।

### स्नातक प्रथम वर्ष की नामांकन प्रक्रिया हुई शुरू

**सिमडेगा।** रांची विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक कला, विज्ञान और वाणिज्य में प्रथम वर्ष में नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल के माध्यम से अप्लाई करना आवश्यक है। जानकारी देते प्राचार्य डॉ रामकुमार प्रसाद ने बताया कि सिमडेगा महाविद्यालय में नामांकन लेने के इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय में स्थित कॉमन सर्विस सेंटर में आकर स्नातक कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय में स्नातक सत्र अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सत्र 2024/26 में नामांकन के इच्छुक छात्र छात्राओं के लिए अपना आवेदन जमा करने के लिए चांसलर पोर्टल 10 मई से खोल दिया गया है और यह 30 मई तक खुला रहेगा। उन्होंने बताया कि आवेदन जमा करने के पश्चात चार जून को चयन सूची जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र छात्राओं के लिए चार सौ रुपए और सामान्य वर्ग के छात्र छात्राओं के लिए पांच सौ रुपए शुल्क निर्धारित है। प्राचार्य ने बताया कि सिमडेगा महाविद्यालय में कला में हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, मानव विज्ञान, मनो विज्ञान सहित क्षेत्रीय भाषा में मुंडारी, नागपुरी, खड़िया आदि विषयों में ऑनर्स के पढ़ाई की सुविधा है। वहीं विज्ञान की पढ़ाई के इच्छुक विद्यार्थी भौतिकी, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान और वनस्पति विज्ञान विषयों में ऑनर्स के लिए अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। वहीं वाणिज्य संकाय में भी ऑनर्स की पढ़ाई की व्यवस्था है।

### ढेंगुरपानी गांव में धूमधाम से मनाया गया जतरा पर्व



जलडेगा। प्रखण्ड के राजस्व ग्राम ढेंगुरपानी बागो टोली में बड़ी धूम धाम के साथ मनाया गया जतरा पर्व। यह जतरा पर्व भारत देश के आदिवासी मुंडा समाज के इतिहास से जुड़ा हुआ है। जतरा पर्व अब जगह जगह पर लुप्त होते जा रहा है। इसी को बरकरार रखने के लिए परबा परगना के हुटुबदा बागो टोली गांव में पड़हा राजाओं के द्वारा एक दिवसीय जतरा पर्व का आयोजन किया। मुंडाओं के कथनानुसार बोलनघाट (प्रवेश द्वार) पर सात भाई झइंदु, पालु, केसेल, सुरजा, मानु, हजिरा और सिंगरा ने भूपत नामक राक्षस को मार गिराया और हिन्दुस्तान (मुंडारी से हेन्दे दिसुम) में प्रवेश किया। उन्होंने जंगलों को काट कर रहने एवं खेती लायक भूमि दखल किया। जब घर वापस लौटे तो उनकी मां चम्पू बुढ़िया पूछी कि कितनी जमीन दखल किए हैं? उन्होंने कहा मुंडारी से जाझतरा (कुछ हिस्सा) जमीन दखल किया है। इस खुशी में एक खूंटा को चिह्न के लिए सात जगह (सातो भाई के नाम से) काटा गया और जमीन पर गाड़ दिया गया। खुशी से इसके चारों ओर नाचने गाने लगे। उसी समय से जतरा पर्व शुरू हुआ।मौके पर कॉम्पट मुंडा 22 पड़हा केन्द्र पकरा के महामंत्री सह मुंडा समाज प्रवक्ता लुथर तोपनो, पाहन जेम्स धनवार, परबा परगनादार बिरेन्द्र जोजो, राजा कुंवार तोपनो, विलियम तोपनो, मुलिया बेडिंग, रेमिश समद, प्रवीन लुगुन के अलावा अन्य राजाओं के साथ भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### राधा गोविंद विवि के प्रो एम रजीउद्दीन को नम आंखों से दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति प्रो. (डॉ.) एम. रजीउद्दीन प्रातः 7 बजे पैतृक गांव सालिमपुर, भागलपुर में लंबी बीमारी उपरांत अंतिम सांस ली। उनके निधन पर 18 मई को विश्वविद्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया और उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रो.एम.रजीउद्दीन एक उच्चकोटि के शिक्षाविद थे। जिन्होंने अपना कार्यकाल शिक्षा, अनुसंधान और सामाजिक जुड़ाव को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित किया। उनके मार्गदर्शन में राधा गोविंद विश्वविद्यालय ने उल्लेखनीय वृद्धि और विकास देखा।शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और छात्रों को सशक्त बनाने के उनके प्रयासों को आनेवाले कई वर्षो तक याद किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी.एन. साह ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से राधा गोविंद विश्वविद्यालय परिवार के साथ ही पूरे शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सरल व्यक्तित्व के कारण पूरा विश्वविद्यालय परिवार सदैव याद रखेगा।

### स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीप कोषांग के तहत शनिवार को कोडरमा बाजार स्थित गांधी चौक के पास नुक्कड़ नाटक और मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता जागरुकता के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

## एक नजर

### पीएम मोदी की सभा को लेकर एसपीजी ने संभाली सुरक्षा की कमान

**घाटशिला।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार की सुबह 11 बजे जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के घाटशिला प्रखंड के मऊभंडार स्थित ताम्र प्रतिभा मंच मैदान में आमसभा को संबोधित करेंगे. मोदी की सभा को लेकर ताम्र प्रतिभा मैदान के सभा स्थल समेत पूरे मऊभंडार क्षेत्र को अभेद्य दुर्ग में तब्दील कर दिया गया है। कोई परिंदा भी पर नहीं मार सकता। चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं। मऊभंडार के गोल्फ क्लब मैदान स्थित हैलीपैड स्थल से लेकर सभा स्थल तक क्षेत्र को एसपीजी ने अपने कब्जे में ले लिया है। मोदी के आने के पूर्व शनिवार को दिन के दो बजे गोल्फ ग्राउंड स्थित हैलीपैड से सभा स्थल तक पीएम के कारकेड के साथ मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान आगे पीछे पुलिस के अधिकारियों का काफिला और बीच में एक से लेकर 10 नंबर तक की वीआईपी कार जिसमें पीएम बैठेंगे को शामिल किया गया था।पुलिस सूत्र के अनुसार मोदी की सभा में सुरक्षा को लेकर 7 आईपीएस स्तर के अधिकारी, जिसमें जोनल आईजी अखिलेश झा, कोल्हान डीआईजी मनोज रतन चौथे, एसएसपी किशोर कौशल, सिटी एसपी मुकेश लुणायत, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, रेल एसपी प्रवीण पुष्कर, सुंधाशु जैन सुरक्षा में तैनात रहेंगे। इसके आलावा राज्य के कई जिलों से 350 से अधिक पुलिस पदाधिकारी के साथ लगभग 2500 जवान को सुरक्षा में तैनात किया गया है।

### ईको टूरिज्म के रुप में घाघरथी झरना को विकसित करने का कार्य शुरू

**किरीबुरु।** सारंडा का ऐतिहासिक घाघरथी झरना का सौन्दर्यीकरण एवं इको टूरिज्म के रुप में विकसित करने का कार्य सारंडा के डीएफओ अभिरुप सिन्हा के नेतृत्व में युद्ध स्तर पर प्रारम्भ कर दिया गया।
उल्लेखनीय है कि घाघरथी झरना सेल की किरीबुरु खदान के लीज क्षेत्र स्थित घने जंगल में है। वन विभाग ने कुछ वन भूमि को सेल से वापस लेकर ईको टूरिज्म के रुप में विकास कर रही है। सारंडा की ऊंची पहाड़ियों से सीढी नुमा चैनल की तरह इस झरना का स्वच्छ व निर्मल पानी नीचे उतरता है। इस झरना के नीचे चेकडैम व पम्प हाउस बनाकर पानी का इस्तेमाल पेयजल व अन्य कार्य हेतु सेल प्रबंधन के अलावे सारंडा के ग्रामीण करते है। यहां हर वर्ष काफी संख्या में पर्यटक आते हैं एवं परिवार के साथ पीकनीक मनाते हुये मस्ती करते हैं।पर्यटकों का बढावा एवं ग्रामीणों को रोजगार हेतु वन विभाग ने इस घाघरथी झरना को ईको टूरिज्म के रुप में विकसित करना प्रारम्भ किया है। झरना के बगल में पर्यटकों के ठहरने हेतु दो कौटेज, वाटर फौल तक जाने हेतु ब्रीज, सीढी. आदि का निर्माण कराया जा रहा है।

### वर्कर्स कॉलेज में शतरंज प्रतियोगिता आयोजित

**जमशेदपुर।** मानगो स्थित जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में पठन-पाठन के साथ ही विद्यार्थियों में खेलकूद में भी रुचि जगाने के उद्देश्य से शनिवार को शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागियों का मार्गदर्शन कॉलेज के प्राचार्य डॉ एसपी महालिक ने किया। इस दौरान समन्वयक डॉ सुमन कुमारी और विभिन्न विभागों के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### डीआरएम ने मनोहरपुर रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**चक्रधरपुर।** मॉडल स्टेशन मास्टर प्लान के तहत चक्रधरपुर रेल मंडल के मनोहरपुर रेलवे स्टेशन का भी स्वरुप बदलेगा। इसके तहत मनोहरपुर स्टेशन पर कई प्रकार की सुविधाएं बढ़ायी जाएंगी। इसे लेकर शनिवार को चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम अरुण जे राठौर ने अधिकारियों के साथ मनोहरपुर रेलवे स्टेशन व स्टेशन के समीप लगने वाले सब्जी बाजार का निरीक्षण किया।

# ईडी की छापेमारी में भ्रष्टाचार से ऊपजे पैसों का होता है भंडाफोड़ : बाबूलाल

## इस सरकार में बगैर चढ़ावे के कोई कार्य नहीं होता

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

ईडी की छापेमारी में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के नौकर के यहां से बरामद हुए पैसों को पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने लूट और भ्रष्टाचार की उपज बताया है।
बाबूलाल ने कहा कि राज्य में जब से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस की गठबंधन वाली सरकार बनी है तब से ही राज्य में लूट और भ्रष्टाचार प्रारम्भ हुई है। इस सरकार में कोयला, बालू, पत्थर और जमीन की जमकर लूट हुई, साथ ही भ्रष्टाचार इतना बढ़ गया कि सरकारी दफ्तरों में भी बगैर चढ़ावे के कोई कार्य नहीं होता।




उन्होंने कहा कि ईडी की छापेमारी में बालू, पत्थर, कोयला, जमीन, मनरेगा, टेंडर आदि से लुटे गए पैसे बरामद हो रहें हैं।
पहले पूजा सिंघल के यहां छापेमारी हुई तो 20 करोड़ रुपयों से अधिक के नोटों का पहाड़ मिला अब मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के नौकर के यहां से 35 करोड़ रुपए बरामद हुए हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि यह पैसे भ्रष्टाचार की उपज है। वहीं भ्रष्टाचार के शिष्टाचार बनने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार कभी शिष्टाचार नहीं हो सकता लेकिन आम जनता के पास कोई उपाय नहीं होता। कार्य नहीं होने पर उन्हें लाचारी में पैसे देने पड़ते हैं और अब वही पैसे बरामद हो रहे हैं। बाबूलाल ने तिसरी के कोदाईबांक स्थित स्टेडियम में मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान उक्त बातें कहीं। श्री मरांडी पिछले दो दिनों से अपने गृह प्रखंड में ही थे। शनिवार को हेलीकॉप्टर के द्वारा चुनावी दौरे पर जाने से पूर्व उन्होंने आस - पास के दर्जनों युवाओं, महिलाओं व बच्चों से बातचीत की। जिसके बाद मरांडी उड़नखटोले से दुमका के शिकारीपाड़ा के लिए निकल गए।

### दो ट्रेलरों के बीच भीषण टक्कर,चालक और उपचालक सुरक्षित



**बिरनी।** बिरनी थाना क्षेत्र के बरमसिया चौक पर दो टेलरों के बीच भीषण टक्कर हो गई। जिसमें कोई बड़ी हादसा नहीं हुआ। लेकिन एक टेलर पूरे तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि दोनों टेलर गिरीडीह से छड़ लोड करके पटना ले जा रहे थे।तभी बरमसिया चौक पर आगे चल रहे टेलर ने अचानक ब्रेक मार दिया। जिसके बाद पीछे से चल रहे टेलर ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे टेलर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।। टेलर संख्या एन एल 01 ए एफ 8328 पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि टेलर चालक और उपचालक को कुछ नहीं हुआ, दोनो सुरक्षित है।

## न्यूज बॉक्स

### मानगो पुल से गुजरे केबल में लगी आग, मची अफरा-तफरी



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मानगो पुल पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब अचानक पुल से होकर गुजरे तारों पर शॉर्ट सर्किट से आग लग गई. हालंकि मौके पर मौजूद दो सिपाहियों के तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया। इधर, घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। सूचना पाकर झारखंड अग्निशमन विभाग का दमकल मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया। इस दौरान लोगों की भीड़ मौके पर जमा होने लगी।जानकारी के अनुसार बिजली और फाइबर तार में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई यह देख समीप ही मौजूद ट्रैफिक पुलिस के दो जवान सुरेश चंद्र और सुशांत गोराई ने सूझ बूझ दिखाते हुए अथक प्रयास से बालू और पानी डालकर आग फैलने से रोक दिया। इसके बाद दमकल को सूचना दी जो कुछ देर बाद घटना स्थल पर पहुंच कर आग पर पूरी तरह काबू पाया।

### आईसीसी कंपनी के ठेका मजदूरों ने किया विरोध प्रदर्शन



**घाटशिला ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा के एक दिन पूर्व शनिवार को हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की इकाई इंडियन कॉपर कंपलेक्स मौऊभंडार में काम करने वाले ठेका मजदूरों ने कंपनी के जनरल ऑफिस गेट पर हाथ में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। मजदूर मांग कर रहे थे कि पिछले कई वर्षों से आईसीसी कंपनी बंद है वर्तमान सांसद कंपनी को चलाने की दिशा में कोई पहल नहीं किया इसका सांसद जवाब दें।पीएम मोदी ताम्र नगरी की जनता को जवाब दें कि लोग उन्हें वोट क्यों दें, जल्द से जल्द कंपनी चालू करें आदि गगन भेदी नारे लगा रहे थे। ठेका मजदूरों ने यह भी कहा कि इसी बंद कंपनी का तांबा अयोध्या में बना भगवान श्री राम की मंदिर में लगाया गया है। इसके बावजूद यहां के मजदूर बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। विरोध प्रदर्शन करने वालों में फेबियन तिर्की, कमल बेरा सहित काफी संख्या में ठेका मजदूर शामिल थे।

### तालाब भरकर बनाए जा रहे सिटी रेसिडेंसी के ओनिक्स मॉल निर्माण की होगी जांच




**आदित्यपुर ।** आदित्यपुर के सिटी रेसिडेंसी के बिल्डर सौरभ अग्रवाल द्वारा तालाब भरकर किए जा रहे ओनिक्स मॉल निर्माण की जांच का आदेश नगर निगम कार्यालय आदित्यपुर को मिला है। बता दें कि इस मामले में नक्शा पास करने का ऑथोरिटी नगर ही है। ऐसे में अब आरटीआई कार्यकर्ता और प्रबुद्ध वरिष्ठ नागरिक प्रो। सुरेंद्र कुमार महतो ने नगर निगम से 10 बिंदुओं पर आवश्यक जानकारी मांगी है। बता दें कि यहां अब भी चोरी छिपे निर्माण कार्य चल रहा है, जिसको लेकर प्रो। महतो ने गम्हरिया के अंचलाधिकारी को समय समय पर आगाह करते रहते हैं।दूसरे बिंदू पर उन्होंने कहा है कि आदित्यपुर नगर निगम से स्वीकृत एवं अनुमोदित इस मॉल के निर्माण के नक्शा की अभिप्रमाणित प्रतिलिपियां उपलब्ध कराई जाय। साथ ही इस मॉल के निर्माण के लिए निगम कार्यालय आदित्यपुर से निर्गत बिल्डिंग परमिट की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि भी उपलब्ध कराई जाय। इसके अलावा अंचल कार्यालय गम्हरिया से निर्गत उक्त भूखंड़ का अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराई जाय जिसपर निर्माण कार्य किया जा रहा है की मांग की है। प्रो। महतो ने इस निर्माण कार्य के लिए पर्यावरण एवम जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एवम स्त्रङ्क''४३ङ्कल्ल ूङ्कल्ल३१ङ्क' ुङ्क१ से निर्गत अनापत्ति प्रमाणपत्र की प्रतिलिपि भी उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही उपरोक्त अंकित भूखंड के क्रेता एवम विक्रेता का नाम पता तथा अद्यतन सेल डीड की सत्यापित प्रतिलिपि भी उपलब्ध कराने की मांग की है। सेल डीड उपलब्ध नहीं रहने की स्थिति में क्रेता एवम विक्रेता के बीच हुए अद्यतन सेल एग्रीमेंट की सत्यापित प्रतिलिपि की मांग की गई है।

### मिसेज केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज में छात्र-शिक्षकों ने ली चुनाव में निष्पक्ष व सक्रिय भागीदारी की शपथ



**नवीन मेल संवाददाता। घाटशिला**

बिष्टुपुर स्थित मिसेज केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज में शनिवार को जिला प्रशासन की ओर से विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें जिला प्रशासन की टीम ने विद्यार्थियों को चुनाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की. कार्यक्रम का नेतृत्व यंग इंडियन नगर इकाई के चेयरपर्सन उदित अग्रवाल, वाई आई युवा के चेयरपर्सन हर्ष अग्रवाल, कुलदीप रजक और स्वीप सेल के अंकित तिर्की ने किया. वाईआई युवा सदस्य वर्षा, जयदेव, आदित्य, अनुभव उनकी टीम की कार्यक्रम में सराहनीय भूमिका रही।उन्होंने फर्स्ट टाइम वोटर्स के साथ कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। इस क्रम में विद्यार्थियों को वोटिंग एप डाउनलोड करने, वोटिंग के समय कौन कौन से डॉक्यूमेंट लेकर जाने है, आदि जानकारियां दी गईं। साथ ही बताया गया कि चुनाव बूथ पर फोन लेकर नही जाना है।इस जागरुकता कार्यक्रम में कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ मीता जखनवाल भी उपस्थित थीं। साथ ही साथ कॉलेज के विद्यार्थी एनएसएस वालंटियर्स एवम प्रोग्राम ऑफिसर शशि किरण तिवारी, एनएसएस क्लब एडवाइजर डॉक्टर मुकेश मिश्रा और डॉ अजय कुमार पाठक ने भी शिरकत की। कार्यक्रम में सभी ने निष्पक्ष चुनाव एवं सक्रिय भागीदारी की शपथ भी ली। कार्यक्रम को सफल बनाने में रिया कुमारी, तुषार, स्नेह, तूलिका, आयुषी और रितेश सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# तिसरी से बेंगलुरु जा रहे प्रवासी मजदूर की रास्ते में ही हुई मौत



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

रोजगार की तलाश में तिसरी से बैंगलोर जा रहे एक प्रवासी मजदूर की रास्ते में ही मौत हो गई। मृतक प्रखंड के खटपोंक पंचायत के देवानजोत निवासी सुरेश राय का 25 वर्षीय पुत्र उपेंद्र राय है। बताया जाता है कि उपेंद्र के पिता सुरेश राय भी एक प्रवासी मजदूर हैं वे गुजरात में मजदूरी करते हैं। वहीं उपेंद्र भी रोजगार के लिए बीते 14 मई को तिसरी से बैंगलोर - मंगलौर के लिए निकला था। 15 मई को कोलकाता के हावड़ा से उसका टिकट था। उसके साथ उसके मामा और भाई शंकर राय और कारू राय भी थे। लिहाजा इन तीनों ने हावड़ा से ट्रैन पकड़ ली लेकिन उपेंद्र अलग बोगी में रह गया जबकि उसके मामा और भाई दूसरे बोगी में थे। बताया जाता है कि सफर के दौरान उपेंद्र की तबियत बिगड़ने लगी। उसे बार - बार उल्टियां होने लगी, ट्रैन में अधिक भीड़ होने के कारण उसे घुटन सी महसूस होने लगी। इस बीच उपेंद्र ने 16 मई की रात्रि में पहले दूसरे बोगी में सफर कर रहे अपने मामा या भाई को फोन किया लेकिन वे लोग फोन नहीं उठा पाए। जिसके बाद उसने अपनी पत्नी को फोन किया लेकिन मोबाईल साइलेंट में होने के कारण उसकी पत्नी भी फोन नहीं उठा सकी।
अंततः उसने अपनी भाभी के यहां फोन कर मां से बात करवाने को कहा। घरवालों को उसने बताया कि उसकी तबीयत बहुत ही खराब है और उसे घुटन सी महसूस हो रही है,जिसके बाद फोन कट गया। मृतक की मामी फुलमनी देवी ने बताया कि उपेंद्र की हालत देख ट्रेन में बैठे लोगों और टीटी ने उससे उसके बारे में पूछा तो उसने अकेले सफर की बात कह दी। जिसके बाद वह बीच रास्ते में ही तमिलनाडु के ई जक्शन पर उतर गया। जिसके बाद रेलवे पुलिस द्वारा उसकी मौत की खबर मिली।

# स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन की कुंजी : अजय







### केंद्रीय संचार ब्यूरो, दुमका द्वारा स्वच्छता ही सेवा पर जागरूकता चित्रांकन प्रतियोगिता व परिचर्चा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

केंद्रीय संचार ब्यूरो , सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय , भारत सरकार दुमका इकाई की ओर से आज दिनांक 18 मई 2024 को वेस्टर्न इंग्लिश स्कूल दुमका में छात्र-छात्राओं के बीच स्वच्छता ही सेवा विषय पर चित्रांकन प्रतियोगिता व परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने चित्रांकन प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया । प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने तरीके से स्वच्छता ही सेवा पर शानदार चित्रकारी कर सोचता ही सेवा का संदेश प्रसारित करने का कार्य किया।
प्रतियोगिता उपरांत बेहतर चित्रांकन के लिए सुश्री रीना हेंब्रम ने प्रथम स्थान , द्वितीय स्थान सुश्री साक्षी कुमारी, तृतीय स्थान श्री आयुष राज चतुर्थ स्थान और रुचि कुमारी ने पांचवा स्थान प्राप्त किया ।
कार्यक्रम पर परिचर्चा के दौरान विद्यालय के निदेशक श्री अजय कुमार दुबे चर्चा के दौरान छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की स्वच्छता स्वस्थ जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। इसलिए हम सभी को स्वच्छता को अपनाना चाहिए , जो मानसिक शारीरिक और बौद्धिक विकास में सहायक सिद्ध होती है। आसपास के वातावरण को हम सभी को साफ रखना चाहिए ताकि किसी प्रकार का बीमारी ना फैले । खाने से पहले और खाने के बाद साबुन से जरूर हाथ धोएं । सुखे और गिले कूड़े को अलग अलग कूड़ा कलेक्ट करने वाले सफाई कर्मी को देना चाहिए । स्वच्छता अभियान का उद्देश्य भारत में बेहतर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की ओर एक कदम है। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक राजेश कुमार झा,रमन कुमार दे ,अर्जुन प्रसाद यादव, विक्की शर्मा, इंद्र नील पंडित ,रिया दास एवं दिव्या कुमारी आदि ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में काफी सहयोग किया। इकाई के तकनीकी सहायक से एमके आलम ने भी सराहनीय योगदान दिया।

## वन विभाग ने झुमरीतिलैया जा रहे अवैध माइका लोडेड पिकअप को किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

तिसरी वन विभाग की टीम ने शनिवार अहले सुबह छापेमारी कर सिंघो मोड़ से अवैध माइका लोड पिकअप वाहन को जब्त किया है। हालांकि अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन चालक भागने में सफल रहा। बताया गया कि वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी अनिल कुमार को अवैध माइका परिवहन की सुचना मिली थी। जिसके बाद रेंजर के निर्देश पर टीम का गठन कर अहले सुबह छापेमारी की गई। इस दौरान सिंघो मोड़ के समीप से अवैध माइका लोड सफेद रंग की पिकअप संख्या जेएच 04 ई 7984 को जब्त किया गया। मौके से वाहन चालक भागने में सफल रहा,जिसके बाद वनकर्मियों ने जब्त वाहन को तिसरी बीट कार्यालय लाया।
बताया जाता है कि तस्करों द्वारा तिसरी के बरईपाट जंगल से अवैध माइका का उत्खनन करवाकर गांवा के रास्ते कोडरमा के मसनोडीह ले जाया जा रहा था,इसी बीच यह कार्यवाई हुई। इस धंधे में झुमरीतिलैया के किसी व्यक्ति की संलिप्तता बताई जा रही है। फिलहाल वन विभाग मामले की जांच कर इसमें संलिप्त लोगों को चिन्हित करने में जुटी है। छापेमारी टीम में वनपाल अमर विश्वकर्मा, पवन विश्वकर्मा, रविश कुमार, मुकेश दास, और दिनेश दास शामिल थे।

**मौके से वाहन चालक भागने में सफल रहा,जिसके बाद वनकर्मियों ने जब्त वाहन को तिसरी बीट कार्यालय लाया**



## मतदान प्रतिशत बढ़ाने डीसी ने मतदाता जागरूकता वाहन किया रवाना

# मतदाताओं को किया जा रहा है जागरुक

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त गिरिडीह जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु व्यापक जन जागरूकता को लेकर आज समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से 04 जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिंखाकर रवाना किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडिया बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी सुनिश्चित की गई हैं। साथ ही मतदाताओं को जागरुक भी किया जा रहा है, इसी कड़ी में आज 04 जागरूकता वाहन को रवाना किया



गया है। सभी वाहनों को एक-एक विधानसभावार 28 धनवार, 29 बगोदर, 30 जमुआ तथा 31 गांडेय विधानसभा को टैग किया गया है। ताकि सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जा सकें। प्रचार वाहनों द्वारा गांव, कस्बों, टोलों में जाकर लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करेगा। साथ ही लोगों को मतदान तिथि के साथ-साथ मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया जायेगा। खासकर वैसे बूथों में जहां पूर्व में मतदान प्रतिशत कम रहा है। इस दौरान आमजनों को कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र और 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव की मतदान तिथि 20 मई तथा गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र में 25 मई को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलेवासियों से 20 मई तथा 25 मई को होने वाले मतदान में भाग लें और अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। इसके अलावा उन्होंने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। ताकि किसी भी मतदाता को असुविधा न हो। साथ ही सभी मतदान केंद्रों में लाइट, पेयजल, शौचालय, मोबाइल चार्जिंग, बैठने का उचित प्रबंध के साथ-साथ अन्य बुनियादी सुविधाओं को बहाल किया गया है। इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी मतदाताओं के लिए रैंप, व्हीलचेयर आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है।


**कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, राँची**
**(व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग)**
(exmonitoringcellranchi@gmail.com)

**–: प्रेस विज्ञप्ति :–**

चुनाव से संबंधित बैठक एवं अन्य हेतु बैंकवेट हॉल/होटल/फार्म हाउस आदि के राजनैतिक दल/निर्दलीय अभ्यर्थी के द्वारा उपयोग के संबंध में अनुदेश।

आसन्न लोकसभा (आम) निर्वाचन–2024 के मद्देनजर राँची जिला के क्षेत्राधिकार में अवस्थित सभी बैंक्वेट हॉल/होटल/फार्म हाउस आदि के संचालकों को सूचित किया जाता है कि उनके संचालन स्थल (बैंक्वेट हॉल/होटल/फार्म हाउस आदि) में राजनैतिक दल/निर्दलीय अभ्यर्थी के द्वारा निर्वाचन (चुनाव) हेतु आयोजित बैठक एवं अन्य से संबंधित निम्नवत् सूचना व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग, कमरा संख्या–G-1, ब्लॉक 'ए', समाहरणालय भवन, राँची को आयोजन समाप्ति के 24 (चौबीस) घंटे के अन्दर प्रेशित करना सुनिश्चित करें।


1. आयोजन की तिथि।
2. आयोजन स्थल (पूरा पता सहित)।
3. आयोजन का प्रकार (बैठक/आदि)।
4. आयोजनकर्त्ता का नाम/राजनैतिक दल।
5. आयोजन का कुल खर्च।
6. आयोजन खर्च का भुगतान किसके द्वारा किया ।
7. आयोजन में कुल उपस्थित व्यक्ति।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, राँची

PR 324941Ranchi(24-28)#D

आध्यात्म

## आरिफ मोहम्मद की अयोध्या यात्रा


डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

***अयोध्या*** धाम के भव्य श्रीराम मंदिर में दर्शनार्थियों की संख्या कम नहीं हो रही है। मंदिर लोकार्पण के बाद से यह सिलसिला अनवरत जारी है। यहां प्रतिदिन लघु भारत के भी दर्शन होते हैं। भाषा अलग है। लेकिन श्रद्धा भाव समान है। भीषण गर्मी में भी किसी का उत्साह कम नहीं है। अयोध्या की सड़कें, मंदिर सभी जगह श्रीराम की जय जयकार गूंजती रहती है। एक-दूसरे की जो भाषा भी जो नहीं समझते वह भी जय श्रीराम से परस्पर अभिवादन करते है। श्रीराम लला के दर्शन कर लोग भावविह्वल होते है। दर्शनार्थियों के इस हुजूम में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी शामिल हैं। उन्होंने श्रीराम लला के दर्शन किए। मत्था टेका। अयोध्या का पड़ोसी जिला बहराइच आरिफ मोहम्मद खान का चुनावी क्षेत्र रहा है। आरिफ मोहम्मद खान ने न केवल रामलला को जीभर के निहारा बल्कि उन्होंने रामलला के दरबार में उन्हें लेटकर प्रणाम किया और उनके प्रति अपनी भावना समर्पित की। उन्होंने सामाजिक सौहार्द का एक बड़ा संदेश दिया। आरिफ मोहम्मद अपने राष्ट्रवादी विचारों के लिए प्रसिद्ध हैं। वह उर्दू, फारसी, हिंदी संस्कृत आदि अनेक भाषाओं के जानकर हैं। बहुत अध्ययनशील हैं। अपने संबोधन में वह वेद पुराण उपनिषदों का उद्धहरण देते हैं। भारतीय संस्कृति की महत्ता का प्रतिपादन करते हैं। कहते हैं कि यह भारत है जिसने ज्ञान और उसके प्रसार का मानवीय चिंतन दुनिया को दिया। सूर्य सिद्धांत यूरोपीय पुनर्जागरण का आधार है। नौवीं शताब्दी में भारतीय सूर्य सिद्धांत ग्रंथ को लेकर भारतीय मनीषी अरब गए थे। बगदाद के सुल्तान ने उसका अनुवाद कराया। इसके बाद यह ग्रंथ स्पेन के राजा ने मंगवाया। उसका अनुवाद वहां हुआ। युरोपीय पुनर्जागरण इसी भारतीय सिद्धांत पर आधारित है। उपनिषद कहते हैं ज्ञान प्राप्त करो फिर उसको साझा करो। कपिल मुनि ने ज्ञान प्राप्त किया। फिर उसे अपनी मां को सुनाया। यह प्रसार की ही ललक थी। भारतीय चिंतन में सेवा सहायता पूजा की भांति है। इसमें भेदभाव नहीं है। इस भारतीय विरासत पर अमल तय हो जाए तो सभी कार्य अपने आप होते चलेंगे। भारतीय ज्ञान का सारांश गीता में है। भारत में ज्ञान की पूजा हुई। इस मार्ग से भटके तभी भारत परतंत्र हुआ। ज्ञान का प्रसार बंद कर दिया। इसलिए गुलाम हुए। जो ज्ञान को साझा नहीं करता वह सरस्वती का उपासक नहीं खलनायक होता है। महामना मालवीय ने इसी चेतना का जागरण किया। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय इसका एक निमित्त या पड़ाव मात्र है। भारतीय संस्कृति का जागरण हो रहा है। ज्ञान की तरह पवित्र करने वाला कुछ नहीं है। ब्रह्मचारी वह है जो विद्यार्थी है। जिसमें जिज्ञासा है। विज्ञान का महत्व है। विज्ञान प्रकृति पर नियन्त्रण का प्रयास करता है। ज्ञान ब्रह्म की ओर ले जाता है। एकता का आधार आत्मा है। मनुष्य ही नहीं जीव-जन्तु सभी में आत्मा है। इसलिए भेदभाव नहीं होना चहिए। आरिफ मोहमद जनवरी में मणिराम दास छावनी में हुए अयोध्या उत्सव में सहभागी हुए थे। उसमें उन्होंने कहा था कि राम मंदिर के निर्माण से पूरा देश गर्व महसूस कर रहा है। उस खुशी में हिस्सा लेने के लिए आया हूं। श्रीराम का जीवन हमें सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। भक्ति आंदोलन की शुरूआत दक्षिण में उत्तर भारत से काफी पहले हो गई थी। आंदोलन में श्रीराम को अवतार के रूप में देखा गया है। सबमें राम सबके राम यह वास्तविकता नजर आती है। आरिफ मोहम्मद खान की भगवान राम पर आस्था किसी से छुपी नहीं है। वह अकसर कहते हैं कि आज भी अगर आप ग्रामीण इलाकों में चले जाएं तो लोग एक दूसरे से राम-राम करते हैं। यहां तक कि जब झगड़ा हो जाता है तो लोग कहते हैं कि राम-राम करो, झगड़ा मत करो। ऐसा कोई नहीं है जिसके दिल में राम न हों। मुसलमान के दिल में भी राम हैं। हम ऐसे देश में रहते हैं जहां कि संस्कृति ये नहीं कहती है कि हम दूसरों पर हमला करें। भगवान राम भारतीय संस्कृति के प्रतिनिधि हैं। राम के व्यक्तित्व की विशेषता यह है कि वह हर युग के महानायक हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# आदिवासी जनजीवन के नये जन्म का उजाला


ललित गर्ग



**आदिवासी जनजीवन की आर्थिक उन्नति एवं स्वावलम्बन के लिये वे सुखी परिवार ग्रामोद्योग भी संचालित कर रहे हैं। अपने इन्हीं व्यापक उपक्रमों की सफलता के लिये वे कठोर साधना करते हैं और अपने शरीर को तपाते हैं। अपने कार्यक्रमों में वे आदिवासी के साथ-साथ आम लोगों में शिक्षा के साथ-साथ नशा मुक्ति एवं रूढ़ि उन्मूलन की अलख जगाते हैं। उनके प्रयत्नों का उद्देश्य है शिक्षा एवं पढ़ने की रूचि जागृत करने के साथ-साथ आदिवासी जनजीवन के मन में अहिंसा, नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों के प्रति आस्था जगाना है।**

***सुखी*** परिवार अभियान के प्रणेता, आदिवासी जनजीवन के मसीहा एवं प्रख्यात जैन संत गणि राजेन्द्र विजय पिछले 36 वर्षों से आदिवासी विषयों एवं मुद्दों को लेकर सक्रिय है, उन्होंने आदिवासी जनजीवन के उन्नयन एवं विकास के लिये अनेक जनकल्याणकारी गतिविधियों-योजनाओं जिनमें शिक्षा, सेवा, चिकित्सा एवं आर्थिक उन्नयन के उपक्रम किये हैं, जो आदिवासी जन-जीवन में उतरती रोशनी है। हाल ही में गुजरात में 4400 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑनलाइन कवांट की आदिवासी महिलाओं से बातचीत करते हुए गणि राजेन्द्र विजय को जिस स्नेह एवं आत्मीयता से याद किया, समूचे देश ने यह परिदृश्य देखा और उनकी सेवाओं को महसूस किया। मोदी का इस तरह इस संत पुरुष को याद करना,उनके गौरव को, उनके होने का भान कराता हैं। इस वर्ष गणि राजेन्द्र विजयजी अपने जन्म दिन 19 मई, 2024 को गुजरात के आदिवासी क्षेत्र कवांट में देश के पहले कौशल विकास विश्वविद्यालय 'भगवान आदिनाथ आदिवासी कौशल विश्वविद्यालय' के बीज को आकार देने को तत्पर हो रहे हैं, जिससे भारत के कौशल का दुनिया में डंका बजेगा एवं आदिवासी जनजीवन विकास की एक नई गाथा लिखने को तत्पर हो निश्चित ही गणि राजेन्द्र विजयजी आदिवासी समाज को उचित दर्जा दिलाने एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिये तत्पर है। वे स्वयं समर्थ एवं समृद्ध है, अतः शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिये स्वयं आगे आएं। एक तरह से एक संतपुरुष के प्रयत्नों से एक सम्पूर्ण पिछडा एवं उपेक्षित आदिवासी समाज स्वयं को आदर्श रूप में निर्मित करने के लिये तत्पर हो रहा है। यह एक अनुकरणीय एवं सराहनीय प्रयास है। लेकिन इन आदिवासी लोगों को राजनीतिक संरक्षक भी मिले, इसके लिये वे सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से सम्पर्क स्थापित कर आदिवासी जीवन के दर्द से उन्हें अवगत कराया एवं इस बार के लोकसभा चुनाव में आदिवासी लोगों को सक्रिय किये हुए है। भारतीय समाज में जिन आदर्शों की कल्पना की गई है, वे भारतीयों को आज भी उतनी ही श्रद्धा से स्वीकार हैं। मूल्य निष्ठा में जनता का विश्वास अभी तक समाप्त नहीं हुआ। व्यक्ति अगर अकेला भी हो पर नैतिकता का पक्षधर हो और उसका विरोध कोई ताकतवर कुटिलता और षड्यंत्र से कर रहा हो तो जनता अकेले आदमी को पसन्द करेगी। इन्हीं मूल्यों की प्रतिष्ठापना, गणि राजेन्द्र विजय के मिशन एवं विजन का उद्देश्य है। गणि राजेन्द्र विजय एक ऐसा व्यक्तित्व है जो आध्यात्मिक विकास और नैतिक उत्थान के प्रयत्न में तपकर और अधिक निखरा है। वे आदिवासी जनजीवन के उत्थान और उन्नयन के लिये लम्बे समय से प्रयासरत हैं और विशेषतः आदिवासी जनजीवन में शिक्षा की योजनाओं को लेकर जागरूक है, इसके लिये सर्वसुविधयुक्त करीब 12 करोड की लागत से एकलव्य आवासीय माडल विद्यालय का निर्माण होकर विगत दो दशकों से शिक्षा की नई उपलब्धियां एवं कीर्तिमान उनके प्रयत्नों से स्थापित कर रहा है। वर्ष 2007 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस विद्यालय एवं अन्य योजनाओं का शुभारंभ करीब डेढ़ लाख आदिवासी लोगों के बीच किया, इतनी विशाल आदिवासी उपस्थिति गणिजी के इस क्षेत्र में प्रभाव को दर्शा रही थी। उनके नेतृत्व में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित है, जिनमें कन्या शिक्षा के लिये ब्राह्मी सुन्दरी कन्या छात्रावास का कुशलतापूर्वक संचालन हो रहा हैं। इसी आदिवासी अंचल में जहां जीवदया की दृष्टि से गौशाला संचालित है तो चिकित्सा और सेवा के लिये चलयमान चिकित्सालय भी अपनी उल्लेखनीय सेवाएं दे रहा है। आदिवासी जनजीवन की आर्थिक उन्नति एवं स्वावलम्बन के लिये वे सुखी परिवार ग्रामोद्योग भी संचालित कर रहे हैं। अपने इन्हीं व्यापक उपक्रमों की सफलता के लिये वे कठोर साधना करते हैं और अपने शरीर को तपाते हैं। अपने कार्यक्रमों में वे आदिवासी के साथ-साथ आम लोगों में शिक्षा के साथ-साथ नशा मुक्ति एवं रूढ़ि उन्मूलन की अलख जगाते हैं। उनके प्रयत्नों का उद्देश्य है शिक्षा एवं पढ़ने की रूचि जागृत करने के साथ-साथ आदिवासी जनजीवन के मन में अहिंसा, नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों के प्रति आस्था जगाना है। हर आदमी अपने अन्दर झांके और अपना स्वयं का निरीक्षण करे। आज मानवता इसलिए खतरे में नहीं है कि अनैतिकता बढ़ रही है। अनैतिकता सदैव रही है- कभी कम और कभी ज्यादा। सबसे खतरे वाली बात यह है कि नैतिकता के प्रति आस्था नहीं रही। त्याग, साधना, सादगी, प्रबुद्धता एवं करुणा से ओतप्रोत गणि राजेन्द्र विजयजी आदिवासी जाति की अस्मिता की सुरक्षा के लिए तथा मानवीय मूल्यों को प्रतिष्ठापित करने के लिए सतत प्रयासरत हैं। मानो वे दांडी पकडे.गुजरात के उभरते हुए 'गांधी' हैं। इसी आदिवासी माटी में 19 मई, 1974 को एक आदिवासी परिवार में जन्में गणि राजेन्द्र विजयजी मात्र ग्यारह वर्ष की अवस्था में जैन मुनि बन गये। बीस से अधिक पुस्तकें लिखने वाले इस संत के भीतर एक ज्वाला है, जो कभी अश्लीलता के खिलाफ आन्दोलन करती हुए दिखती है, तो कभी जबरन धर्म परिवर्तन कराने वालों के प्रति मुखर हो जाती है। कभी जल, जमीन, जंगल के अस्तित्व के लिये मुखर हो जाती है। इस संत ने स्वस्थ एवं अहिंसक समाज निर्माण के लिये जिस तरह के प्रयत्न किये हैं, उनमें दिखावा नहीं है, प्रदर्शन नहीं है, प्रचार-प्रसार की भूख नहीं है, किसी सम्मान पाने की लालसा नहीं है, किन्हीं राजनेताओं को अपने मंचों पर बुलाकर अपने शक्ति के प्रदर्शन की अभीप्सा नहीं है। अपनी धून में यह संत आदर्श को स्थापित करने और आदिवासी समाज की शक्ल बदलने के लिये प्रयासरत है और इन प्रयासों के सुपरिणाम देखना हो तो कंवाट, बलद, रंगपुर, बोडेली आदि-आदि आदिवासी क्षेत्रों में देखा जा सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# चिंताजनक है मुद्दाविहीन लोकसभा चुनाव


अरुण कुमार दीक्षित

***मौजूदा*** लोकसभा चुनाव मुद्दाविहीन है। जब कोई चुनाव मुद्दों पर आधारित होता है तब पक्ष और विपक्ष के लिए बहस आसान होती है। सत्ता पक्ष के पास अपने अनेक कार्य गिनाने का अवसर चुनाव के समय होता है। सत्ता पक्ष द्वारा अपने पक्ष में रखी जा रही बातों और प्रशंसा का मंच चुनाव होता है। सत्तारूढ़ दल अपने कार्यों को बता कर यदि चुनाव में लाभ उठाता है तो यह उसका अधिकार भी है। विपक्ष के पास सत्ता दल को घेरने के लिए मुद्दे होने चाहिए। इस लोकसभा चुनाव में विपक्ष किसी भी समस्या को मुद्दा नहीं बना पाया। सच तो यह है कि कोई भी सरकार अपने कार्यों से बोलती है और विपक्ष माइक से बोलता है। पूरे पांच साल विपक्ष मुद्दा आधारित लोकहित के विचार सदन के भीतर और बाहर नहीं रख पाया। न ही आंदोलन से अपने पक्ष में वातावरण बना पाया। जनहित की बातों और समस्याओं को लेकर लोकसभा में सकारात्मक चर्चा भी ठीक नहीं रही। राष्ट्रीय बिंदुओं पर जहां विपक्ष भागता रहा, वहीं इसका लाभ सत्ता दल को लगातार मिलता देखा गया। प्रायः सत्तादल की किसी छोटी सी बात या टिप्पणी पर विपक्ष भ्रमित होता देखा गया। जनहित पर चर्चा लोकसभा और विधान मंडल के सदनों में नहीं होने से सामाजिक और राजनीतिक कार्यकताओं में निराशा होती है। सत्ता दल को इसका लाभ मिलता है। राष्ट्र का नुकसान होता है। खास बात यह भी है, कि सदन के भीतर माननीय सदस्यों को मर्यादित रहने, सदन को सुव्यवस्थित चलाने , संसदीय व्यवस्था के अनुसार आचरण करने के प्रशिक्षण भी दिए जाते हैं। सत्र के एक-दो दिन पूर्व सर्वदलीय बैठक और साथ में सत्ता दल द्वारा सदन के सभी दलों के नेताओं के साथ बैठक का आयोजन भी किया जाता है। मगर सदन के पहले दिन ही हंगामा शुरू हो जाता है। सदन चलाने में मोटी धनराशि खर्च होती है। अपने नेता के प्रति वफादारी दिखाने का अवसर सदन में मिलता है। वह इस स्वर्णिम अवसर को खोना नहीं चाहते हैं। चुनाव में जनमानस इस बात का मूल्यांकन करता है उसके क्षेत्र के सांसद और विधान ने सदन में नए कानून पर कितनी चर्चा की। क्या कोई ऐसे सुझाव दिए जो राष्ट्र निर्माण के लिए सुंदर हैं। क्या शिक्षा को लेकर कोई विषय रखा? क्या सदन में पर्यावरण की चिंता की? नदियों में प्रदूषण को घटाने पर कोई उपयोगी सुझाव दिए। क्या इस पर चर्चा हुई कि किसानों की फसल का अधिकतम लाभ मिले। इस पर कितने सांसदों और विधायकों की राय आई। प्रश्न प्रति प्रश्न हुए । सरकार का प्रश्नों में क्या रुख रहा। विधान परिषद सदस्य स्नातक क्षेत्र के भी होते हैं। तो भी स्नातकों की बात क्यों नहीं होती है। सदस्यों ने सदन के भीतर यह जरूर बताया होगा कि किसान के बेटे हैं। गांव से आए हैं। भारत गांव में ही है। बेरोजगारी को लेकर सांसदों- विधायकों की राय सामने नहीं आती है। न ही लोकसभा में न विधानसभा में । आखिर यह विषय आते क्यों नहीं। विपक्ष बोलता नहीं । सत्ता दल मौन होता है, जबकि शक्तियों की बात की जाए तो विधायक, एमएलसी, लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य चाहे वे सत्ता दल के हों या हो या विपक्ष के, समान शक्तियों से लैस हैं। मगर वह प्रायः नहीं बोलते। उनके अंदर प्रश्न नहीं उठते। सदन के भीतर अपने क्षेत्र की उपेक्षा करते हैं। वह प्रश्नाकुल नहीं होते हैं। वह उनके लिए भी विचलित नहीं होते जिनके वोट से पदासीन होते हैं। उपनिषदों में एक उपनिषद है-प्रश्नोपनिषद , वह उससे भी प्रेरित नहीं होते। वह किसी सरकारी अस्पताल में चिकित्सक की कमी को भी देखकर सदनों में यह समस्या नहीं रखते हैं। बात चिकित्सा, शिक्षा या नई ट्रेन चलवाने की बस चलवाने, नदियों ,पहाड़ों को बचाने की नहीं है। मूलभूत प्रश्न है संसद, विधानमंडल में जब गांव-गरीब, मजदूर-बेरोजगारी, दवा ,अपराध ,न्याय की चर्चा में भागीदारी नहीं होगी तो उपाय क्या है? हमारे अधिकार क्या हैं। बहुसंख्यक आबादी नहीं जानती कि उनके संवैधानिक अधिकार क्या हैं? आज भी प्राय : लोग मानते हैं कि सांसद या विधायक पुलिस-तहसील में सिफारिश करने के लिए उपयुक्त है। यह काम जनप्रतिनिधियों से कराया जाए। मगर लोकसभा में जब कोई विधेयक लाया जा रहा हो तब सांसदों की क्या भूमिका होती है? देश की जनता प्रायः नहीं जानती है। संसद और विधान मंडल की कार्यवाही में जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी क्या है? इसे लेकर शिक्षित और प्रबुद्ध समाज भी गंभीर नहीं है। जब बेरोजगारी पर बात होती है। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं के बजट पर चर्चा होती है तो किसानों, मजदूरों और डिग्री धारकों के भविष्य पर चर्चा भी होनी चाहिए, ऐसे में जनप्रतिनिधियों की चुप्पी तो चौंकाती ही है। डॉ. जगदीश्वर चतवेर्दी ने अपनी पुस्तक हिंदी पत्रकारिता के इतिहास की भूमिका के पेज 85 अध्याय भारतेंदु युगीन पत्रकारिता का परिप्रेक्ष्य में लिखा है कि आधुनिक युग में संस्कृत और राजनीतिक नाभिनालद्वय है जो लोग संस्कृति और राजनीति में संबंध नहीं देखते। वे समाज के प्रति समग्र दृष्टिकोण पैदा भी नहीं कर सकते। इन दिनों परिवारवाद बड़ा मुद्दा है। जातिवाद उन्मूलन बड़ा मुद्दा नहीं है। भ्रष्टाचार मुद्दा नहीं है, यह विषय गंभीर है। इस पर राष्ट्रीय बहस होनी चाहिए। मतदाताओं को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सचेत रहना होगा। डॉ. ओमप्रकाश गाबा की पुस्तक 'राजनीति चिंतन की रूपरेखा' के पेज 163 पर जर्मन दार्शनिक कान्ट ने नैतिकता को सर्वोपरि स्थान देते हुए कहा कि राजनीतिज्ञों को नैतिकता के सामने सदैव नतमस्तक रहना चाहिए। सच्ची राजनीति तब तक एक कदम आगे नहीं बढ़ सकती जब तक वह नैतिक आदर्शों को प्रणाम न कर लें। अपेक्षा की जा सकती है कि नई लोकसभा के साथ नई ऊर्जा तथा समाज राष्ट्र के हितों के लिए काम करेंगे।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

अर्थव्यवस्था

## असंगठित क्षेत्र में आधी आबादी की बड़ी हिस्सेदारी


डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

***असंगठित*** क्षेत्र के श्रमिकों की अपनी समस्या है। काम मिले तो मिल गया और नहीं मिला तो नहीं मिला। यानी असंगठित क्षेत्र में रोजगार व आय की स्थिरता नहीं होती। यही कारण है कि दूसरे दिन भी काम मिलेगा या नहीं, इसकी कोई गॉरन्टी नहीं होती। असंगठित क्षेत्र में श्रम शक्ति की बागड़ोर महिलाओं ने ही संभाल रखी है। देश की आर्थिक गतिविधियों के संचालन में असंगठित क्षेत्र की अपनी भूमिका है और इसमें कोई दो राय नहीं कि असंगठित क्षेत्र में श्रम शक्ति को भले ही मेहनत का पूरा पैसा नहीं मिलता हो पर असंगठित क्षेत्र में सर्वाधिक रोजगार के अवसर है। बहुत बड़े वर्ग की रोजी रोटी असंगठित क्षेत्र पर ही टिकी हुई है। हांलाकि असंगठित क्षेत्र की अपनी समस्याएं हैं। इसमें रोजगार की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, नियमित आय का ना होना, स्वास्थ्य सुरक्षा सहित बहुत सी समस्याओं से दो चार होना पड़ता है। हांलाकि सरकार असंगठित क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए समय समय पर योजनाएं लाती है और ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन कराकर उनकी वास्तविक संख्या व आवश्यक जानकारी जुटाते हुए योजनाओं को अंतिम रुप दिया जाता रहा है। खैर बात भले ही थोड़ी अजीब लगे पर वास्तविकता तो यही बयां करती हैं कि आज देश में असंगठित क्षेत्र में पुरुषों के मुकाबलें महिलाओं की हिस्सेदारी अधिक हो गई है। केन्द्र सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर देश में 29 करोड़ 56 लाख श्रमिकों का पंजीकरण हो चुका है जिसमें से महिला श्रमिकों की संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक है। असंगठित क्षेत्र में आज महिला श्रमिकों की हिस्सेदारी आधी से भी ज्यादा हो चुकी है। केन्द्र सरकार के ई-श्रम पोर्टल की ही बात करे तो इसमें पंजीकृत 29 करोड़ 56 लाख श्रमिकों में से 53 फीसदी से भी अधिक महिला श्रमिक रजिस्टर्ड हैं जबकि पुरुष श्रमिकों की संख्या यही कोई 46 फीसदी से कुछ ही अधिक है। दरअसल बात भले ही कुछ भी की जाती हो पर तस्वीर तो यही है कि पुरुषों की तुलना में महिलाएं अधिक श्रम कर रही थी और कर रही है। भले ही व्हाईट कालर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में कम हो पर आज संगठित व असंगठित क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों से पीछे नहीं है। भारत सरकार के ई-श्रम पोर्टल के आंकड़ों की ही भाषा में बात करें तो केरल में सबसे अधिक 59.79 प्रतिशत महिला श्रमिक असंगठित क्षेत्र में है तो आंध्रप्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड और पश्चिम बंगाल आदि सभी जगह पुरुषों की तुलना में महिला श्रमिक अधिक है। दरअसल देखा जाएं तो खेती और पशुपालन तो महिलाओं के भरोसे ही चल रहा है। शहरों में घरेलू कामकाज और रियल स्टेट क्षेत्र में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की हिस्सेदारी सर्वाधिक है। करीब 15 करोड़ श्रमिक खेती किसानी क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। इसका अर्थ साफ साफ यह हुआ कि खेती किसानी से आधे से भी अधिक श्रमिक जुड़े हुए हैं और इसमें भी कोई दो राय नहीं कि पुरातन काल से ही पशुपालन तो महिलाओं के भरोसे ही चलता आया है। खेती किसानी में भी महिलाओं की प्रमुख भागीदारी होती है। गली कुचें में बनिये की दुकान, चाय-पानी की स्टॉल या इसी तरह की किसी दुकान में काम करने वाले, चौकटियों में कारीगारी-बेलदारी के काम की प्रतीक्षा करने वाले, खेतों में जुताई, कटाई व इसी तरह के काम करने वाले, छोटे दस्तकारों, कारीगरों, हस्तशिल्पियों, गली मोहल्ले में घूमने वाले वेण्डर्स और अस्थाई काम करने वाले लोग असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की श्रेणी में आते हैं। डेली वेजेज के आधार पर काम करने वाले लोगों को भी इसी श्रेणी में रखा जाएगा। इनमें महिला और पुरुष श्रमिक दोनों ही शामिल है। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की अपनी समस्या है। काम मिले तो मिल गया और नहीं मिला तो नहीं मिला। यानी असंगठित क्षेत्र में रोजगार व आय की स्थिरता नहीं होती। यही कारण है कि दूसरे दिन भी काम मिलेगा या नहीं, इसकी कोई गॉरन्टी नहीं होती।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# आपातकाल की संवैधानिक त्रासदी पुर्नपाठ जरूरी


हृदयनारायण दीक्षित

***गांव***-गली में शोर है-कौवा कान ले गया। किसी ने नहीं देखा। इसने उससे कहा। उसने अगले से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनाव में भारी बहुमत पाकर संविधान बदल देंगे। मूलभूत प्रश्न है कि क्या कोई सरकार संविधान समाप्त कर सकती है? क्या कोई सरकार बिना संविधान के ही शासन की संस्थाओं, न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका का संचालन कर सकती है? क्या कोई सरकार संविधान के आधारिक लक्षणों-बेसिक फीचर्स का संशोधन या निरसन कर सकती है? सारे प्रश्नों का उत्तर है-नहीं। कौवा कान ले गया लेकिन कान अपनी जगह ही है। कौवा कांव-कांव कर रहा है। झूठ-मूठ। बचपन में कथा सुनी थी। एक बारात के सारे लोग भाग रहे थे। एक ने दूसरे से पूछा-आप क्यों भाग रहे हैं? दूसरे ने कहा-आप भी भाग रहे हैं? अगले ने कहा-मुझे क्या पता? सब भाग रहे हैं। सो हम भी भाग रहे हैं। बहुत खोज करने पर पता चला कि एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल की चाभी खो गई थी। वह तेज रफ्तार दौड़कर चाभी खोजने गया था। बाकी लोग देखा-देखी अकारण भाग रहे थे। संविधान खात्मे की बहस व्यर्थ है। संविधान साधारण अभिलेख नहीं है। यह राष्ट्र का राजधर्म है। आवश्यकतानुसार संविधान में संशोधन होते रहते हैं। लगभग 105 संशोधन हो चुके हैं। संविधान में ही संविधान संशोधन के प्रावधान हैं। संविधान बदलने और संशोधन करने में मूलभूत अंतर है। संविधान संशोधन विषयक प्रावधान (अनुच्छेद 368-मसौदा संविधान अनुच्छेद 304) पर संविधान सभा में बहस चली थी। एच. वी. कामथ ने कहा था, ''संशोधन आखिरकार क्या है? संशोधन का अर्थ हो सकता है संविधान में कुछ परिवर्तन। उसमें कुछ जोड़ना या उसका निरसन।'' लेकिन चुनाव में संविधान संशोधन को लेकर कोई बहस नहीं है। संविधान खत्म करने की बयानबाजी हास्यास्पद है। संविधान सभा में पी. एस. देशमुख ने कहा था, ''भविष्य में कुछ समय तक संविधान में तमाम परिवर्तन करने आवश्यक होंगे। इसलिए संविधान संशोधन आसान बनाना जरूरी है।'' सभा में अनेक सदस्यों ने विचार व्यक्त किए। डॉ. आम्बेडकर ने कहा, ''आयरिश संविधान में, दोनों सदन सामान्य बहुमत से संविधान के किसी भाग को संशोधित कर सकते हैं। शर्त है कि सदनों के विनिश्चय को जनता का बहुमत अनुमोदित करे। स्विस संविधान में भी विधानमंडल संशोधन विधेयक पारित कर सकता है। लेकिन जनता के अनुसमर्थन की आवश्यकता है।'' उन्होंने अनेक उदाहरण दिए। भारत में संशोधन की शक्ति विधायिका में निहित है। उन्होंने सभा में विचाराधीन विधेयक का विवेचन किया, ''हम संविधान संशोधन को तीन श्रेणियां में बांटते हैं। एक श्रेणी में संसद का साधारण बहुमत पर्याप्त है। दूसरी श्रेणी के संशोधन में दो तिहाई बहुमत आवश्यक है। तीसरी श्रेणी में देश की आधे से अधिक विधानसभाओं का समर्थन आवश्यक है।'' यहां संशोधन की पूरी प्रक्रिया औचित्यपूर्ण है। संविधान सभा में संशोधन प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग थी कि आमजन राजनैतिक प्रणाली को बदलने की मांग कर सकते हैं। जन असंतोष प्रकट करने का कोई मार्ग भी होना चाहिए। डॉक्टर आम्बेडकर ने कहा, ''जो संविधान से असंतुष्ट हैं उन्हें दो तिहाई बहुमत प्राप्त करना होगा। यदि वह व्यस्क मत के आधार पर निर्वाचित संसद में दो तिहाई बहुमत भी नहीं पा सकते तो यह मान लेना चाहिए कि संविधान के प्रति असंतोष में जनता उनके साथ नहीं है।'' उच्चतम न्यायालय ने स्थापना दी थी कि हमारे संविधान का कोई भाग ऐसा नहीं है जिसका संशोधन नहीं हो सकता। गोलकनाथ के चर्चित मुकदमे में 11 जजों की विशेष न्यायपीठ ने 6 न्यायाधीशों के बहुमत से पूर्व विनिश्चय को उलट दिया था और कहा था ''यद्यपि अनुच्छेद 368 में कोई अलग अपवाद नहीं है। लेकिन मूल अधिकारों की प्रवृत्ति ही ऐसी है कि वह अनुच्छेद 368 में संशोधन प्रक्रिया के अधीन नहीं हो सकते। यदि ऐसे किसी अधिकार का संशोधन करना है तो नई संविधान सभा बुलानी पड़ेगी।'' फिर केशवानंद वाद का चर्चित फैसला आया। गोलकनाथ के वाद के समय से ही प्रश्न उठाया जा रहा था कि, ''क्या मौलिक अधिकारों (भाग-3) के बाहर भी संविधान का कोई उपबंध है जो संशोधन की प्रक्रिया से मुक्त है?'' केशवानंद के मुकदमे में बहुमत ने गोलकनाथ के मत को उलट दिया कि अनुच्छेद 368 के अधीन मूल अधिकारों का संशोधन नहीं हो सकता। एक अन्य बड़ी बात भी न्यायालय ने कही है कि संविधान के कुछ आधारिक लक्षण हैं जिनका संशोधन नहीं किया जा सकता। यदि संविधान संशोधन अधिनियम संविधान की आधारिक संरचना में परिवर्तन के लिए है तो न्यायालय उसे शक्तिवाह्य के आधार पर शून्य घोषित करने का अधिकारी होगा। न्यायालय ने भारत की सम्प्रभुता, अखंडता, परिसंघीय प्रणाली, न्यायायिक पुर्नविलोकन, संसदीय प्रणाली आदि अनेक विषयों को संविधान के आधारिक लक्षण बताए। दरअसल चुनाव के मूलभूत मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इंडी गठबंधन संविधान खत्म करने की निराधार कल्पना दोहरा रहा है। संविधान में आपातकाल के लिए देश की आतंरिक अशांति को आधार बताया गया है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ही आतंरिक अशांति से पीड़ित थीं। देश में शांति थी। लोकतांत्रिक आन्दोलन बेशक थे। उन्होंने आपातकालीन प्रावधान (अनुच्छेद 352) का दुरुपयोग किया। इंडी गठबंधन को आपातकाल 1975-77 के समय पारित 42वें संविधान संशोधन अधिनियम 1976 का अध्ययन करना चाहिए। 42वें संशोधन के माध्यम से संविधान के 53 अनुच्छेद एक साथ बदले गए। सातवीं अनुसूची में भी परिवर्तन किए गए। महत्वपूर्ण सिद्धान्तों को बदल दिया गया। संविधान के किसी उपबंध का उल्लंघन करने के आधार पर उसकी संवैधानिकता को चुनौती देने के लिए संघ और राज्यों के कानून में भेद किया गया। यह उपबंध किया गया कि कोई उच्च न्यायालय किसी केन्द्रीय विधि या जिसमें ऐसी विधि के अंतर्गत अधीनस्थ विधान भी सम्मिलित हैं, संविधान विरुद्ध होने के आधार पर अविधि मान्य नहीं कर सकेगा। 42वां संशोधन न्यायपालिका की शक्ति को घटाने वाला था और मौलिक अधिकारों की भी। उच्चतम न्यायालय अपनी अधिकारिता (अनुच्छेद 32) में किसी राज्य विधि को असंवैधानिक घोषित नहीं करेगा। संविधान संशोधन अधिनियमों के न्यायायिक पुर्नविलोकन के अधिकार का भी संशोधन हुआ। उपबंध किया गया कि जिस विधि को संविधान संशोधन विधि बताया जाएगा, उसे न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती। नीति निदेशक तत्व (अनुच्छेद 37) किसी न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं है। लेकिन उपबंध किया गया कि किसी निदेशक तत्व को क्रियान्वित करने वाली विधि को मूल अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर न्यायायिक पुनर्विलोकन से मुक्त रखा जाएगा। यह मूल संविधान के ठीक उल्टा है। संविधान को तहस-नहस करने का यह प्रयास निन्दनीय है। इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार ने संविधान और उसकी आत्मा को ही कुचल दिया था। 1977 के आम चुनाव में जनता पार्टी की सरकार आई। नई सरकार ने 43वें संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से न्यायायिक पुर्नविलोकन के न्यायपालिका के अधिकार की बहाली की। सभी जनविरोधी प्रावधानों को निरस्त कर दिया गया। भारतीय संविधान के इतिहास में संविधान के साथ छेड़खानी का निन्दनीय कृत्य दूसरा नहीं मिलता। संविधान के प्रति भारतीय जन गण मन की निष्ठा है। संविधान बदलने या पूरा संविधान ही खारिज करने और तानाशाही लाने जैसे आरोप हास्यास्पद हैं। वे संविधान बदलने या हटाने की बात उठाकर आपातकाल की संवैधानिक त्रासदी याद दिला रहे हैं। इस दृष्टि से उनका यह कृत्य उपयोगी है। आपातकाल संवैधानिक त्रासदी है। आपातकाल की तानाशाही अत्याचार और संविधान को तहस-नहस करने के कृत्यों का पाठ और पुर्नपाठ जरूरी है।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं। ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# मालिवाल मारपीट मामले में भाजपा-आप ने लगाए एक दूसरे पर आरोप

## दुर्योधन गिरफ्तार, बचाने की कोशिश कर रहे हैं धृतराष्ट्र : शहजाद पूनावाला



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट के मामले में बिभव कुमार की गिरफ्तारी पर कहा कि आधुनिक काल के चीरहरण में दुर्योधन की भूमिका निभाने वाला व्यक्ति तो गिरफ्तार हो गया है, लेकिन आधुनिक काल का धृतराष्ट्र अभी भी मौन है, दुर्योधन को बचाने की कोशिश कर रहा है। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए शहजाद पूनावाला ने कहा कि पहले भ्रष्टाचार, फिर दुराचार, यही आम आदमी पार्टी का व्यवहार है।

उन्होंने स्वाति मालीवाल को लेकर आप नेताओं द्वारा दिए जा रहे बयानों को निंदनीय बताते हुए कहा कि मेडिकल रिपोर्ट से यह साफ-साफ पता लग रहा है कि स्वाति मालीवाल को मारा-पीटा गया है, लेकिन आम आदमी पार्टी के नेता कह रहे हैं कि स्वाति मालीवाल के कपड़े नहीं फटे हैं, वह लंगड़ा कर नहीं चल रही हैं और गुस्से से चीख नहीं रही है। इस तरह का बयान निंदनीय है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने बिभव कुमार को संरक्षण दिया हुआ है जबकि केजरीवाल को सामने आकर यह बताना चाहिए कि बिभव के पास आखिर कौन से ऐसे राज हैं, जिसकी वजह से बिभव के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय निम्न स्तर तक जाकर भी उसे बचाने का प्रयास कर रहे हैं। पूनावाला ने कहा कि भाजपा पर आरोप लगाना आम आदमी पार्टी की आदत बन चुकी है, जबकि इस मामले में स्वाति मालीवाल उनकी अपनी ही पार्टी की पुरानी नेता हैं, राज्यसभा सांसद हैं और मारपीट करने वाले और करवाने वाले भी आप से ही जुड़े हैं तो फिर वे भाजपा पर आरोप क्यों लगा रहे हैं? कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के बयान का हवाला देते हुए उन्होंने कांग्रेस और आप दोनों के रवैये पर भी सवाल उठाया।

**सवाल**

- स्वाति मालीवाल के मामले में इंडी गठबंधन के नेता चुप क्यों हैं?
- 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' की बात कहने वाली प्रियंका गांधी और राहुल गांधीआज चुप क्यों हैं?
- प्रियंका चतुर्वेदी स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट की घटना पर चुप क्यों हैं?
- सेलेक्टिव फुटेज क्यों जारी कर रही आप.. पूरा वीडियो रिलीज क्यों नहीं करती है?
- बिभव का है आपराधिक इतिहास, इस मामले में बिभव सिर्फ पपेट, असली अपराधी केजरीवाल स्वयं ?

**स्वाति मालीवाल की मेडिकल रिपोर्ट में चोट की पुष्टि**

राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल की मेडिकल रिपोर्ट में उनके शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। इस मामले में एम्स की रिपोर्ट में बताया गया है कि स्वाति मालीवाल को 'बाएं पैर के थाई' पर 3.2 सेंटीमीटर के आकार की चोट थी और उनके 'दाहिनी आंख के नीचे दाहिने गाल' पर 2.2 सेंटीमीटर आकार की एक और चोट थी। इस मेडिकल रिपोर्ट में स्वाति मालीवाल के दिए बयान को भी दर्ज किया गया है। इसके मुताबिक 13 मई को सुबह 9:15 बजे दिल्ली के सीएम हाउस में बिभव कुमार ने उनपर हमला किया। मरीज ने कई बार थप्पड़ मारे जाने की शिकायत की, जिसके बाद उसे धक्का दिया गया। उसका सिर किसी कठोर वस्तु से टकराया। वह फर्श पर गिर गई और उसके बाद उसके पैर, छाती, पेट पर कई बार वार किया गया।

## 'यह बीजेपी की साजिश, गिरफ्तारी का भय दिखा स्वाति को बनाया हथियार'




**एजेंसी। नई दिल्ली**

स्वाति मालीवाल से कथित मारपीट के मामले में आम आदमी पार्टी ने सीएम आवास के सीसीटीवी फुटेज को सामने रख स्वाति मालीवाल पर आरोप लगाया है कि यह सब एक बड़ी साजिश के तहत किया जा रहा है। आपकी नेता आतिशी ने इसके पीछे फिर बीजेपी का हाथ बताया है। आतिशी ने बताया कि सीएम आवास के बाहर स्वाति मालीवाल के निकलते वक्त के वीडियो में कोई भी ऐसी बात मेल नहीं खा रही है, जो उन्होंने अपनी एफआईआर में कही हो। ना तो वह लंगड़ा कर चल रही हैं, ना कोई चोट दिखाई दे रही है और ना ही उनके कपड़े फटे हुए हैं। आप नेता आतिशी ने कहा कि इसमें पूरी तरीके से बीजेपी ने षड्यंत्र रचा है। उन्होंने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह अपनी सभी जांच एजेंसियों की मदद से नेताओं को ब्लैकमेल करती हैं और उन्हें अपनी पार्टी में मिला लेती है। आतिशी ने बताया कि दिल्ली महिला आयोग में रहने के दौरान एंटी करप्शन टीम ने महिला आयोग में हुई नियुक्तियों के खिलाफ स्वाति मालीवाल के नाम पर केस दर्ज किया था। अब इस मामले में सजा का डर दिखाकर स्वाति मालीवाल को इस षड्यंत्र का हिस्सा बनाया गया है।

**बीजेपी के इशारे पर काम कर रही पुलिस :** आतिशी ने दिल्ली पुलिस पर आरोप लगाया है कि बिभव ने सीएम आवास में बिना इजाजत स्वाति मालीवाल के अंदर घुसने समेत पूरी घटना के बारे में दिल्ली पुलिस को ईमेल से शिकायत दी थी। लेकिन दिल्ली पुलिस ने अभी तक उस शिकायत पर मामला दर्ज नहीं किया।

### अधिकारियों को धमकाती दिख रही हैं स्वाति : सौरभ

स्वाति मालीवाल के मामले में आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। उन्होंने कहा, जब कोई महिला इस तरह के आरोप लगाती है तो लगता है कि उनकी बातों में सच्चाई होगी। हमें भी स्वाति मालीवाल के मामले में यही लगा था, लेकिन जब कल सीएम आवास के ड्राइंग रूम का वीडियो सामने आया, उसमें कुछ अलग ही दिख रहा है। वीडियो में स्वाति अधिकारियों को ही धमकाते हुए दिख रही हैं। वह जो मारपीट और कपड़े फाड़े जाने का आरोप लगा रही हैं, उस वीडियो में ऐसा कुछ नहीं दिख रहा। वह तो आराम से बैठी हुई हैं।

### आप के सांसद-विधायक गिरफ्तारी देने रविवार को जाएंगे भाजपा मुख्यालय : केजरीवाल

आप के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को एक वीडियो संदेश के जरिए आरोप लगाया कि भाजपा जेल-जेल खेल रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के सभी सांसद और विधायक रविवार को गिरफ्तारी देने के लिए भाजपा मुख्यालय जाएंगे। केजरीवाल ने कहा कि हमारे नेताओं को जेल में डाला जा रहा है। उन्हें, मनीष सिसोदिया, सत्येन्द्र जैन, संजय सिंह और आज उनके पीए को गिरफ्तार किया गया। आगे राघव चड्ढा, आतिशि, सौरभ भारद्वाज को गिरफ्तार करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी नेताओं को दिल्ली में बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार करने के लिए गिरफ्तार किया जा रहा है।

## विश्वभर में लोगों के जीवन काल में हो रही है वृद्धि

**-ब्यूरो। नई दिल्ली**

'द लैंसेट' पत्रिका में प्रकाशित एक वैश्विक अध्ययन में दावा किया गया है कि भारत में 2050 तक पुरुषों का औसत जीवनकाल 75 वर्ष और महिलाओं का 80 वर्ष होने की संभावना है। विश्वभर में पुरुषों की जीवन प्रत्याशा में करीब पांच वर्ष और महिलाओं की जीवन प्रत्याशा में चार वर्ष से अधिक का सुधार होने का अनुमान है। इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने कहा है कि उन देशों में सुधार सबसे अधिक होने की उम्मीद है, जहां जीवन प्रत्याशा कम है। इससे सभी भौगोलिक क्षेत्रों में जीवन प्रत्याशा में समग्र वृद्धि देखने को मिलेगी। शोधकर्ताओं के मुताबिक, हृदय रोगो, कोविड-19, जच्चा- बच्चा व पोषण संबंधी बीमारियों और अन्य संक्रामक रोगों से बचाव को लेकर सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय लोगों के जीवित रहने की दर में सुधार करने वाले कारक हैं। इनसे बड़े पैमाने पर विश्व स्तर पर जीवन प्रत्याशा में वृद्धि दिखने को मिलेगी। शोधकर्ताओं ने कहा कि दुनियाभर में स्वस्थ जीवन प्रत्याशा आने वाले वर्षों में 2.6 साल बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में जीवन प्रत्याशा का आंकड़ा जहां 64.8 वर्ष था, वहीं 2050 में यह बढ़कर 67.4 वर्ष हो जाएगा। अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि भारत में 2050 तक पुरुषों की जीवन प्रत्याशा औसतन 75 वर्ष से अधिक और महिलाओं के लिए यह लगभग 80 वर्ष हो सकती है।



*भारत में 2050 तक पुरुषों का औसत जीवनकाल 75 वर्ष, महिलाओं का 80 वर्ष होने की संभावना है*

हालांकि, भारत में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए 'स्वस्थ जीवन प्रत्याशा' 65 वर्ष से अधिक होने का अनुमान लगाया गया है। इस अध्ययन में शामिल अमेरिका के वाशिंगटन विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन के निदेशक क्रिस मुरे ने कहा, हमने पाया है कि समग्र रूप से जीवन प्रत्याशा में वृद्धि के साथ ही विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में जीवन प्रत्याशा में असमानता कम हो जाएगी। यह एक संकेतक है कि उच्चतम और निम्नतम आय वाले क्षेत्रों के बीच स्वास्थ्य असमानताएं बनी रहेंगी, लेकिन अंतर कम हो रहा है। उप-सहारा अफ्रीका क्षेत्र में जीवन प्रत्याशा को लेकर अधिक सुधार होने की उम्मीद है।

## आज का राशिफल

**मेष** — शुभांक 1-6-9
भव्यता और जीवनशैली पर ध्यान देंगे। अपनों के प्रति प्रेम और विश्वास बढ़ेगा। निजी विषयों के प्रति रुचि बढ़ाएंगे। सभी क्षेत्रों में आकर्षक प्रदर्शन करेंगे। अन्य की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। संग्रह संरक्षण बढ़ाएंगे। लक्ष्य पर फोकस रखेंगे। शुभकार्यों की रूपरेखा बनेगी।

**वृषभ** — शुभांक 1-4-6
सृजनात्मक कार्यों से जुड़ेंगे। दोपहर बाद परिस्थितियां सकारात्मक होंगी। कार्यगति सहज बनाए रखेंगें। पूर्वार्ध में खर्च निवेश के मामलों में धैर्य दिखाएं। न्यायिक विषयों में जल्दबाजी से बचें। कामकाजी संबंध सुधारेंगे। पेशेवर सहयोगियों का साथ रहेगा। महत्वपूर्ण मामलों में सतर्क रहेंगे।

**मिथुन** — शुभांक 1-4-5
महत्वपूर्ण कार्यों को मध्याह्न तक कर लेने का प्रयास रखें। आरंभिक मामलों में तेजी रहेगी। करियर कारोबार में आत्मविश्वास बढ़ेगा। महत्वपूर्ण मामलों को गति देंगे। करियर व्यापार बेहतर रहेगा। विविध स्त्रोतों से आय होगी। प्रबंधन प्रशासन के मामले बनेंगे। सभी के सहयोग से आगे बढ़ेंगे।

**कर्क** — शुभांक 1-2-4
कार्यक्षेत्र व्यवस्थित और उन्नति पथ पर गतिमान रहेगा। प्रशासनिक विषयों को गति देंगे। भेंटवार्ता में प्रभावशाली बने रहेंगे। समय प्रबंधन पर बल बनाए रखेंगे। कार्यों को गति देंगे। आर्थिक सौदेबाजी में सफल होंगे। क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन करेंगे। अनुकूलता का प्रतिशत बढ़त पर बना रहेगा।

**सिंह** — शुभांक 1-4
योग्यता संग भाग्य का संयोग सफलता के शिखर तक ले जा सकता है। जिम्मेदारों लोगों से भेंट होगी। पेशेवर संभावनाएं बल पाएंगी। दीर्घकालिक योजनाओं में गति आएगी। लाभ संवार पाएगा। सभी क्षेत्रों में प्रभावपूर्ण प्रदर्शन रहेगा। कार्य व्यापार को गति मिलेगी।

**कन्या** — शुभांक 1-4-5
तेजी से सकारात्मक बदलाव के संकेत हैं। दोपहर बाद से परिस्थितियों में अनुकूलन आएगा। वाणी व्यवहार में सजग रहेंगे। खानपान में सुधार रहेगा। आवश्यक कार्यों की सूची बनाएंगे। तैयारी के साथ योजनानुसार आगे बढ़ेंगे। स्मार्ट वर्किंग बनाए रखेंगे। नीति नियमों पर भरोसा रखें।

**तुला** — शुभांक 1-4-6
महत्वपूर्ण मामलों में ढिलाई न दिखाएं। दोपहर से पूर्व अधिकांश विषय पूर्ण करने का प्रयास बनाए रखें। खानपान एवं दिनचर्या पर ध्यान दें। स्वास्थ्यगत मामलों में सजगता बढ़ाएं। सभी का आदर सम्मान करेंगे। साझेदारी का प्रयास बढ़ेगा। उद्योग व्यापार में प्रभावी रहेंगे।

**वृश्चिक** — शुभांक 1-6-9
समय उत्तरोत्तर सुधार पर बना हुआ है। महत्वपूर्ण कार्यों में गति लाएं। दोपहर से अनुकूलन का स्तर तेज होगा। कर्मठता से जगह बनाए रखने में सफल होंगे। नौकरीपेशा अधिक अच्छा करेंगे। पेशेवर भेंटवाताएँ सफल होंगी। सहकर्मियों में सामंजस्य बढ़ेगा। आर्थिक पक्ष बढ़त पर रहेगा।

**धनु** — शुभांक 1-3-6
समय अनुकूल बना हुआ है। आवश्यक विषयों में शीघ्रता बनाए रखेंगे। बौद्धिक प्रयासों में सफल रहेंगे। मित्र संबंधों में गति रहेगी। विभिन्न मामलों में सहजता रहेगी। कार्य व्यापार में प्रभाव बना रहेगा। व्यक्तिगत सफलताओं को बढ़ावा मिलेगा। विभिन्न मोर्चों पर सक्रियता बनाए रहेंगे।

**मकर** — शुभांक 4-6-8
सहज संकोच दूर होगा। बौद्धिक समझ बढ़ेगी। वाणी व्यवहार पर नियंत्रण रखेंगे। अपनों का भरोसा बनाए रखेंगे। कार्य व्यापार में सुधार आएगा। निसंकोच अगे बढ़ेंगे। वाणिज्य व्यवसाय में वृद्धि होगी। सफलता प्रतिशत बढ़ेगा। भौतिक विषयों पर ध्यान देंगे। प्रबंधन पर ध्यान देंगे।

**कुम्भ** — शुभांक 1-4-6
महत्वपूर्ण कार्यों में तेजी बनाए रखें। दोपहर बात निजी विषयों में व्यस्तता बनी रह सकती है। विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मकता रहेगी। साहस पराक्रम के अवसर बढ़ेंगे। कम दूरी की यात्रा संभव है। जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। चर्चा संवाद बनाए रखेंगे। सहकारी प्रयासों से जुड़ेंगे।

**मीन** — शुभांक 1-3-6
खुशियों का आगमन बना रहेगा। महत्वपूर्ण विषयों में पहल पराक्रम बनाए रखेंगे। अनुशासन से आगे बढ़ेंगे। संग्रह संरक्षण में रुचि रहेगी। मेलजोल बढ़ाएंगे। संपर्क का दायरा बड़ा होगा। भेंटवार्ता में सहज रहेंगे। संस्कारों को बल मिलेगा। मांगलिक कार्यों को बढ़ावा देंगे। कुल कुटुम्ब पर फोकस बढ़ाएंगे। आदर्शों का पालन करेंगे।

## पीएम की सभा में पहुंचे नागरिकता पाए लोग, जताया आभार




**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पीएम मोदी ने उत्तर पूर्वी दिल्ली के करतार नगर में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस सभी में दूसरे देश से भारत आकर बसने वाली महिलाएं भी शामिल हुईं। भारत की नागरिकता मिलने पर इन महिलाओं ने पीएम मोदी का धन्यवाद किया। इन महिलाओं का कहना है कि नागरिकता मिलने से वह बहुत खुश हैं। नागरिकता मिलने पर एक महिला ने मीरा पीएम मोदी का आभार जताया। वहीं, एक अन्य महिला ने कहा, नागरिकता के लिए हम आस लगाकर बैठे हुए थे कि पीएम मोदी हमें नागरिकता देंगे। महिलाओं ने कहा कि हम पीएम मोदी के परिवार हैं और सात पीढ़ी तक पीएम मोदी के परिवार रहेंगे। वहीं, पाकिस्तान के सिंध से साल 2011 में भारत आने वाली शयानी नामक महिला ने कहा, हमें पीएम मोदी पर पूरा भरोसा था, जब सभी को नागरिकता दी जा रही है तो हमें भी मिल ही जाएगी। अब मिल गई है। पीएम मोदी ने हमें ठप्पा दे दिया है, हमें नागरिकता मिल गई है। उन्होंने कहा कि कई लोगों को नागरिकता मिल गई है, हमें बहुत खुशी हो रही है। इस दौरान लोगों ने पीएम मोदी के समर्थन में नारे भी लगाए। पीएम मोदी की जनसभा में शामिल इन महिलाओं के हाथों में पोस्टर्स और तख्तियां भी देखी गईं। इस तख्तियों पर लिखा नजर आया -- 'जिन्होंने हमें नागरिकता दी, हम उनके साथ हैं', 'मैं हूं मोदी का परिवार', 'नागरिकता संशोधन अधिनियम के संकल्प को सिद्ध करने के लिए धन्यवाद मोदी जी'। जनसभा के बाद पीएम मोदी ने उन पाकिस्तानी शरणार्थियों से भी मुलाकात की, जिन्हें हाल ही में सीएए के तहत भारतीय नागरिकता दी गई है।

## इजरायली सेना ने गाजा में तीन बंधकों के शव किए बरामद

**यरुशलम।** इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) और इजरायली सुरक्षा एजेंसी (आईएसए) ने एक संयुक्त अभियान में गाजा पट्टी में तीन इजरायली बंधकों के शव बरामद किए हैं। आईडीएफ के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने हगारी के हवाले से बताया, "पिछले साल 7 अक्टूबर को नोवा रेव पार्टी में हमास के हमले के दौरान तीन इजरायली शनि लौक, अमित बुस्किला और इत्जिक गेलेंटर का अपहरण कर बेरहमी से हत्या कर दी गई, और उनके शवों को गाजा पट्टी ले जाया गया।" आईडीएफ ने शुक्रवार को कहा कि यह ऑपरेशन गाजा पट्टी में गिरफ्तार किए गए हमास आतंकवादियों की जांच और सैन्य खुफिया निदेशालय द्वारा प्रदान किए गए खुफिया जानकारी पर आधारित था।

## सी-विजिल एप से 4.24 लाख शिकायतें मिलीं 99.9 प्रतिशत निस्तारित : आयोग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने शनिवार को कहा कि आम चुनाव 2024 की घोषणा के बाद से सी-विजिल एप के माध्यम से अब तक 4.24 लाख से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई और इनमें से 99.9 प्रतिशत मामलों का तेजी से समाधान किया गया। चुनाव आयोग ने एक विज्ञप्ति में कहा कि आम चुनाव की घोषणा के बाद से 15 मई तक इस एप के माध्यम से 4.24 लाख से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से 4,23,908 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है और शेष 409 मामले प्रक्रियाधीन हैं। लगभग 89 प्रतिशत शिकायतों का समाधान 100 मिनट की समयसीमा के भीतर किया गया। आयोग ने कहा कि लोकसभा चुनाव में चुनाव आयोग का सी-विजिल एप लोगों के हाथों में चुनाव संहिता के उल्लंघन को चिह्नित करने के लिए एक अत्यधिक प्रभावी उपकरण के रूप में उभरा है। इसमें लाउडस्पीकरों का अनधिकृत उपयोग, निषिद्ध अवधि के दौरान प्रचार करना, बैनर और पोस्टरों का अवैध प्लेसमेंट, वाहनों का दुरुपयोग, संपत्ति विरूपण, आग्नेयास्त्रों का प्रदर्शन, शराब और नकदी, मुफ्त चीजों को प्रलोभनों का वितरण शामिल है।




आयोग ने श्रेणीवार शिकायतों के आंकड़े जारी करते हुए बताया कि अन्य श्रेणी में 66,293 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। स्पीकर के इस्तेमाल/धार्मिक या सांप्रदायिक भाषणों की 2883 शिकायतें, निषिद्ध अवधि के दौरान प्रचार की 4,742, बिना अनुमति के वाहन या काफिला की 2,697, नकद, शराब और मुफ्त वस्तुओं का वितरण करने की 7,022 शिकायतें, बिना अनुमति के पोस्टर/बैनर लगाने की 324,228, संपत्ति विरूपण की 14,022 और आग्नेयास्त्रों का प्रदर्शन/धमकी की 2,430 शिकायतें प्राप्त हुईं।

**नासा**

### बोइंग स्टारलाइनर के मानव मिशन में फिर देरी

## 25 मई को उड़ान भरने की संभावना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नासा ने शनिवार को कहा कि कैप्सूल थ्रस्टर्स में से एक में हीलियम का रिसाव पाए जाने के चलते बोइंग स्टारलाइनर के ऐतिहासिक मानवयुक्त मिशन में एक बार फिर देरी हो गई है।

इस मिशन में चालक दल के सदस्यों के रूप में नासा के अंतरिक्ष यात्रिय बुच विल्मोर और भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स शामिल हैं। मिशन के अब 25 मई को उड़ान भरने की उम्मीद है।

नासा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नासा, बोइंग स्पेस और यूनाइटेड लॉन्च अलायंस (यूएलए) अब एजेंसी के बोइंग क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन के लॉन्च के लिए 25 मई को दोपहर बाद 3:09 बजे का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

इसमें कहा गया है, टीमें स्टारलाइनर सर्विस मॉड्यूल पर स्थिर हीलियम रिसाव को रोकने के लिए अगले उपायों को अंतिम रूप देने के लिए अतिरिक्त समय का उपयोग करेंगी। पिछले लंबे समय से कई बार देरी का सामना करने के बाद, स्टारलाइनर के पहले क्रू मिशन की योजना 7 मई को बनाई गई थी। हालांकि, यूनाइटेड लॉन्च एलायंस के एटलस वी रॉकेट के ऊपरी चरण पर वाल्व की समस्या के चलते लॉन्च से दो घंटे पहले इसे रद्द कर दिया गया। नासा के अधिकारियों ने 15 मई को स्टारलाइनर के हीलियम सिस्टम पर दबाव परीक्षण किया, जिससे पता चला कि फ्लैंज में रिसाव स्थिर है और उड़ान के दौरान उस स्तर पर कोई खतरा पैदा नहीं होगा।

### परिचालन प्रक्रियाएं विकसित करने पर हो रहा काम



नासा ने कहा, परीक्षण में यह भी संकेत मिला कि थ्रस्टर सिस्टम के बाकी हिस्से को पूरे सर्विस मॉड्यूल में प्रभावी ढंग से सील कर दिया गया है। बोइंग ने कहा कि टीमें परिचालन प्रक्रियाएं विकसित करने के लिए काम कर रही हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सिस्टम उड़ान के दौरान पर्याप्त प्रदर्शन क्षमता बनाए रखे। इस बीच, यूएलए के एटलस वी रॉकेट और बोइंग का स्टारलाइनर, जिसे लॉन्च पैड से वापस ले जाया गया था, को फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन पर स्पेस लॉन्च कॉम्प्लेक्स -41 स्थित वर्टिकल इंटीग्रेशन सुविधा में रखा गया है। अंतरिक्ष यात्री विल्मोर और विलियम्स प्री-लॉन्च ऑपरेशन की प्रगति के चलते ह्यूस्टन में क्वारंटीन में रहेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने परिवार के साथ किए रामलला के दर्शन



**अयोध्या।** दो दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को अपने परिवार के साथ रामलला के दर्शन किए। इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति मंदिर परिसर में करीब डेढ़ घंटे तक रहे। उन्होंने राम मंदिर निर्माण सहित पूरे परिसर को देखा। इस दो दिवसीय यात्रा में करीब 80 लोगों को समूह उनके साथ है। उनकी अगवानी के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय पहले से मंदिर परिसर में थे। पूर्व राष्ट्रपति रामलला के दर्शन-पूजन के बाद कुबेर टीला भी गये और पक्षिराज जटायु की विशाल प्रतिमा के समक्ष श्रद्धापूर्वक नतमस्तक हुए। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद शुक्रवार दोपहर बाद ही परिवारजनों के साथ रामनगरी पहुंच गए थे। पहले से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह वंदे भारत ट्रेन से परिवार समेत अयोध्या पहुंचे। अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन से सभी जैन मंदिर पहुंचे। इसके बाद पूरे परिवार के साथ पूर्व राष्ट्रपति मां सरयू के तट पर दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे। उन्होंने सरयू की आरती उतारी। फिर हनुमान जी के दरबार पहुंचकर दर्शन किये।

### बिहार के खगड़िया में रील बनाने के चक्कर में छह डूबे, चार लापता

**पटना।** बिहार के खगड़िया में शनिवार को रील बनाने के चक्कर में छह युवक-युवतियां डूब गए, जिसमें चार अभी तक लापता हैं। बाल-बाल बचे एक युवक और एक युवती को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना अगुवानी गंगा घाट की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची एनडीआरएफ की टीम गंगा में डूबे चारों लड़कों को तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक कुछ लड़के-लड़कियां अगुवानी घाट पर रील बनाने के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान पांच युवक और एक युवती गंगा में डूब गए। एक युवक और एक युवती तो किसी तरह से जान बचाकर गंगा से बाहर चले आए लेकिन चार लड़के गंगा के गहरे पानी में चले गए। लापता लड़कों में मुकेश चौधरी, राजन कुमार, आदित्य कुमार और श्याम कुमार हैं। मौके पर परबता के सीओ और थानाध्यक्ष कैंप कर रहे हैं। घटना के बाद लड़कों के परिजनों में कोहराम मच गया है।

### हरियाणा में टूरिस्ट बस में लगी आग आठ की मौत, कई घायल



**नूंह (हरियाण)।** हरियाणा के नूंह में बीती रात एक टूरिस्ट बस में आग लग जाने से उसमें सवार आठ लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। इसके अलावा कई घायल बताये जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस में करीब 60 लोग सवार थे। वीडियो में सड़क पर खड़ी बस पूरी तरह आग की चपेट में दिख रही है। घटना के बाद आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। बस में आग लगने के कारण के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। अब तक आठ लोगों के मरने की पुष्टि हो चुकी है जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल बताये जा रहे हैं।

### अफगानिस्तान में बारिश, तूफान और बाढ़ से 50 लोगों की मौत

**फिरोज कोह (अफगानिस्तान)।** पश्चिम अफगानिस्तान के घोर (गोर) प्रांत में बीते 24 घंटों में कम से कम 50 लोगों के मौत की खबर है, जबकि 10 अन्य लापता हैं। एक स्थानीय अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता अब्दुलरहमान बदरेस ने कहा, "बाढ़ ने प्रांत के शाहरक, डुलिना, लाल और सरजंगल जिलों को अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें 2,000 आवासीय घर और 2,500 दुकानें तबाह हो गईं।" समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, घोर के गवर्नर अब्दुल वाहिद हमास के प्रवक्ता ने कहा कि 10 मई को प्रांत और अफगानिस्तान के अन्य क्षेत्रों में अचानक आई बाढ़ के दौरान घोर में सात अन्य लोगों की मौत हो गई। भारी बारिश और बाढ़ ने घोर के पड़ोसी प्रांतों हेरात और फराह की सड़कें भी अवरुद्ध कर दीं। अफगानिस्तान में पिछले महीने से भारी बारिश हो रही है और बाढ़ के लगातार हालात बने हुए है, जिसमें जान-माल की क्षति हुई है।





## एक नजर

### यूरोप दौरे पर रवाना हुई भारतीय जूनियर पुरुष और महिला हॉकी टीम

**बेंगलुरु।** भारतीय जूनियर पुरुष और महिला हॉकी टीम शनिवार तड़के यूरोप के दौरे पर रवाना हुईं। दौरे के दौरान, पुरुष टीम बेल्जियम, ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश और जर्मनी से प्रतिस्पर्धा करेगी, जबकि महिला हॉकी टीम बेल्जियम, ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश, जर्मनी और ओरांजे रूड से भिड़ेगी। कप्तान ज्योति सिंह के नेतृत्व में, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम 21 मई को ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी, इसके बाद 22 मई को ब्रेडा में बेल्जियम के खिलाफ मैच खेलेगी। टीम 24 मई को बेल्जियम से मुकाबला करने के लिए एंटवर्प जाएगी और 26 मई को जर्मनी से खेलने के लिए ब्रेडा लौटेगी। वे 27 मई को फिर से जर्मनी का सामना करने के लिए डसेलडोर्फ की यात्रा करेंगे, उसके बाद 29 मई को ब्रेडा में ओरांजे रूड के खिलाफ मैच के साथ यूरोप दौरा समाप्त होगा।

### गेट टेस्फॉ ने महिलाओं की 1,500 मीटर टी11 रेस में बनाया विश्व रिकॉर्ड

**कोबे।** इथियोपियाई पैरा एथलीट यायेश गेट टेस्फॉ ने शनिवार को यहां पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की 1,500 मीटर टी11 फाइनल में एक नए विश्व रिकॉर्ड के साथ जीत हासिल की। दृष्टिबाधित धावक ने मध्य जापानी बंदरगाह शहर कोबे के यूनिवर्सिएड मेमोरियल स्टेडियम में 4 मिनट 31.77 सेकेंड का समय निकाला, जो पिछले रिकॉर्ड से लगभग छह सेकेंड कम है। चीन की ही शानशान को 4:34.12 के नए एशियाई रिकॉर्ड के साथ रजत पदक मिला। दक्षिण अफ्रीका की लुजैन कोएत्जी ने कांस्य पदक जीता। पहली बार पूर्वी एशिया में आयोजित और पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों के लिए एक महत्वपूर्ण क्वालीफायर, कोबे 2024 पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में 168 स्पर्धाओं में 100 देशों और क्षेत्रों के 1,000 से अधिक एथलीट प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

# केकेआर को हरा दूसरा स्थान पक्का करना चाहेगा रॉयल्स

**एजेंसी। गुवाहाटी**

राजस्थान रॉयल्स चार मैचों के हार के सिलसिले को तोड़कर रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अहम मैच में चोटी की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर शीर्ष दो में जगह पक्की करने उतरेगी। सोलह अंक लेकर प्लेऑफ में जगह बना चुके रॉयल्स लगातार चार मैच हार चुके हैं। पिछले दो मैचों में टीम 150 के पार भी नहीं पहुंच सकी और अब इंग्लैंड के स्टार सलामी बल्लेबाज के स्वदेश लौटने के बाद उसकी राह और कठिन हो गई है। ऐसे में यशस्वी जायसवाल, कप्तान संजू सैमसन और स्थानीय हीरो रियान पराग को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी।

प्लेऑफ में शीर्ष दो में रहकर जाने से उनके पास फाइनल में पहुंचने के दो मौके रहेंगे। केकेआर के 19 अंक है और उसका शीर्ष पर रहना तय है। अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछला मैच बारिश में धुलने से उसे एक अंक मिला। केकेआर के हौसले बुलंद है लेकिन उसे आत्ममुग्धता से बचना होगा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 11 मई को ईडन गार्डंस पर हुए मुकाबले के बाद से केकेआर ने बारिश की भेंट हुए इस मैच के अलावा कोई मुकाबला नहीं खेला है।

अहमदाबाद जाकर एक दिन के अभ्यास के लिए कोलकाता लौटना और फिर आखिरी लीग मैच के लिए गुवाहाटी जाना थकाऊ रहा होगा और इससे उनकी लय पर असर पड़ सकता है। अब देखना यह होगा कि मेंटोर गौतम गंभीर की टीम इस लय को बरकरार रख पाती है या नहीं। उसके पास फॉर्म में चल रहा इंग्लैंड का सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट भी नहीं है जो पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिये स्वदेश लौट चुके हैं। केकेआर के दो सलामी बल्लेबाजों साल्ट और सुनील नारायण ने मिलकर इस सत्र में सात अर्धशतक और एक शतक समेत 182 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 897 रन बनाए हैं।



कोलकाता नाइट राइडर्स : रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), सुनील नरेन, श्रेयस अय्यर (कप्तान), वेंकटेश अय्यर, नितीश राणा, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, मिशेल स्टार्क, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती

राजस्थान रॉयल्स : टॉम कोहलर-कैडमोर, यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन (कप्तान और विकेटकीपर), रियान पराग, ध्रुव जुरेल, रोवमैन पॉवेल, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, संदीप शर्मा, आवेश खान, युजवेंद्र चहल

## हमने अच्छी गुणवत्ता वाली क्रिकेट नहीं खेली : हार्दिक

**मुंबई।** वानखेड़े स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के खिलाफ अपनी टीम की 18 रन की निराशाजनक हार के बाद, मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि उन्होंने शुक्रवार को अच्छी गुणवत्ता वाली क्रिकेट नहीं खेली। हार्दिक ने एलएसजी द्वारा दिए गए 215 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 123.08 के स्ट्राइक रेट से 13 गेंदों पर 16 रन बनाए। मैच के हार्दिक ने कहा कि उनकी टीम आईपीएल 2024 में गुणवत्तापूर्ण प्रदर्शन करने में विफल रही और इसके कारण उन्हें एक सीजन गंवाना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह बताना जल्दबाजी होगी कि एमआई के लिए क्या गलत हुआ। उन्होंने कहा, काफी कठिन। अच्छी गुणवत्ता वाली क्रिकेट नहीं खेल सके, अंततः हमें पूरे सीजन का नुकसान उठाना पड़ा।

## आईपीएल 2024 में एलएसजी के खराब प्रदर्शन पर केएल राहुल ने जताई निराशा

**एजेंसी। मुंबई**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के अपने आखिरी मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत के बाद, लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के कप्तान केएल राहुल ने शुक्रवार को कहा कि वह लीग के इस संस्करण में टीम के समग्र प्रदर्शन से निराश हैं। रोहित शर्मा और नमन धीर की आतिशी पारी के बावजूद मुंबई को वानखेड़े स्टेडियम में आईपीएल 2024 मैच में एलएसजी के खिलाफ 18 रन से हार का सामना करना पड़ा। विकेटकीपर-बल्लेबाज राहुल ने जोर देकर कहा कि मौजूदा सीजन की शुरूआत में, उन्हें वास्तव में लगा कि एलएसजी के पास एक मजबूत टीम है, जिसमें अधिकांश बेस शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा कि कैश-रिच लीग के चल रहे 17वें संस्करण में लखनऊ फ्रेंचाइजी को काफी चोटों का भी सामना करना पड़ा।

राहुल ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा, बहुत निराशाजनक। सीजन की शुरूआत में, मुझे वास्तव में लगा कि हमारे पास एक मजबूत टीम थी और अधिकांश बेस कवर थे। कुछ चोटें - हर टीम को होती हैं। हम सामूहिक रूप से अच्छा नहीं खेल सके। हमने मुंबई के खिलाफ सचमुच अच्छा प्रदर्शन किया, यह उस तरह का खेल है जिसे हम और अधिक खेलना चाहते थे। दुर्भाग्यवश, हमने ऐसा नहीं किया। वास्तव में खुशी की बात यह है कि फ्रेंचाइजी ने भारतीय तेज गेंदबाजों साथ काफी समय और ऊर्जा निवेश की है। ये साल में सिर्फ दो महीने नहीं हैं। हमने मयंक और युद्धवीर को मोर्ने मोर्कल के साथ प्रशिक्षण के लिए दक्षिण अफ्रीका भेजा। उनकी मेहनत रंग लाई है।



# जाम्बिया ने युगांडा को किया बाहर



**एजेंसी। कंपाला**

फीफा अंडर -17 महिला विश्व कप क्वालीफायर 2024 के तीसरे दौर के दूसरे चरण में शुक्रवार को जाम्बिया पर 1-0 से मिली जीत बावजूद युगांडा 2-1 के कुल स्कोर से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गया। जाम्बिया ने पिछले रविवार को नेशनल हीरोज स्टेडियम में रूथ मुकोमा और नमुते चिलेशे के गोलों की बदौलत क्वालीफायर के तीसरे दौर के पहले चरण में 2-0 से जीत दर्ज की थी। युगांडा को आगे बढ़ने के लिए इस मैच को 3 गोलों के अंतर से जीतना था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।सेंट मैरीज स्टेडियम, किटेन्डे में खेले गए मैच में पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद, मेजबान युगांडा ने दूसरे हाफ में दबाव बनाया और 73वें मिनट में सिल्विया काबेने ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। युगांडा की युवा महिला टीम ने इसके बाद गोल करने के और प्रयास किये, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली और टीम क्वालीफायर से बाहर हो गई। मैच के बाद जाम्बिया के कोच कैरोल कान्येम्बा ने मेजबान टीम के दबाव को झेलकर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अपनी टीम की प्रशंसा की। कान्येम्बा ने सिन्हुआ के हवाले से कहा, मुझे खुशी है कि हमने चौथे दौर के लिए क्वालीफाई कर लिया है और हमें कड़ी मेहनत करते रहने की जरूरत है क्योंकि हम विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के लिए भूखे हैं।

## 25 मई को न्यूयॉर्क रवाना होंगे अधिकांश भारतीय खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** भारत के अधिकांश क्रिकेटर और सहयोगी स्टाफ टी20 विश्व कप के लिए 25 मई को न्यूयॉर्क रवाना होंगे जबकि बाकी 26 मई को आईपीएल फाइनल के बाद जाएंगे। इससे पहले आईपीएल प्लेआफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी टीमों के सदस्यों को 21 मई को रवाना होना था लेकिन बाद में योजना में बदलाव हुआ। अब वे 25 मई को रवाना होंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और सहयोगी स्टाफ 25 मई को रवाना होगा।

# सिफ्ट कौर और नीरज ने मारी बाजी

**ओलंपिक चयन ट्रायल**

**एजेंसी। नई दिल्ली/भोपाल**

सिफ्ट कौर समरा ने अपना तीसरा (चार में से) महिलाओं का 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) जीता, जबकि नीरज कुमार ने पुरुषों का 3पी ओएसटी दूसरी बार जीता। ओएसटी 3 एवं 4 राइफल/पिस्टल के अंतिम से पहले वाले दिन के सभी इवेंट्स शनिवार को यहां भोपाल में एम पी राज्य शूटिंग अकादमी रेंज में संपन्न हुए। सिफ्ट ने महिलाओं के 3पी ओएसटी टी4 फाइनल में 461.3 का स्कोर बनाकर निश्चल को एक अंक से हराया। आशी चौकसे 448.1 के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। पांच महिलाओं की प्रतिस्पर्धा में श्रीयंका सदांगी और अंजुम मौदगिल क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं।



पुरुषों की 3पी में, नीरज कुमार 462.9 के साथ शीर्ष पर रहे, जो दूसरे स्थान पर रहे चैन सिंह से 1.7 अंक आगे रहे। ऐश्वर्या तोमर 449.8 के साथ तीसरे स्थान पर रहे जबकि स्वप्निल कुसाले और अखिल श्योराण क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।

चार ट्रायल्स में से तीन सर्वश्रेष्ठ स्कोर को ध्यान में रखते हुए, परिणामों ने सिफ्ट को महिलाओं की 3पी में शीर्ष फिनिशर के रूप में पुष्टि की। अंजुम मौदगिल ने भी पांच योग्य निशानेबाजों के बीच ट्रायल में दूसरे सर्वश्रेष्ठ के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि की। पुरुषों के 3पी में ऐश्वर्या तोमर और स्वप्निल कुसाले चार ट्रायल मैचों की प्रतियोगिता के बाद पहले और दूसरे स्थान पर रहे। एयर इवेंट्स के परिणाम आज के दिन पुरुषों और महिलाओं की 10 एयर राइफल और एयर पिस्टल के क्वालिफिकेशन राउंड भी खेले गए।

# भारत-पाक मैच की दीवानगी अलग लेवल पर, टिकट का रेट 2 लाख के पार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टी20 विश्व कप एक जून से शुरू होने वाला है। इस दौरान जो एक मैच दर्शकों के लिए सबसे ज्यादा महत्व रखता है वह है भारत-पाकिस्तान मुकाबला। इस बार भी इन दोनों टीमों के बीच मैच को लेकर उत्साह चरम पर है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि टी20 विश्व कप में भारत-पाक की एक टिकट का रेट 2 लाख से भी पार चला गया है।



**9 जून को भारत-पाकिस्तान मुकाबला**

भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला 9 जून को नसाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इसकी दर्शक क्षमता 34 हजार है और इसका निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है।

**भारत-पाक मैच टिकट का रेट**

अमरीका में होने वाले भारत-पाक मुकाबले का सबसे महंगा टिकट 229625 रुपए का है। वहीं, सबसे सस्ता टिकट 25 हजार रुपए का है। इस मुकाबले के 90 फीसदी टिकट बिक भी चुके हैं। इसके जनरल स्टैंड के टिकट का मूल्य 300 डॉलर का है। वहीं क्लब कॉर्नर का टिकट सबसे महंगा 2750 डॉलर का है। भारत के किसी भी मुकाबले का टिकट 7515 रुपए से कम का नहीं है। वहीं, ओमान और स्कॉटलैंड का सबसे सस्ता टिकट सिर्फ छह डॉलर है।

# भारतीय टीम को कोचिंग देना 'दुनिया का सबसे बड़ा काम' है : जस्टिन लैंगर

**मुंबई।** लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने खुद को भारत के अगले मुख्य कोच बनने की दौड़ से बाहर कर दिया है और कहा है, 'यह दुनिया का सबसे बड़ा काम है' और जब वह ऑस्ट्रेलिया की पुरुष राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के लिए इस पद पर थे तो उनकी तमन्ना पूरी हो चुकी थी।

इस सप्ताह की शुरूआत में, बीसीसीआई ने आधिकारिक तौर पर भारत के मुख्य कोच पद के लिए 27 मई की समय सीमा निर्धारित करते हुए आवेदन आमंत्रित किए थे। भारत के पूर्व कप्तान और भारत के वर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बीसीसीआई को सूचित किया है कि वह अपने कार्यकाल के विस्तार की मांग नहीं करेंगे। नौकरी विवरण के अनुसार, भारत की पुरुष टीम का नया मुख्य कोच तीनों प्रारूपों के लिए होगा और जुलाई 2024 से दिसंबर 2027 तक प्रभारी रहेगा।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### 398 रुपए प्लान में 2 जीबी डाटा फ्री

रिलायंस जियो को ऐसे ही टेलीकॉम इंडस्ट्री का बादशाह नहीं कहा जाता है, जियो समय-समय पर अपने ग्राहकों को सरप्राइज करने के लिए तमाम तरीके के रिचार्ज प्लांस लेकर आते रहता है, ताकि उसके ग्राहक को बेनिफिट्स मिल सके और उनके यूजर्स की संख्या दिनों दिन बढ़ती जाए। इतना ही नहीं कई बार जियो अपने यूजर्स के लिए फ्री प्लांस भी लेकर आता है जिसमें एक्स्ट्रा डाटा ऑफर किया जाता है, तो वहीं पर कुछ टाइम पीरियड भी एक्स्ट्रा मिलता है। आज हम यहां बात करेंगे कि रिलायंस जियो के वह कौन-कौन से प्लांस है जिनमें आपको एक्स्ट्रा डाटा या फ्री डाटा मिलेगा। यह बात यहां यह बताना जरूरी है कि हम जियो रिलायंस के डाटा प्लान की बात करने जा रहे हैं, वह सारे ही 5जी डाटा ऑफर हैं और यह सारे प्लान 399 रुपए से अधिक है, क्योंकि रिलायंस जियो के सभी 339 से अधिक कीमत वाले प्लांस के साथ 5जी डाटा फ्री है।

# दुर्घटना से बचाने को कारों में दिये जाते हैं 360 डिग्री कैमरा

**नई दिल्ली।** कार में 360 डिग्री कैमरा कितना जरूरी है, इसका अंदाजा आपको भारी ट्रैफिक के साथ ही कई जगहों पर महसूस होता है। आजकल की बिजी लाइफ में में कार चलाना न केवल स्टेटस सिंबल, फीचर्स के उपभोग और अपनी जरूरतें पूरी करने का प्रमुख जरिया हैं, बल्कि यह बड़ी जिम्मेदारी भी है। सड़कों पर बढ़ती भीड़ और वाहनों की संख्या के बीच सुरक्षित ड्राइविंग पहले से कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गया है। इसी जरूरत को पूरा करते हैं 360 डिग्री कैमरा, जो कारों में सेफ्टी और फीचर्स का जबरदस्त कॉम्बो पेश करते हैं।

### 360 डिग्री कैमरा क्या है?

यह एक ऐसा कैमरा सिस्टम है, जो कार के चारों ओर 4 या इससे ज्यादा छोटे कैमरों को जोड़कर बना होता है। इनमें कार के फ्रंट और रियर के साथ ही आउटसाइड रियर व्यू मिरर्स पर भी कैमरे लगे होते हैं। ये कैमरे मिलकर कार के चारों ओर का 360 डिग्री व्यू प्रदान करते हैं, जो ड्राइवर को कार के आसपास के सभी दृश्यों को एक साथ देखने में मदद करते हैं। यह व्यू आमतौर पर कार के इन्फोटेनमेंट सिस्टम की स्क्रीन पर दिखाया जाता है।

### 360 डिग्री कैमरा में कुछ बातों का जरूर ध्यान रखें

आपको बता दें कि सभी 360 डिग्री कैमरा समान नहीं होते हैं। कुछ कैमरे हाई क्वॉलिटी वाले वीडियो और डिटेल व्यू देते हैं, जबकि अन्य लो क्वॉलिटी वाले हो सकते हैं। ऐसे में आप कोशिश करें कि जो 360 डिग्री कैमरा फैक्ट्री फिटेड हों, वही वेरिएंट लें। आपको आफ्टरमार्केट भी विकल्प मिल जाते हैं। 360 डिग्री कैमरा सिस्टम की कीमतें भी अलग-अलग होती हैं।

### 360 डिग्री कैमरा के फायदे

**पार्किंग में हेल्प :** 360 डिग्री कैमरा ड्राइवर को सही तरीके से पार्किंग में हेल्प करते हैं, वो भी खास तौर पर तंग जगहों पर। कैमरे से मिलने वाला बर्ड्स आई व्यू ड्राइवर को कार को आसानी से पार्क करने और टक्कर से बचाने में मदद करता है।




**सुरक्षित ड्राइविंग :** गाड़ी चलाते समय 360 डिग्री कैमरा ड्राइवर को ब्लाइंड स्पॉट को देखने में मदद करते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा कम होता है। यह स्कूटर, साइकल चालकों और पैदल चलने वालों जैसे आसपास के वाहनों और लोगों को देखने में भी मददगार होता है।

**सेफ्टी :** 360 डिग्री कैमरा कार के आसपास की रिकॉर्डिंग कर सकते हैं, जो दुर्घटना या चोरी की स्थिति में सबूत के तौर पर काम आ सकता है।

**फीचर्स:** 360 डिग्री कैमरा ड्राइवर को गाड़ी चलाते समय ज्यादा आत्मविश्वास और सुविधा प्रदान करते हैं। खासकर नई गाड़ी चलाने वालों या बड़ी गाड़ियों को चलाने वालों के लिए ये कैमरे बहुत उपयोगी होते हैं।

**ऐसे में कहा जा सकता है कि 360 डिग्री कैमरा कारों में सेफ्टी और सुविधा का एक महत्वपूर्ण फीचर बन गया है। आप अगर अपनी कार में सेफ्टी लेवल बढ़ाना चाहते हैं, तो 360 डिग्री कैमरा निश्चित रूप से एक अच्छा विकल्प है।**

# भारत में लॉन्च हुआ

## Tecno Camon 30 5G

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टेक्नो ने भारत में अपनी कैमरा केंद्रित कैमोन 30 सीरीज लॉन्च की है जिसमें दो डिवाइस शामिल हैं- कैमोन 30 5जी और टेक्नो कैमोन 30 प्रीमियर। दोनों स्मार्टफोन में कुछ सामान्य विशेषताएं हैं जिनमें आईपी 53 धूल और पानी प्रतिरोध, एनएफसी, आईआर ब्लास्टर, एक इन-डिस्प्ले फिंगरप्रिंट सेंसर और 70डब्ल्यू फास्ट चार्जिंग के लिए समर्थन के साथ 5,000 एमएएच की बैटरी शामिल है। टेक्नो कैमोन 30 5जी के 8जीबी रैम/256जीबी स्टोरेज वैरिएंट की कीमत 22,999 और 12जीबी रैम/256जीबी स्टोरेज वैरिएंट की कीमत 26,999 है और कैमोन 30 प्रीमियर 5जी की कीमत सिंगल 12जीबी रैम/512जीबी स्टोरेज वेरिएंट के लिए 39,999 है।

**Camon 30 Premier 5G**

ऑप्टिक्स के संदर्भ में, टेक्नो कैमोन 30 5जी में पीछे की तरफ एक डुअल कैमरा सेटअप है, जिसमें OIS सपोर्ट के साथ 50MP का प्राइमरी सेंसर और 2MP का डेप्थ सेंसर शामिल है। फोन के फ्रंट में 2.45 अपर्चर के साथ 50MP का ऑटोफोकस सेंसर भी है।



टेक्नो कैमोन 30 5जी मीडियाटेक डाइमेंशन 7020 चिपसेट द्वारा संचालित है, जिसे 12जीबी तक LPDDR4x रैम और 512जीबी तक यूएफएस 3.1 स्टोरेज के साथ जोड़ा गया है।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और आईडीएफसी लिमिटेड के विलय को शेयरहोल्डर्स की मंजूरी




**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के साथ आईडीएफसी लिमिटेड की विलय प्रक्रिया एक कदम और आगे बढ़ी है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के शेयरधारकों ने आईडीएफसी लिमिटेड के साथ बैंक के मर्जर को अपनी मंजूरी दे दी है। बैंक ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की चेन्नई पीठ ने 17 मई को बुलाई बैठक में शेयर होल्डर्स ने एकीकरण को बहुमत के साथ अपनी मंजूरी दी है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने पहले ही नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) दे दिया था, जबकि दोनों के बोर्ड इस मर्जर को पहले ही मंजूरी मिल गई है। शेयर बाजार में शनिवार के स्पेशल सेशन में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के स्टॉक में बढ़त देखने को मिली। बैंक का शेयर 0.25 फीसदी बढ़कर 77.45 के स्तर पर बंद हुआ।

# ऑनलाइन स्कैम से बचने के लिए आरबीआई ने दी सालाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुपरफास्ट इंटरनेट के इस दौर में साइबर स्कैम से बचना बहुत ही मुश्किल है लेकिन नामुमकिन नहीं। कुछ सावधानी बरतकर आप इस तरह के स्कैम से बच सकते हैं। लोगों को इस तरह के स्कैम से बचाने के लिए डिजिटल इंडिया, सरकारी साइबर सिक्योरिटी एजेंसी साइबर दोस्त और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया जैसे बैंक लोगों को समय-समय पर टिप्स देते रहते हैं।




हाल ही में आरबीआई और डिजिटल इंडिया ने ऑनलाइन साइबर स्कैम से बचने के कुछ टिप्स दिए हैं। डिजिटल इंडिया के एक्स के हैंडल से RBI के हवाले से कुछ दिन पहले एक वीडियो शेयर किया गया है जिसमें ऑनलाइन हो रहे स्कैम और उससे बचने के बारे में बताया गया है। वीडियो के मुताबिक किसी भी अनजान लिंक पर आपको क्लिक नहीं करना चाहिए। आरबीआई की ओर से कहा गया है कि जानकार बनिए, सतर्क रहिए।

आरबीआई के मुताबिक साइबर ठग किसी भी तरीके से आपको फंसाने का प्रयास कर सकते हैं।

वे आपको लुभावने मैसेज कर सकते हैं, पार्ट टाइम जॉब ऑफर दे सकते हैं, इसके अलावा कम समय में अधिक पैसे कमाने का झांसा भी दे सकते हैं। कई बार ये ठग आपको ओटीपी के नाम पर तो कई बार केवाईसी और कई बार कस्टमर केयर के नाम पर ठग सकते हैं। ये ठग आपको कस्टम अधिकारी या पुलिस वाले के नाम पर भी फोन करके पैसे मांग सकते हैं। यदि आपको ऐसा कुछ लगता है तो तुरंत इसकी शिकायत करें।

## एक नजर

### छत की सीढ़ी से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल

**हुसैनाबाद।** रविदास नगर में रंजीत कुमार का 26 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार छत की सिढ़ी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने बेहोशी की हालत में इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्रारंभिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया।

### बुमतेल गांव की युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**चैनपुर :** चैनपुर अनुमंडल के जारी थाना क्षेत्र के बुमतेल गांव निवासी प्रमिला कुमारी पिता महेन्द्र मुण्डा उम्र 20 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका प्रमिला कुमारी पिछले एक महीने से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। शुक्रवार की रात हमलोग सभी परिवार खाना खाकर सोने चले। जब सुबह वह अपने कमरे में नहीं दिखी तो काफी खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया तभी गांव के लोग जब अपने खेतों की ओर जा रहे थे तो देखा की सिकरी नाला रोड के पास आम के पेड़ में रस्सी के सहारे युवती लटकी हुई है। जिसके बाद परिजनों ने शव की पहचान अपने बेटी प्रमिला के रूप में की इधर घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पंहुच कर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गुमला भेज दिया और मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### मछली मारने गए व्यक्ति की बांध में डुबने से हुई मौत

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के टिंनटांग बसाईरटोली गांव में वन विभाग द्वारा बनाए गए अम्बा बांध में डुबने से गांव के सुदेश रौतिया पिता स्वर्गीय ठोल्हा रौतिया उम्र 55 वर्ष की मौत हो गई घटना सुबह 11.30 बजे की है घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बतलाया की रविवार को गांव में सरहुल का पर्व है। सभी ग्रामीण बांध में उतरकर मछली पकड़ रहे थे। वहीं बाहर ही बैठा हुआ था।लेकिन फिर अचानक से बांध में उतर गया और डुबने लगा जिसे देख ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला जिसके बाद उसकी मौत हो गई। इधर ग्रामीणों ने इसकी सूचना चैनपुर पुलिस को दी जिसके बाद चैनपुर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गुमला भेज दिया।

### पंचायत में करोड़ों की लागत से बन रही जलापूर्ति योजना फेल

**पाटन ।** मई के महीना मे भीष्म गर्मी से साथ लू का प्रकोप जारी है। पानी को लेकर ग्रामीण क्षेत्र मे कोहराम मचा हुआ है।जल ही जीवन है।जल के बिना सब अधूरा है।सरकार के द्वारा लगाई गई जन उपयोगी योजना पाटन प्रखंड के किशुनपुर स्थित मौर्य टाड पर निमार्धीन ग्रामीण जलापूर्ति योजना फेल के अवस्था में पड़ा हुआ है। इस योजना से पानी टंकी का निर्माण जल स्वच्छता प्रमंडल मेदनी नगर के तहत कराया गया था। इस पानी टंकी का निर्माण मे कराया गया था।

# डीसी ने डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी गरिमा सिंह ने भारत माता भवन परिसर में बनाये गये डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डिस्पैच सेंटर की विधि व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही चुनाव संबंधित सामग्री, ईवीएम, बज्रगृह, सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे, बैरिकेटिंग व अग्निशमन यंत्र आदि की जानकारी ली। इसके बाद डीसी ने बूथवार मार्किंग, बिजली, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग, सीटिंग अरेंजमेंट, साफ-सफाई आदि का जायजा लिया। उन्होंने पोलिंग पार्टी, सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस ऑफिसर के बैठने समेत मेडिकल टीम के लिए चिह्नित स्थल का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर में सभी आवश्यक सुविधाओं के अलावा सफाई, पेयजल, शौचालय, बिजली आदि को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये।



**मौके पर ये लोग थे मौजूद**

निरीक्षण के दौरान आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार कौशल कुमार, भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, कार्मिक कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी उदय कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, गोपनीय शाखा के विशेष कार्य पदाधिकारी श्रेयांश, अंचल अधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो सहित कई लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेस प्रत्याशी ने आखिरी दिन के प्रचार में लगाए जोर

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जैस रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने आज मतदान के प्रचार के आखिरी दिन अपनी सारी ताकत जोक दी। वह चतरा लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार के.एन त्रिपाठी के लिए लोगों से मतदान करते देखे गए । वह उन्होंने मोटरसाइकिल पर बैठकर कई किलोमीटर का फासला तय किया उनके पीछे और उनके साथ कांग्रेसियों की एक भारी संख्या मोटरसाइकिल पर मौजूद थी। वो ग्रामीण क्षेत्र से गुजरी। 18 मई को भारत के चुनाव आयोग के द्वारा शाम से प्रचार प्रसार बंद कर दिया जाता है। चतरा लोकसभा का चुनाव एक सीधी टक्कर के रूप में देखा जा रहा है। यह सीधा टक्कर भाजपा के कालीचरण सिंह और कांग्रेस के के एन त्रिपाठी के बीच है। यह देखता दिलचस्प होगा कि 20 मई को यहां मतदान का प्रतिशत जा रहा। लोकसभा चुनाव अपने चरम सीमा पर है, ही दूसरी ओर गर्मी का भी असर चरम सीमा को छू रहा है।

## लोकतंत्र में हर नागरिक को मतदान का अधिकार : विधायक



नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** पांकी प्रखंड के केकरगढ़ पंचायत के बुथ संख्या 323 के ग्रमीणों के द्वारा कुछ दिन पहले वोट बहिष्कार करने का निर्णय लेने की खबर राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद शनिवार को सुबह पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता गरिहारा गांव पहुंचे। गरिहारा के ग्रामीणों ने बैठक कर लोकसभा चुनाव में वोट नहीं देने का निर्णय लिया था, जिसे सूचना पर पांकी विधायक गरिहारा गांव पहुंच कर ग्रामीणों को मतदान के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कहा लोकतंत्र में हर नागरिक को मतदान का अधिकार है। मतदान अवश्य करें। यह आपका मौलिक अधिकार है। विधायक डॉक्टर शशिभूषण मेहता के पहल व पलामू उपायुक्त से सड़क पुल, पुलिया जैसी मूलभूत सुविधाओं के आश्वासन पर मतदान के लिए गरिहारा के ग्रामीणों ने सहमति दी है। उपायुक्त ने रिलोकेट किये गये मतदान केन्द्र जोलहबिगहा तक आवागमन हेतु वाहन उपलब्ध कराने की बात कही है। मौके पर प्रो० बच्चन ठाकुर, कामेश यादव, बिनोद यादव, पप्पू यादव, राजकुमार यादव, अमारिक यादव, शंकर यादव, अमरेश यादव, देवंश यादव, बालकिशुन उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## एकल अभियान की बैठक में भाजपा को विजयी बनाने का लिया गया संकल्प

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** एकल अभियान, लातेहार अंचल की एक बैठक अंचल अध्यक्ष अभिनंदन प्रसाद की अध्यक्षता में चंदनडीह स्थित कार्यालय में आयोजित की गयी। बैठक में बतौर मुख्य केंद्रीय अभियान प्रमुख सह राष्ट्रीय महामंत्री ललन शर्मा ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए ललन शर्मा ने कहा कि आगामी 20 मई को तीन लोकसभा क्षेत्रों में मतदान है। इस चुनाव में अधिक से अधिक लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित करना हम सभी का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले मतदान फिर जलपान के लिए सभी को प्रेरित करें। ललन शर्मा ने आगे कहा कि हमें राष्ट्रहित में भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है।



**बैठक में ये लोग रहे मौजूद**

बैठक में मौजूद सभी लोगों ने भाजपा को विजयी बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान केंद्रीय ब्यास प्रमुख देवकी नंदन दास, हरि कथा योजना के केंद्रीय आचार्य प्रशिक्षण दिलेश्वर यादव, अंचल उपाध्यक्ष संजय कुमार तिवारी, गया प्रसाद, मनमोहन राम संतोष कुमार पासवान, राजधानी यादव, नरेंद्र प्रसाद सिंह, रामहरि प्रसाद, रमेश प्रसाद गुप्ता, रमेश पांडेय, रानी कुमारी, उषा देवी, राजकिशोर यादव, राजनाथ उरांव, बबलू कुमार, अर्जुन सिंह, रविंद्र पांडेय, श्यामलाल यादव, महेंद्र सिंह, राहुल कुमार व ओमप्रकाश पासवान आदि मौजूद रहे।

## उर्स के मौके पर आज सजेगी कव्वाली की महफिल

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में हिंदू -मुस्लिम आस्था का केन्द्र दाता पीर बक्श शाह का सालाना उर्स के मौके पर कव्वाली की शानदार महफिल रविवार को सजेगी। इस मौके पर देश के मशहूर कव्वाल शाहरुख साबरी और कव्वाला सबा रंगीली के बीच शानदार मुकाबला होगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। इसकी जानकारी देते हुऐ। उर्स कव्वाली कार्यक्रम के संयोजक सैयद जक्की हुसैन उर्फ शम्मू रिजवी, कार्यक्रम के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एजाज आलम ने बताया कि कव्वाली कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी सह जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह और संयोजक इब्राहिम सेठ के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा, उन्होंने बताया कि करीब सौ वर्षो से दाता साहब के मजार पर उर्स मनाने की परम्परा कायम है। इस मौके पर हजारों की संख्या में हिन्दू -मुस्लिम समाज के लोग पहुंचकर चादरपोशी और फतेहा कर अपनी अपनी मन्नत मांगते है।

# डीसी ने मनातू व पांकी के इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम एवं बूथों का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चतरा संसदीय सीट पर चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने पांकी विस क्षेत्र अंतर्गत मनातू में बने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना कार्तिक उरांव उच्च विद्यालय व चक के इलाके में उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय में बने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दोनों ही आईएसआर से अटैच्ड बूथ नं। 1, 2, 3, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17 समेत अन्य बूथों का भी जायजा लिया। डीसी रंजन ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, जलेया में बने बूथों पर स्थानीय बीएलओ से एएसडी लिस्ट व वोटर इनफॉर्मेशन स्लीप के अवितरण सूची की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने शत-प्रतिशत वोटर इनफॉर्मेशन स्लीप को ससमय वितरण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने गर्मी के मद्देनजर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था व टेंट अनिवार्य रूप से लगाने पर बल दिया।




**ग्रामीणों से संवाद कर मतदान के लिए किया प्रेरित**

**अंतरराज्यीय चेक नाका व पुलिस पिकेट का लिया जायजा**

लोकसभा चुनाव को लेकर पांकी विस क्षेत्र अंतर्गत भ्रमण के दौरान आईएसआर व बूथों का निरीक्षण के बाद डीसी शशि रंजन ने चक में बने अंतरराज्यीय चेक नाका व पुलिस पिकेट का जायजा लिया। इस दौरान पिकेट के कुछ जवानों ने डीसी से पंखा लगवाने का अनुरोध किया। इस पर डीसी ने मनातू सीओ को अविलंब पंखा लगवाने के निर्देश दिये। उन्होंने मनातू सीओ से रिजर्व ईवीएम मशीन को सुरक्षित रखने के लिए बने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम से विभिन्न मतदान केंद्रों की दूरी एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। मनातू के बाद उन्होंने पांकी के ताल उच्च विद्यालय में बने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम का भी जायजा लिया। मनातू व पांकी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्थानीय ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें आगामी चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर डीडीसी रवि आनंद, संबंधित बीडीओ-सीओ, सेक्टर पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## केएन त्रिपाठी ने पैदल रोड शो किया लोगों से विजयी बनाने की अपील की

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** चतरा संसदीय क्षेत्र के इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने शुक्रवार की देर शाम लातेहार शहर में पैदल रोड शो किया। रोड शो शहर के पानी टंकी से शुरू होकर मुख्य पथ होते हुए चाणक्यनगरी तक गया। रोड शो के दौरान केएन त्रिपाठी ने लातेहार वासियों से उन्हें विजयी बनाने की अपील की। त्रिपाठी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी व भाजपा संविधान बदलना चाहती है। लेकिन इंडिया गठबंधन ऐसा नहीं होने देगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए वह हिंदुमुसलमान का खेल खेल रही है।



**भाजपा पर देश को बांटने आरोप लगाया**

मौके पर मौजूद स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम ने भी भाजपा पर देश को बांटने की राजनीति करने का आरोप लगाया। कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने देश के जनता को जुमलों के अलावा कुछ नहीं दिया। आज पूरे देश में बेरोजगारी व महंगाई चरम पर है। लेकिन केंद्र सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। पिछले दस सालों में मोदी सरकार ने कितनों को नौकरी दी है, यह सब जानते हैं। इस बार केंद्र से भाजपा की इस सरकार का जाना तय है। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, राजद जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव, शमशुल ओहदा, मोहर सिंह यादव, पंकज वितारी, आफताब आलम,अंकित पांडेय, वारिश अंसारी, गोपाल त्रिपाठी, सौरव पाठक, मोनू सिंह, अरूण पाठक, अविनाश विश्वकर्मा, निरज रजक, राहूल प्रजापति, दीपक कुमार, रंजीत कुमार, बबलू प्रजापति सहित अन्य मौजूद रहे।

## मेडिकल कॉलेज में पानी की समस्या को हल किया गया

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज में पानी की समस्या को हल कर लिया गया है। इस मेडिकल कॉलेज में अब पानी पाइप के द्वारा कचरवा डेम से पहुंचना शुरू हो गया है। मेडिकल कॉलेज के प्रांगण में एक ढाई लीटर की टंकी है जिसे कचरवा डैम से पाइप के मदद से पानी भरा जा रहा है। यह काम पिछले तीन दिनों से सफलतापूर्वक हो रहा है इसके अतिरिक्त छत पर 3 ,3 हजार लीटर के पानी की टंकियां हैं । इन टंकियां में भी पानी आसानी से भरा जा रहा है यह जानकारी मेडिकल कॉलेज के एक वरीय कर्मी श्री दीपक कुमार पांडे ने दी। पूरा मेडिकल कॉलेज जो आज से एक हफ्ता पहले तक पीने के पानी की किल्लत से पूरी तरह जूझ रहा था।अब इस मेडिकल कॉलेज के पास पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।



मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने पानी की इस बेहतर सुविधा और उपलब्धता के लिए मेदिनीनगर नगर निगम के आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन और उनकी टीम को धन्यवाद कहा है।मेदिनीनगर नगर निगम ने कचरवा डैम से पानी के पहुंचने का यह काम जो पिछले 5 वर्षों से लटका चला आ रहा था उसे आखिरकार पूरा कर दिया और अब इस मेडिकल कॉलेज के जमीन के पानी की टंकी जिसे समप कहा जाता है ढाई लाख लीटर पानी इसमें कचरवा डैम से एकत्रित किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज ने मानवीय दृष्टिकोण को अपनाते हुए नगर निगम से आने वाले पानी के दो टैंकर को यह जानकारी दे दी है कि अब उनके मेडिकल कॉलेज में पानी की किल्लत नहीं है। अतः वे यह दो पानी की टैंकर उन जगह में देने के लिए स्वतंत्र है जहां पानी की किल्लत है।

## माओवादी का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार, कई राज उगले



नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के 15 लाख के इनामी नीतेश यादव के दस्ते में शामिल नक्सली कामेश्वर यादव उर्फ धनराश यादव उर्फ धनराज यादव को छतरपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके घर आने की सूचना पर जिले के पांडू थाना क्षेत्र के खैरा मंगरदाह में छापामारी कर उसे गिरफ्त में किया है। माओवादी कामेश्वर 23 अगस्त 2023 को महुदंड से काला पहाड़ के बीच बन रही पक्की सड़क में लगे मुंशी एवं मजदूरों के साथ मारपीट की थी व निर्माण में लगे सात से आठ वाहनों को जला दिया था। यह घटना छतरपुर थाना क्षेत्र की है।।

छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम ने पत्रकारों को बताया कि महुदंड से काला पहाड़ के बीच सड़क निर्माण में आगजनी, मारपीट में शामिल चार माओवादियों को अबतक गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले हरिहर यादव और राकेश्वर यादव उर्फ विनोद यादव को गिरफ्तार किया गया था, जबकि चतरा के प्रतापपुर थाना पुलिस ने दो दिन पहले बबन भोक्ता उर्फ बबन गंझू को गिरफ्तार किया है। बबन की निशानदेही पर कामेश्वर यादव को गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि आगजनी की घटना को 15 लाख के इनामी माओवादी नीतेश यादव के दस्ते ने अंजाम दिया था और उसमें कामेश्वर यादव भी शामिल था। माओवादी कामेश्वर ने कई महत्वपूर्ण जानकारी दी है, जिसके आधार पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। साथ ही घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उन्होंने कहा कि कामेश्वर यादव शीर्ष माओवादी कमांडर नीतेश यादव का करीबी है।

# बेतला नेशनल पार्क के पास सड़क के किनारे अजगर पाया गया

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला नेशनल पार्क के अंतर्गत सड़क के नंबर तीन के किनारे पानी के एक स्रोत में अजगर सांप पाया गया। इसका पूरा शरीर पानी के अंदर था इसने पानी में किसी चिड़िया को खाने का प्रयास कर रहा था। अजगर को बेतला नेशनल पार्क के एक वनरक्षक निरंजन कुमार ने देखा उन्होंने बताया कि चुके यह अजगर सांप पानी में था और किसी पानी की चिड़िया को खा रहा था। तो उन्होंने इस समय इस सांप को भगाने की कोशिश नहीं की। बल्कि जब वह फिर उसी स्थान पर यानी रोड नंबर 3 या सड़क नंबर तीन पर पहुंचे तो वह सांप उस समय उस पानी के स्रोत में नहीं था । यह अजगर सांप रॉक अजगर कहलाता है रॉक मतलब चटना इस लिए लोग इसे रॉक चटनी अजगर कहते हैं जो पहाड़, पत्थर और चट्टान के बीच में होता है।



इसकी लंबाई लगभग 8 फीट के रही होगी। यह बहुत ही दिलचस्प बात रही के अजगर सांप भी पानी से बेहाल होने के कारण इस पानी के स्रोत में बहुत देर तक रहा लेकिन इस पानी के स्रोत से वह तभी निकल जब उसने पानी की चिड़िया के भोजन को समाप्त नहीं कर लिया। यह देखा गया है कि जब भी अजगर सांप किसी भी स्थान से गुजरता है या रहता है तो उस समय पेड़ पौधे पर बैठी चिड़िया, बंदर, लंगूर कुछ ना कुछ ऐसी आवाज पैदा करने लगते हैं जो दूसरे जानवरों को यह संकेत दे जाता है कि कोई बड़ा सांप गतिमान है। चुके यह अजगर पानी के स्रोत में था शायद इस वजह से उस पानी के स्रोत के पास बंदर या लंगूर नहीं पहुंचे। अजगर सांप पलामू टाइगर रिजर्व में एक अच्छी खासी संख्या में है पलामू टाइगर रिजर्व के अधिकारियों और कर्मियों ने लोगों को सांप के प्रति काफी जागरूक किया है। अब पहले जैसी बात नहीं रही कि सांप देखते ही लोग डंडा, भाला ले कर दौड़ पढ़ते हैं। अब लोग सांप देखने पर पलामू टाइगर रिजर्व के कर्मियों को फोन करते हैं उनसे मदद मांगते हैं और गुहार लगाते हैं कि उनके घर ,दरवाजे, दुकान इत्यादि यदि कोई जहरीला या गेर जहरीला सांप भी है। तो वह उसे आकर रेस्क्यू करें। पलामू टाइगर रिजर्व की टीम सांपों की तरह की रेस्क्यू पर प्रायः प्रत्येक महीने एक या दो किया करती है।

## रेलवे कर्मियों ने मालगाड़ी के ब्रेक में लगी आग पर काबू पाया



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन के अधिकारियों और कर्मियों ने इस भीषण गर्मी की चौथी आग लगी की घटना को सफलतापूर्वक काबू पा लिया। 58 वैगन कोयले से लदी मालगाड़ी के ब्रेक वैन से 32वें वैगन में कोयले में आग लगी देखी गई। डालटनगंज रेलवे स्टेशन के अधिकारियों ने तत्काल इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दिए। फायर ब्रिगेड ने ब्रेक वैन से 32वे नंबर की कोयले की बैगन में लगी आग को बुझाने का काम शुरू कर दिया और 30, 35 मिनट की कड़ी मकसद के बाद इस कोयले से लदी वैगन की आग पर काबू पा लिया गया । यह 58 वैगन की कोयल लदी मालगाड़ी फूल बसिया कोल्ड साइडिंग से रवाना हुई थी जिसमें 32वे वैगन पर आग की लपटे कोयले से उठ रही थी। आग बुझने के पश्चात इस 58 वैगन वाले कोयले से लदी ट्रेन को डालटनगंज रेलवे स्टेशन से चोपन रेलवे स्टेशन के लिए रवाना कर दिया गया। इस आग लगी की घटना फायर ब्रिगेड के द्वारा आग पर काबू पाना इस मालगाड़ी को चोपन के रवाना हो जाने की पुष्टि डालटनगंज रेलवे स्टेशन की अधीक्षक श्री उमेश कुमार ने दी।

## बीएयू कुलपति डॉ एससी दुबे आईसीएआर की गवर्निंग बॉडी के सदस्य मनोनीत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के कुलपति डॉ एससी दुबे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) सोसाइटी की आम सभा और शासी निकाय के सदस्य मनोनीत किए गए हैं। केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा आईसीएआर सोसाइटी की आम सभा के अध्यक्ष हैं, जबकि आईसीएआर के महानिदेशक डॉ हिमांशु पाठक समिति के शासी निकाय के प्रमुख हैं। आईसीएआर सोसाइटी में देश के पांच कृषि विश्वविद्यालय के कुलपतियों को भी सदस्य मनोनीत किया जाता है। सोसाइटी की आम सभा की बैठक वर्ष में एक बार, जबकि शासी निकाय की बैठक त्रैमासिक होती है। वर्ष 1929 में स्थापित आईसीएआर कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा में विज्ञान एवं




प्रावैधिकी को प्रोत्साहित करने वाली देश की शीर्ष संस्था है। शिक्षण, अनुसंधान, परियोजना प्रबंधन एवं प्रशासन के क्षेत्र में 35 वर्षों का अनुभव रखने वाले डॉ दुबे ने इस वर्ष जनवरी में बीएयू के कुलपति का पदभार ग्रहण किया था। इसके पूर्व वे आईसीएआर मुख्यालय, नई दिल्ली में सहायक महानिदेशक (पौधा संरक्षण एवं बायोसेफ्टी) के पद पर कार्यरत थे।




# कांग्रेस आलाकमान के खिलाफ अधीर रंजन का विद्रोही तेवर

**एजेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा के पांच बार के सदस्य अधीर रंजन चौधरी ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस के साथ पार्टी के चुनाव बाद के संबंधों के मुद्दे पर आलाकमान के खिलाफ विद्रोही तेवर दिखाया। पार्टी के भीतर आंतरिक कलह की जड़ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का शनिवार को लखनऊ में मीडियाकर्मियों को दिया गया वह बयान है, जिसमें उन्होंने कहा था कि चुनाव के बाद सरकार गठन के लिए उठाए जाने वाले कदमों का फैसला चौधरी नहीं करेंगे। खरगे ने कहा कि जरूरत पड़ने पार्टी आलाकमान फैसला करेगा।






खरगे ने कहा था कि नेताओं को पार्टी आलाकमान के फैसले के अनुरूप चलना होगा या उन्हें पद छोड़ना होगा। चौधरी ने खरगे के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी का सदस्य होने के नाते वह आलाकमान का हिस्सा हैं। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस आलाकमान तृणमूल कांग्रेस और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रति नरम रुख अपना सकता है, लेकिन चौधरी इसे स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। उधर, तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व ने खरगे की टिप्पणी के हवाले से यह कहना शुरू कर दिया है कि पश्चिम बंगाल में उनकी पार्टी ही भाजपा का मुकाबला कर सकती है।

गौरतलब है कि शुक्रवार को चौधरी ने चुनाव के बाद संभावित इंडिया ब्लॉक की सरकार को बाहर से समर्थन देने पर मुख्यमंत्री की टिप्पणियों पर कठोर प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। उन्होंने कहा, "मुझे उन पर भरोसा नहीं है। वह इंडिया गुट से अलग हैं। अब वह हमारे साथ मिलने की कोशिश कर रही हैं, क्योंकि उन्हें एहसास है कि हम राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत हो रहे हैं।

# महाराष्ट्र में इंडी आघाड़ी को मिलेंगे 46 सीटें : खरगे

**एजेंसी**

**मुंबई।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने शनिवार को मुंबई में कहा कि देश की जनता भाजपा की तोड़फोड़ से नाराज है। इसका असर देश में चल रहे लोकसभा चुनाव में देखने को मिल रहा है।

मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि महाराष्ट्र में इंडी आघाड़ी को 48 में से 46 सीटें मिलने वाली हैं। वह इंडी आघाड़ी की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार, शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे की मौजूदगी में मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि देश की जनता भाजपा की गतिविधियों, तोड़फोड़ की नीति से नाराज है। इंडी आघाड़ी भाजपा की तोड़फोड़ नीति और अत्याचारी कुप्रबंधन के खिलाफ लड़ रहा है। खरगे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 30 लाख सरकारी नौकरियों, महालक्ष्मी योजना के तहत गरीब महिलाओं को 1 लाख रुपये प्रति वर्ष देने, 25 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा, कृषि पर जीएसटी हटाने, ऋण माफी, जीएसटी के स्थान पर एक ही दर की नया सीधा जीएसटी लागू करने की गारंटी दी है।

# तुष्टीकरण के लिए हिंसा फैला सकते हैं मौकापरस्त नेता: पीएम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन दिल्ली को तबाह करने में जुटा है, ये लोग दिल्ली को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। उन्होंने विपक्षी गठबंधन को मौका परस्त गठबंधन बताते हुए कहा कि ये मौकापरस्त गठबंधन तुष्टीकरण के लिए देश में हिंसा भी फैला सकता है। जब सीएए कानून आया था, तब इन्होंने दिल्ली को महीनों के लिए बंधक बना दिया था। पहले रास्ते रोके, फिर दंगे कराए, लेकिन आज पूरा देश देख रहा है कि इनके झूठ का पदार्फाश हो चुका है। दिल्ली में वर्षों से रह रहे शरणार्थियों को भारत की नागरिकता मिल रही है। इनके घोषणापत्र में भी मुस्लिम लीग की छाप नजर आ रही है। कांग्रेस के शहजादे लोगों की संपत्ति छीनकर अपने वोट बैंक को देना चाहते हैं।

पीएम मोदी ने पिछले 10 वर्षों में दिल्ली में किए गए विकास कामों को गिनाते हुए कहा कि एक तरफ भारत सरकार दिल्ली का चौतरफा विकास कर रही है, दिल्ली के हर गरीब और मध्यम वर्ग के व्यक्ति के जीवन को आसान बनाने का प्रयास कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ इंडी गठबंधन दिल्ली को तबाह करने में जुटा है। ये लोग लगातार राजनीति का पतन करने के लिए और करोड़ों देशवासियों का भरोसा तोड़ने के लिए जिम्मेदार हैं।



## दिग्गजों ने किया होम वोटिंग



पूर्व उपप्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी ने नई दिल्ली स्थित आवास में डाला डाक मत।



पूर्व केंद्रीय व भाजपा नेता मंत्री मुरली मनोहर जोशी ने अपने आवास पर किया मतदान।



पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर उनके आवास पर लोकसभा चुनाव के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से वोट डालने के बाद अपनी अमिट स्याही लगी उंगली दिखाती हुईं।



पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी अपने आवास पर लोकसभा चुनाव के लिए पोस्टल वोट डाला।



पूर्व प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह नई दिल्ली में अपने आवास पर डाक मतपत्र के माध्यम से वोट डाला।

**सीएए कानून आया था, तब इन्होंने दिल्ली को महीनों बंधक बना लिया, दंगा भी कराया**

## शिवसेना के संजय राऊत के खिलाफ केस दर्ज

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में आपत्तिजनक बयानबाजी करने पर शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राऊत के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अहमदनगर जिले के कोतवाली पुलिस स्टेशन में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद संजय राऊत की मुसीबतें बढ़ने की जोरदार चर्चा है। महाविकास अघाड़ी के उम्मीदवार नीलेश लंके का चुनाव प्रचार करने के लिए 8 मई की शाम को अहमदनगर शहर के क्लाराब्रस मैदान में एक सभा हुई थी। इसी सभा में संजय राऊत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध बयानबाजी की थी। इसके बाद चुनाव आयोग ने पुलिस को इस संबंध में मामला दर्ज करने का निर्देश दिया। स्थानीय पुलिस अब इस मामले की गहन छानबीन में जुटी है।

# हमारी लड़ाई किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं, भाजपा के खिलाफ : उमर अब्दुल्ला

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के बारामूला लोकसभा क्षेत्र से नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उम्मीदवार और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि भाजपा के खिलाफ है। क्षेत्र में चुनाव प्रचार करते हुए उमर ने कहा, इस चुनाव में भाजपा के पास कोई उम्मीदवार नहीं है, इसलिए जो कोई भी नेशनल कॉन्फ्रेंस और इंडिया ब्लॉक के खिलाफ चुनाव लड़ रहा है, वह भाजपा को फायदा पहुंचा रहा है। उन्होंने बताया कि चुनाव में घाटी से इंडिया ब्लॉक के तीन आधिकारिक उम्मीदवार हैं। दक्षिण कश्मीर से मियां अल्ताफ अहमद, मध्य कश्मीर से आगा रुहुल्ला मेहदी और उत्तरी कश्मीर से मैं। 18 विधानसभा क्षेत्रों वाली बारामूला लोकसभा सीट पर कड़ी टक्कर है। पार्टी अपनी जीत की संभावनाओं को मजबूत करने के लिए बडगाम, बीरवाह और बांदीपोरा जैसे क्षेत्रों में शियाओं का समर्थन हासिल करने का प्रयास कर रही है।



*चुनाव में घाटी से इंडिया ब्लॉक के 3 आधिकारिक उम्मीदवार हैं।*

आर्थिक रूप से पिछड़े कुपवाड़ा में नेशनल कॉन्फ्रेंस के एक समर्थक ने कहा, उमर अब्दुल्ला एक बड़े नेता हैं और अतीत में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री रह चुके हैं, लोगों को उनसे बहुत उम्मीदें हैं, हम चाहते हैं कि वह चुनाव जीतें और इस क्षेत्र के लोगों के लिए काम करें।"


मतदान की तारीख निकट आते ही सभी की निगाहें केंद्र शासित प्रदेश के लिए लोकसभा चुनाव परिणामों पर टिकी हैं। ये परिणाम यहां के राजनीतिक भविष्य की दशा व दिशा तय कर सकते हैं।

# पाकिस्तान गलती करेगा तो बुंदेलखंडी तोप का गोला देगा जवाब : अमित शाह

## बेटे-बेटियों के लिए राजनीति करने वाले कभी देश का भला नहीं कर सकते

**एजेंसी**

**ललितपुर (यूपी)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक चुनावी जनसभा में कहा कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने और उत्तर प्रदेश के विकास की शुरूआत हुई। एक जमाना था जब उत्तर प्रदेश में देशी कट्टे बनते थे लेकिन मोदी ने बुंदेलखंड में डिफेंस कॉरिडोर बनाया, अब यहां तोप के गोले बनते हैं। पाकिस्तान ने अगर कोई भी गलती की तो ये बुंदेलखंडी गोला पाकिस्तान पर गिरेगा। भाजपा उम्मीदवार अनुराग शर्मा को जिताने की अपील करते हुए शाह ने कहा कि इस भूमि ने मुगलों के सामने भी लड़ाई लड़ी और अंग्रेजों के सामने भी। अब हमारे देश में मौजूद देशी अंग्रेजों के खिलाफ भी बुंदेलखंड को लड़ाई लड़नी है।



*अब डिफेंस कॉरिडोर बन गई है बुंदेलखंड की नई पहचान*

उन्होंने कहा कि बेटे-बेटियों के लिए राजनीति करने वाले देश का भला नहीं कर सकते।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने झांसी-ललितपुर लोकसभा क्षेत्र के जनसभा में कहा कि एक जमाने में बुंदेलखंड से बाहुबली पूरे देश में जाते थे। आप तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बना दीजिए, हमारा बुंदेलखंड यहां से बाहुबली की जगह उद्योगपति पूरे देश में भेजने का काम करेगा। ये चुनाव देश के विकास का चुनाव है। ये चुनाव देश को सुरक्षित करने का है। ये चुनाव हमारे धर्म और संस्कृति के रक्षण का चुनाव है। ये चुनाव भारत को महान बनाने का चुनाव है। ये चुनाव देश के गरीबों का कल्याण करने का चुनाव है और ये चुनाव बुंदेलखंड की प्यास बुझाने का चुनाव है।

# कुछ दिनों में कांग्रेस विलुप्त व सपा हो जायेगी समाप्त पार्टी: राजनाथ सिंह

**एजेंसी**

**बस्ती।** भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ दिनों बाद कांग्रेस विलुप्त और सपा समाप्त पार्टी हो जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में अब जल्द ही राम राज्य स्थापित होगा। उन्होंने यह बातें शनिवार को बस्ती लोकसभा क्षेत्र के हरैर्या विधानसभा में कंपोजिट विद्यालय जूनियर हाई स्कूल परिसर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री मोदी एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक संस्था है। देश में 52 सालों तक कांग्रेस ने अपनी सरकार चलाई, उस दौरान उन्होंने गरीबी की बात तो की लेकिन गरीबी का उन्मूलन नहीं किया।



*मोदी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया*

रक्षा मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया है,जबकि कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी कहते थे कि मैं दिल्ली से सौ रूपया भेजता हूं तो जनता तक सिर्फ 15 रुपए ही पहुंचता है। ऐसे में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपने कार्यकाल में उन्होंने रुपए सौ भेजे तो रुपए सौ ही जनता को मिले।

## लोकसभा चुनाव 2024 | छठे चरण में 25 को होगा मतदान, मतगणना 4 जून को

# 8 राज्यों की 58 सीटों पर 889 उम्मीदवार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में दिल्ली, हरियाणा सहित आठ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीटों पर 25 मई को मतदान होगा। इस चरण में 889 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसमें एक अनंतनाग-राजौरी सीट भी है, जहां तीसरे चरण के स्थान पर छठे चरण में मतदान होगा। चुनाव आयोग के मुताबिक दिल्ली, हरियाणा, बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड समेत सात राज्यों की 57 लोकसभा सीटों के लिए 1978 नामांकन प्राप्त हुए थे। छठे चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों के लिए सबसे अधिक 470 नामांकन प्राप्त हुए हैं। इसके बाद हरियाणा की 10 सीटों के लिए 370 नामांकन किए गए हैं। रांची लोकसभा सीटों के लिए 70 और नॉर्थ ईस्ट दिल्ली सीट के लिए 69 नामांकन प्राप्त हुए थे। इस चरण में औसतन 15 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राज्यवार आंकड़ों की बात करें तो बिहार की 8 सीटों के लिए 86, हरियाणा की 10 के लिए 223, जम्मू-कश्मीर की एक के लिए 20, झारखंड की चार सीटों के लिए 93, दिल्ली की 7 सीटों के लिए 162, ओडिशा की 6 सीटों के लिए 64, उत्तर प्रदेश की 14 सीटों के लिए 162 और पश्चिम बंगाल की 8 सीटों के लिए 69 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसके बाद सातवें चरण की वोटिंग 1 जून व मतगणना 4 जून को है।



## छठे चरण में 900 नामांकन वैध पाए गए

जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी सीट पर मतदान छठे चरण में 25 मई को है। छठे चरण के लिए 6 मई नामांकन की अंतिम तारीख थी। सभी नामांकन की जांच के बाद 900 नामांकन वैध पाए गए। अनंतनाग सीट पर 28 नामांकन किए गए थे, जिसमें से 21 वैध पाए गए।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com